मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 26 | अंक : 260

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, शुक्रवार 11 अगस्त, 2023

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



पेज 12

मुख्यमंत्री ने बिड़ला सभागार में आयोजित मुफ्त मोबाइल वितरण योजना समारोह में की बड़ी घोषणा

# 1.40 करोड़ घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं का फ्यूल सरचार्ज माफ



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनावी समय को देखते हुए मास्टर स्ट्रोक चलाया है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। उन्होंने बिजली बिल पर लगने वाले फ्यूल चार्ज को माफ कर दिया है। बिड़ला सभागार में गुरुवार को इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले 200 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया गया था। अब सभी कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को फ्यूल चार्ज माफ कर दिया गया है। अब घरेलू और कृषि बिजली उपभोक्ताओं को फ्यूल सरचार्ज नहीं देना होगा। सरकार फ्यूल सरचार्ज की 2500 करोड़ रुपए की राशि खुद वहन करेगी। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों को अपना सॉफ्टवेयर डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि घोषणा के अनुसार उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने पहले राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट और किसानों को 2000 यूनिट तक बिजली प्रतिमाह निशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके बाद घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट तक फ्यूल सरचार्ज और अन्य शुल्क समाप्त किए थे। अब इसका दायरा और बढ़ाते हुए समस्त घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए फ्यूल सरचार्ज समाप्त करने की घोषणा की है।

## ‘ओबीसी आरक्षण बढ़ाया जाए’

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर ओबीसी आरक्षण पर कहा कि राजस्थान में 21 फीसदी ओबीसी का आरक्षण है। जब आरक्षण में 50 फीसदी की अधिकतम सीमा थी, तब हमने ट्राइबल का 6 से 12 फीसदी किया और 8 से 16 फीसदी अनुसूचित जाति का किया गया। साथ ही ओबीसी का 21 फीसदी आरक्षण किया गया। ओबीसी में पिछड़ी जातियां भी हैं और अति पिछड़ी जातियां भी शामिल हैं। ऐसे में उनका अलग से सर्वे होगा। इसके लिए 27 फीसदी में उनका अलग से करेंगे। पहले 50 फीसदी तक आरक्षण का राइडर था। इसलिए सरकार चाहकर भी नहीं कर पाई थी, लेकिन अब वह समाप्त हो गया है। सीएम ने आगे कहा कि इससे अति पिछड़ी जातियों को शिक्षा और सरकारी क्षेत्र में सेवा के अधिक मौके मिल सकेंगे।

**प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल बिजली उपभोक्ता | : 1 करोड़ 52 लाख |
| घरेलू बिजली कनेक्शन | : 1 करोड़ 24 लाख |
| कृषि बिजली कनेक्शन | : 16 लाख |
| घरेलू और कृषि बिजली कनेक्शन की कुल संख्या | : 1 करोड़ 40 लाख |
| कॉमर्शियल एंड इंडस्ट्रियल कनेक्शन की संख्या | : 12 लाख |

## भाजपा की सभाओं में कुर्सियां खाली होने से वसुंधरा राजे को फायदा

सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अभी पीएम मोदी की सभाएं हो रही हैं, जिनमें कुर्सियां खाली रही थीं, जबकि राहुल गांधी की सभा में लोगों के ओर का पता था ना छोर का। ऐसे में भाजपा की सभाओं में उनकी कुर्सियां वसुंधरा राजे ही भर सकती हैं। अगर वसुंधरा राजे को कमान दी जाए तो उनकी कुर्सियां खाली नहीं रहेंगी।



## ‘जोशी के बयान ने तोड़ा पुलिस का मनोबल’

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के पुलिस को लेकर दिए बयान पर भी सीएम गहलोत ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष जोशी अपना पूरा नाम नहीं लिखते हैं। उन्हें अपना पूरा नाम लिखना चाहिए, क्योंकि राजस्थान में सीपी जोशी नाम से एक ही हैं और वे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी हैं। गहलोत ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने पुलिस को लेकर जो बयान दिया है, उससे पूरा पुलिस महकमा आक्रोशित और नाराज है। उन्होंने पुलिस का मनोबल तोड़ने वाली बात कही है, जबकि यह वह पुलिस है जो हर विषम परिस्थितियों में भी अपनी जान पर खेलकर पीड़ित लोगों की मदद करती है। चाहे बांसवाड़ा में राहुल की सभा में बेहोश हुए को गोद में लेकर जाना या फिर सवाई माधोपुर शहर में आग लगने पर एएसआई का पीड़ित को रेस्क्यू कर दूसरी मंजिल से उतारकर जान बचाना।

लोकसभा में गिरा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

# ‘विपक्ष इंडिया का गठबंधन घमंडिया’



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लोकसभा में गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पर जोरदार चर्चा हुई। अंत में हुई वोटिंग में विपक्षी गठबंधन का अविश्वास प्रस्ताव गिर गया और इसमें मोदी सरकार की जीत हुई। इससे पहले पीएम मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की। इसमें उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इंडिया गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताया। इसी के साथ राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि देश भरोसा रखे, मणिपुर में शांति का सूरज जरूर उगेगा। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद अविश्वास प्रस्ताव को सदन के समक्ष ध्वनिमत से निर्णय के लिए रखा। उससे कुछ समय पहले विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर गया था। विपक्ष की अनुपस्थिति में सदन ने अविश्वास प्रस्ताव को ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

## मणिपुर में फिर शांति का सूरज उगेगा

पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर में अदालत का एक फैसला आया, हम जानते हैं। उसके पक्ष-विपक्ष में जो स्थितियां बनी, हिंसा का दौर शुरू हुआ, परिवारों ने अपने स्वजन खोए, महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए, ये अक्षम्य हैं, दोषियों को सजा दिलवाने के लिए केंद्र-राज्य मिलकर प्रयास कर रहे हैं। जो कोशिशें चल रही हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। हम मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालेंगे, फिर शांति की स्थापना होगी। मणिपुर के लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि वह राज्य फिर विकास पर आगे बढ़े, उसमें कमी नहीं रहेगी। नॉर्थ ईस्ट हमारे जिगर का टुकड़ा है।

## ‘नई दुकान पर कुछ दिनों में ताला लग जाएगा’

प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को शुरू हुई बहस का विस्तार से जवाब देते हुए कहा कि जिन लोगों ने गमले में कभी मूली नहीं उगाई, वे खेतों को देखकर हैरान होते ही हैं। जिन्होंने हमेशा गाड़ी का शीशा डाउन करके दूसरों की गरीबी देखी है, उन्हें सब हैरान करने वाला लग रहा है। इन लोगों को पता है कि इनकी नई दुकान पर कुछ दिनों में ताला लग जाएगा। आज इस चर्चा के बीच देश के लोगों को मैं बड़ी गंभीरता के साथ इस घमंडिया गठबंधन की आर्थिक नीति से भी सावधान करना चाहता हूं। ये घमंडिया गठबंधन ऐसी अर्थव्यवस्था चाहता है कि देश कमजोर हो। जिन आर्थिक नीतियों पर ये आगे बढ़ना चाहते हैं, जिस तरह खजाना लुटाकर वोट पाने का खेल खेल रहे हैं, आप आसपास के देशों में देख लीजिए। हमारे देश के राज्यों में भी इसका असर हो रहा है। चुनाव जीतने के लिए घोषणाएं की जा रही हैं। देशवासियों को सत्य समझाना चाहता हूं कि ये लोग भारत के दीवालिया होने की गारंटी है। ये अर्थव्यवस्था को डुबाने की गारंटी है। यह डबल डिजिटल महंगाई की गारंटी है। ये पॉलिसी पैरालिसिस की गारंटी है। तुष्टीकरण की गारंटी है। मोदी देश को गारंटी देता है कि तीसरे कार्यकाल में देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। लोकतंत्र में जिनका भरोसा नहीं होता, वे सुनाने को तैयार होते हैं, लेकिन सुनने का धैर्य नहीं होता। अपशब्द बोलो, भाग जाओ। कूड़ा-कचरा फेंक भाग जाओ। झूठ फैलाओ, भाग जाओ।

## राहुल पर तंज : इनके दिमाग का हाल देश लंबे समय से जानता है

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ बातें समय पर कहने का अवसर मिलता है। कल यहां दिल से बात करने की बात कही गई थी। उनके दिमाग के हाल को तो देश लंबे समय से जानता है, लेकिन अब उनके दिल का भी पता चल गया। इनका मोदी प्रेम तो इतना जबर्दस्त है कि चौबीसों घंटे सपने में मोदी आता है। अगर पानी पी लें तो कहते हैं कि मोदी को पानी पिला दिया। अगर मैं कड़ी धूप में भी चल पड़ता हूं और पसीना पोंछ देता हूं तो कहते हैं कि मोदी को पसीना ला दिया। मैं कांग्रेस की मुसीबत समझता हूं। इनकी लूट की दुकान है, झूठ का बाजार है। इसमें नफरत है, घोटाले हैं, तुष्टीकरण है, मन काले हैं। तुम्हारी दुकान ने इमरजेंसी बेची है, बंटवारा बेचा है, सिखों पर जुल्म बेचे हैं। शर्म करो नफरत की दुकान वालों, तुमने सेना का स्वाभिमान बेचा है।



## अधीर रंजन चौधरी लोकसभा से निलंबित

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में गहमागहमी हो गई। कांग्रेस नेता रंजन ने मणिपुर हिंसा पर कहा कि जहां राजा अंधा बैठा रहता है, वहां द्रोपदी का चीरहरण होता है। चाहे हस्तिनापुर में हो या फिर मणिपुर में हो, हस्तिनापुर और मणिपुर में कोई फर्क नहीं है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी पर अमित शाह ने आपत्ति जताई। उन्होंने स्पीकर से कहा- पीएम के लिए ऐसे बयान देना गलत है। इन्हें कंट्रोल किया जाए। पीएम पर की गई इस टिप्पणी की वजह से अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। वे सदन से तब तक निलंबित रहेंगे, जब तक विशेषाधिकार समिति उनके खिलाफ अपनी रिपोर्ट पेश नहीं कर देती। कांग्रेस ने अधीर पर इस कार्रवाई को अविश्वसनीय और अलोकतांत्रिक बताया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान कांग्रेस दल के नेता रंजन के आचरण को अमर्यादित और सदन की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव रखा। लोकसभा अध्यक्ष ने जोशी के प्रस्ताव पर मतदान कराया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी।



# उत्तराखंड में भारी बारिश 9 लोगों की मौत

## ऋषिकेश-हल्द्वानी में 31 सेंटीमीटर बारिश, 200 लोगों को किया रेस्क्यू

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश से 9 लोगों की जान चली गई और 12 लोग घायल हो गए। ऋषिकेश-हल्द्वानी में 31 सेंटीमीटर बारिश हुई। ऋषिकेश के धलवाला और खारा इलाके में भी तेज बारिश हुई। एसडीआरएफ ने यहां से देर रात 50 लोगों को रेस्क्यू किया। वहीं हल्द्वानी में पानी में फंसे 150 लोगों को बचाया गया। राज्य के नैनीताल, चंपावत, उधम सिंह नगर और पौड़ी जिले में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इधर दिल्ली में बाढ़ के मामले में हरियाणा सीएम मनोहर लाल खट्टर ने चीफ इंजीनियर संदीप तनेजा को सस्पेंड कर दिया है। संदीप पर आरोप है कि उन्होंने आईटीओ यमुना बैराज के चार गेट नहीं खोले थे, जिस वजह से दिल्ली में बाढ़ आई थी।

### प्रदेश में बारिश के लिए करना होगा 4-5 दिन का इंतजार

**जयपुर।** मानसून पर अब अलनीनो का असर दिखने लगा है। पिछले 10-15 दिनों से बारिश की गतिविधियां थमी हुई हैं। प्रदेशवासियों को अभी बारिश के लिए अगले हफ्ते तक इंतजार करना पड़ेगा। अलनीनो के असर से गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र समेत उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में भी बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। वर्तमान में मानसून की ट्रफ लाइन अभी भी अपनी नॉर्मल पोजीशन से उत्तर दिशा की तरफ बनी हुई है। ये अमृतसर, चंडीगढ़, गोरखपुर, होते हुए पश्चिम बंगाल तक जा रही है। इस कारण अभी बिहार, उत्तर प्रदेश के हिस्सों और हिमालय के तराई वाले इलाकों में बारिश की गतिविधियां जारी हैं।

### जयपुर में छाए रहे हल्के बादल, हवाओं से मौसम ठंडा

जयपुर में दिनभर हल्के बादल छाए रहे और बीच-बीच में सूरज की बादलों से आंख मिचौनी चलती रही। दिनभर चली हवाओं के कारण जयपुर के पारे में उछाल नहीं आया है। जयपुर का अधिकतम तापमान 33.5 और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री दर्ज किया गया।

योजना भवन में मिले करोड़ों रुपए पर ईडी का एक्शन

# डीओआईटी के निलंबित संयुक्त निदेशक चार दिन की ईडी रिमांड पर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ईडी मामलों की विशेष अदालत ने योजना भवन के बेसमेंट में मिले 2.31 करोड़ रुपए की नकदी और एक किलोग्राम सोना से जुड़े मामले में निलंबित चल रहे डीओआईटी के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश यादव को 14 अगस्त तक ईडी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। ईडी ने आरोपी से पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड मांगी थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच अधिकारी से पूछा कि इस साल अब तक कितने मामले दर्ज किए गए हैं। आईओ ने 24 प्रकरण दर्ज होने की जानकारी दी। इस पर अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि ईडी आजकल छोटे-छोटे मामले भी अपने हाथ में लेने लगी है। ऐसे मामले सामान्य भ्रष्टाचार से जुड़े हैं, लेकिन ईडी जांच में शामिल हो जाती है। वहीं आरोपी वेद प्रकाश के रिमांड लेने पर सवाल करते हुए कोर्ट ने पूछा कि जब रुपए और सोने की बरामदगी हो चुकी है और एसीबी आरोप पत्र भी पेश कर चुकी है व आरोपी से कोई बरामदगी नहीं होती है तो फिर उसे रिमांड पर लेने की क्या जरूरत है। इस पर आईओ ने कहा कि आरोपी पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। वहीं बरामद राशि और सोने का स्रोत की जानकारी भी लेनी है। ऐसे में रिमांड की जरूरत है। वहीं ईडी के रिमांड मांगने का विरोध करते हुए वेद प्रकाश के वकील ने कहा कि ईडी ने बुधवार को सुबह सात बजे से रात दस बजे तक आरोपी के आवास पर सर्च की। इस दौरान ईडी ने उससे पूछताछ भी की। वहीं देर रात गिरफ्तार करने के बाद आरोपी रातभर व अपराह्न पौने तीन बजे तक ईडी की हिरासत में रहा है। यदि आरोपी ईडी के अनुसार जवाब नहीं देता तो वह मानकर चलती है कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

## विधायकों ने उठाई मणिपुर से असम राइफल नहीं हटाने की मांग

महानगर संवाददाता

**इम्फाल।** कुकी समुदाय के दस विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से असम राइफल्स (एआर) को मणिपुर से नहीं हटाने का अनुरोध किया है। हाल ही भाजपा की मणिपुर इकाई ने पीएम मोदी से जनता के हित में असम राइफल्स को स्थाई रूप से हटाने और उनकी जगह किसी अन्य अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का अनुरोध किया था। भाजपा विधायकों ने कहा था कि राज्य में चल रही जातीय अशांति का सौहार्दपूर्ण समाधान लाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं।

# कांग्रेस विधायक पर दलित से मारपीट और जूते चटवाने का आरोप

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जिले के जमवारामगढ़ में एक दलित से मारपीट करने और फिर उस पर पेशाब कर जूते चटवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कांग्रेस विधायक गोपाल मीणा और डीएसपी शिवकुमार समेत चार लोगों पर ये आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने इनके खिलाफ जमवारामगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। इधर विधायक मीणा ने इस आरोप को निराधार और झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले उन्हे ब्लैकमेल कर रहे हैं। जांच में सब साफ हो जाएगा। जानकारी के अनुसार घटना 30 जून की है, लेकिन डर की वजह से पीड़ित चुप रहा। गुरुवार को उसने दिल्ली में मीडिया के सामने घटना की जानकारी दी। 51 साल के पीड़ित दलित व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गांव टोडालडी आंधी में जमीन की देखभाल करता है। 30 जून की दोपहर पत्नी के साथ खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान पुलिस वाले आए और उसे कांग्रेस एमएलए गोपाल मीणा के घर ले गए। जहां उन्होंने उसे कमरे में बंद कर दिया। कुछ देर बाद पुलिसवाले कमरे में आए और मारपीट की। इसी दौरान डीएसपी शिव कुमार ने उस पर पेशाब कर दिया। आरोप है कि डीएसपी और अन्य पुलिस कर्मी पीड़ित को हॉल में ले गए। जहां कुर्सी पर बैठे गोपाल मीणा ने जूटे चाटने को कहा। जूटे चाटने के बाद उसे छोड़ा गया। पीड़ित का कहना है कि उसने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इस पर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 27 जुलाई को कोर्ट के माध्यम से जमवारामगढ़ थाने में केस दर्ज करवाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

पीएचक्यू ने जारी किया आदेश, चरित्र सत्यापन में किया जाएगा उल्लेख

# राजस्थान में ‘ऑपरेशन गरिमा’ शुरू, मनचलों की अब खैर नहीं

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ एवं छींटाकशी या अन्य अवांछित कृत्य करने वाले मनचलों की अब खैर नहीं। ऐसे लोगों के विरुद्ध परिवाद के आधार पर निरोधात्मक कार्रवाई में चालान होने पर उनके चरित्र सत्यापन में इसका उल्लेख किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को सभी पुलिस अधिकारियों को ये निर्देश जारी कर दिए हैं। उधर, पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गुरुवार से प्रदेशभर में 10 से 18 अगस्त तक नौ दिवसीय राजव्यापी अभियान ऑपरेशन गरिमा संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन के अनुसार इस संबंध में परिवाद प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाइयों के विवरण की अलग से पंजिका का संधारण किया जाएगा। चरित्र सत्यापन में इस पंजिका के आधार पर महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ एवं छींटाकशी या अन्य अवांछित कृत्य करने की निरोधात्मक कार्रवाई का उल्लेख किया जाएगा। एडीजी ने बताया कि नाबालिगों द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिए जाने की सूचना पर उनके परिजनों को बुलाकर समझाइश की जाएगी।



## सार्वजनिक परिवहन के साधनों में सादा वर्दी में निगरानी रखेंगे पुलिसकर्मी

अतिरिक्त महानिदेशक सिविल राइट्स एवं एएचटी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि राजव्यापी ऑपरेशन गरिमा अभियान के अंतर्गत स्कूल-कॉलेज, सार्वजनिक स्थान, कोचिंग सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा निगरानी की जाएगी। ट्रेन, बस आदि सार्वजनिक परिवहन के साधनों में सादा वस्त्रों में पुलिसकर्मी निगरानी रख कार्रवाई करेंगे।

## स्कूल-कॉलेज, कोचिंग सेंटर पर व्यापक प्रचार-प्रसार

ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत निर्भया स्क्वॉड, मानव तस्करी विरोधी यूनिट और थाना पुलिस की ओर से स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर पर महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं संबंधित जिलों के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और उनकी सजाओं के बारे में आमजन, युवाओं एवं स्कूल कॉलेज के छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। साथ में ऐसी घटनाओं से बचने के उपाय के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## परिवहन अधिकारियों का नहीं छूट रहा सीट से मोह

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** परिवहन विभाग में अधिकारियों का सीट से मोह नहीं छूट रहा है। तबादला होने के बाद भी कई अधिकारियों ने नई जगह ज्वाइनिंग नहीं की है। ऐसे में कामकाज प्रभावित हो रहा है। परिवहन विभाग में दो अगस्त को आरटीओ और डीटीओ के तबादले किए थे। झालाना कार्यालय से सभी डीटीओ का तबादला किया गया था लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने आकर ज्वाइन नहीं किया हैं। जानकारी के अनुसार, ये अधिकारी अपना तबादला निरस्त करवाने के लिए परिवहन मंत्री से लेकर परिवहन आयुक्त के ऑफिस के चक्कर लगा रहे है। तो कुछ ऐसे भी है जो मनचाही पोस्टिंग के लिए कोशिश में लगे हैं।

# कला एवं संस्कृति विभाग ने शहर में 10 जगह आयोजित किए कार्यक्रम फ्लैश मॉब

### लोक कला के रंग में रंगी गुलाबी नगरी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** ढोल का धमाल, कालबेलिया का कमाल, भवाई की भव्यता, अलगोजे की गूंज, लोक नृत्य का लालित्य, तेरहताली में कलाकारों का तालमेल, नजर को ठहराव देने वाला बहुरूपियों का रूप। कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से गुरुवार को जयपुर में लोक कलाकारों द्वारा आयोजित फ्लैश मॉब में कला प्रेमियों को इन सभी लोक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिली। इस दौरान शहरभर में लोक कलाकारों ने लोक कला के रंग बिखेरे। जवाहर कला केन्द्र से सभी कलाकारों के समूह शहर की 10 जगहों पर पहुंचे। पारम्परिक वेशभूषा में तैयार कलाकार जब जयपुर की जमीं पर उतरे तो राजस्थानी संस्कृति का मोहक नजारा देखते ही बनता था। लोक वाद्य यंत्रों की धुन, कलाकारों को नृत्य करता देख दर्शक भी झूमने को मजबूर हो उठे। वहीं बहरूपिया और कठपुतली कला को देख सभी रोमांचित हो उठे।

हवामहल और चांदपोल मेट्रो स्टेशन पर चकरी नृत्य, लोक नृत्य, बहुरूपिया, ढोल, कच्छी घोड़ी, बांकिया और कठपुतली की प्रस्तुति दी गई। बिड़ला मंदिर-अजमेरी गेट पर कलाकारों ने भवाई नृत्य, चंग, बहुरूपिया, ढोल, बांकिया, अलगोजा और कठपुतली की पेशकश की। सिटी पार्क व हाउसिंग बोर्ड चौपाटी पर भी कालबेलिया नृत्य, लोक नृत्य, बहुरूपिया, ढोल, बांकिया और कठपुतली की प्रस्तुति आयोजित की गई।

गौरव टावर-जवाहर सर्किल पर चरी नृत्य, कुचामणी ख्याल, बहुरूपिया, ढोल, बांकिया व कठपुतली की प्रस्तुति हुई। इंडिया गेट, प्रताप नगर-सांगानेर थाना पुलिया के पास तेरहताली, बहुरूपिया, ढोल, कठपुतली की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान लोक कलाकारों संरक्षक प्रदेश है।

### सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनी में बोरिंग खराब होने से पीने के पानी की किल्लत

# सचिवालय विहार में पेयजल के लिए जद्दोजहद, सैकड़ों परिवार परेशान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मानसरोवर स्थित सचिवालय विहार कॉलोनी में पेयजल के लिए स्थानीय लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों की प्यास बुझाने के लिए यहां लगी पानी की मोटर करीब 16 साल पुरानी है। ज्यादा पुरानी होने के कारण मोटर अक्सर खराब होती ही रहती है जिससे सचिवालय विहार में रह रहे दो हजार से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मोटर की देखरेख के लिए भी एक कर्मचारी की नियुक्ति जरूरी है।

ग्रेटर नगर निगम के वार्ड-88 का हिस्सा मानसरोवर रीको कांटे के सामने कल्याणपुरा, सचिवालय विहार सहित कई हिस्सों में बीसलपुर के पानी की पाइपलाइन



डाली जा चुकी है। हालांकि स्थिति ये है कि कहीं प्रेशर कम रहने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता तो कहीं आपूर्ति नियमित नहीं की जाती है। स्थानीय लोगों में शामिल राजकुमार सक्सैना, शंकर लाल कुमावत, नेहरू आचार्य आदि ने बताया कि कॉलोनी में बीसलपुर के पानी की लंबे समय से मांग की जा रही है। अब पाइपलाइन डाले जाने के बाद भी पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

सचिवालय विहार निवासी नंद बिहारी माथुर ने बताया कि कई बार मोटर खराबी की शिकायत हमने निगम ऑफिस व बिजली विभाग के दफ्तर में कराई है हालांकि सरकारी दफ्तरों में आमजन की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। लोगों ने पुरानी मोटर की जगह नई मोटर लगवाने की भी मांग की है ताकि पेयजल आपूर्ति में सुधार हो।

**इनका कहना है...**

**सचिवालय विहार में** एक महीने पहले भी पानी की मोटर खराब हो गई थी। दो दिन तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली। इसके बाद कॉलोनीवासियों ने ही एकत्रित होकर मोटर को सही करवाया जिसके बाद पानी की व्यवस्था ठीक हो पाई थी। आए दिन मोटर का खराब हो जाना आमजन के लिए दु:खदायी है। प्रशासन, निगम व स्थानीय पार्षद को लोगों की समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है।
**-राजकुमार सक्सैना, रिटायर्ड**

**कॉलोनी में** डाली गई बीसलपुर की पाइपलाइन पर काम होना जरूरी है। यदि आम लोगों को पानी नसीब ही नहीं हो तो फिर पाइपलाइन डालने का फायदा ही क्या हुआ? पार्षद को कोशिश करनी चाहिए कि जल्द से जल्द कॉलोनी में बीसलपुर योजना के पानी की व्यवस्था कराए।
**-शंकर लाल कुमावत, स्थानीय निवासी, सचिवालय विहार**

# समाजसेवी रेखा शर्मा ने उपहार के रूप में बच्चों में बांटी खुशियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं 103 की कार्यकर्ता एवं समाजसेवी रेखा शर्मा ने मुस्कान संस्थान के बच्चों के बीच केक काटकर अपना 46वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महानगर टाइम्स के संस्थापक संपादक डॉ. गोपाल शर्मा ने पौधरोपण किया और पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। मुस्कान संस्थान की संस्थापक सरिता शर्मा, दीपक शर्मा, अग्रवाल समाज के समाजसेवी रामावतार अग्रवाल ने डॉ. गोपाल शर्मा का साफा, माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया।



इससे पहले स्टार सोशल ग्रुप स्वस्थ जयपुर, ग्रीन जयपुर एवं प्रदूषण मुक्त जयपुर, डेंगू मुक्त जयपुर जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभा रही रेखा शर्मा ने एयरपोर्ट के सामने स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों को उपहार, तिरंगा, पौधे वितरित किए। इस अवसर पर जगदीश चन्द्रावत, हरिओम शर्मा, श्याम सैनी, सुरेश पारीक, प्रीति अग्रवाल, अनिता सिंह, मनोज सैनी, बजरंग योगी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे।

## कैंसर विजेता समारोह कल, ओम बिरला करेंगे शिरकत

**जयपुर (मसं)।** भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय में शनिवार को 20वां कैंसर विजेता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह होंगी। समारोह में राजस्थान सहित यूपी, पंजाब समेत चार राज्यों के कैंसर विजेता (सरवाईवर्स) भाग लेंगे। इस मौके पर कैंसर केयर की संरक्षिका सुनीता गहलोत सहित शहर के कई गणमान्य लोग, चिकित्सालय प्रशासन एवं चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे।

### ओपीएस की विसंगतियों को दूर करने की मांग

# शिक्षकों और कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से निकाली रैली

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अशैक्षणिक, सहायक और तकनीकी कर्मचारियों ने गुरुवार को ओपीएस की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से रैली निकाली।

रैली में गांधी टोपी पहनें करीब 800 प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से कुलपति सचिवालय से महात्मा गांधी सर्किल तक पैदल मार्च निकाला।

ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति, राजस्थान के तत्वाधान में चल रहे इस प्रदर्शन में राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, अशैक्षणिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. यशपाल चिराना,




सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश पाठक, तकनीकी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और राजस्थान विश्वविद्यालय अधिकारी संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह शेखावत ने इस रैली का नेतृत्व किया।

डॉ. संजय कुमार ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा घोषित ओपीएस को लागू करने में जो भेदभावपूर्ण तरीका अपनाया गया है, उससे विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश पाठक ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा ओपीएस लागू करने में विश्वविद्यालय कर्मचारियों पर 2 लाख से लेकर 35 लाख तक जमा करने की शर्त लगाई गई है जो कि न्याय संगत नहीं है।

### लैंगिक भेदभाव पर एचजेयू में कार्यशाला

# 'लैंगिक भेदभाव के खिलाफ जागरूकता जरूरी'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में लैंगिक संवेदनशीलता और लैंगिक समानता का पाठ लागू कर महिलाओं व लड़कियों के खिलाफ हिंसा को अस्वीकार्य बनाने की दिशा में हम सभी को मिलकर काम करना होगा। लैंगिक समानता के मूल्यों का समावेश छात्र-छात्राओं को लैंगिक भेदभाव के खिलाफ जागरूक करना है। यह बात गुरुवार को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) और एचजेयू की ओर से विवि के 40 युवा पत्रकारों को जेंडर संवेदनशीलता विषय पर प्रशिक्षित कर क्षमतावर्धन करने वाले चार महीने के प्रोजेक्ट को लॉन्च करते हुए लैंगिक समानता की महत्ता को रेखांकित किया।

यूएनएफपीए और एचजेयू के संयुक्त तत्वावधान एवं लोक संवाद संस्थान के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला में पॉपुलेशन फर्स्ट की सीईओ डॉ. एएल शारदा ने कहा कि समाज में लिंग आधारित रूढ़िवादिता और लैंगिक आधार पर भूमिकाओं के निर्धारण के मुद्दे को संबोधित करने तथा लड़कियों के बीच लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को कम करने की दिशा में इस तरह के पाठ्यक्रम काफी मददगार साबित होंगे। उन्होंने पुरुषों और महिलाओं में सैलरी के अंतर को भी रेखांकित किया। इससे पूर्व एचजेयू के प्रो. डॉ. रतन सिंह शेखावत ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यशाला के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## निकायों में 118 अधिकारियों के तबादले

### ग्रेटर निगम के 14 अधिकारियों को बाहर भेजा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की नगरीय निकायों गुरुवार को में बड़ी संख्या में ट्रांसफर किए हैं। 118 अधिकारियों की जम्बो सूची में आयुक्त, राजस्व अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी रैंक के अधिकारी शामिल है। जयपुर नगर निगम ग्रेटर से लगभग अधिकांश बड़े अधिकारियों को बाहर भेज दिया है। यहां से कुल 14 अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए है। वहीं नगर निगम हेरिटेज से उपायुक्त पूजा मीणा को एक बार फिर झालावाड़ लगाया है। स्वायत्त शासन निदेशालय से जारी सूची में जयपुर नगर निगम ग्रेटर से दीपीका गजराज (आरओ) नगर पालिका गजसिंहपुर, देवानन्द शर्मा (कर निर्धारक) नगर पालिका कानोड़, संगीता जैन (ईओ) नगर पालिका टोडाभीम, पारूल सोनी (आरओ) टोडारायसिंह, विद्या सेन (आरओ) नगर पालिका टपूकड़ा, सरोज पारीक (आरओ) नगर पालिका तिजारा, मोनिका सोनी (ईओ) नगर पालिका निवाई, प्रमोद कुमार शर्मा (ईओ) नगर पालिका केशोरायपाटन, गीता कारनानी (ईओ) नगर निगम अजमेर, पवन कुमार मथुरिया (ईओ) नगर पालिका रूपवास, श्याम लाल जांगिड़ (ईओ) को नगर पालिका हमीरगढ़, ममता नागर (आयुक्ता) को टोंक, करणी सिंह (आयुक्त) को बाड़मेर और रामकिशोर मेहता (आयुक्त) को राजसमंद लगाया है।

### इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना को लेकर भाजपा का आरोप

# 'बाजार में चलन से बाहर हुए मोबाइल बांटना जनता के साथ धोखा'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा ने राज्य सरकार की इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि इस योजना में बाजार में चलन से बाहर हुए मोबाइल फोन बांटे जा रहे हैं, जो जनता के साथ धोखा है। उन्होंने इसमें घोटाले का अंदेशा जताया है। उन कंपनियों के साथ करार किया जा रहा हैं, जिनके पास नई टेक्नोलॉजी भी नहीं हैं। उनके पास आउटडेटेड माल के गोदाम पड़े हैं। उस माल को बेच कर सरकार नए भ्रष्टाचार कर रही हैं। सरकार की मंशा जरूरतमंद महिलाओं को मोबाइल फोन बांटना नहीं है बल्कि अपनी फ्लॉप योजनाओं की जानकारी मोबाइल के माध्यम से देना है। राठौड़ ने कहा कि 1.35 करोड़ महिलाओं में से मात्र 40 लाख को स्मार्ट फोन दिया जा रहा है। ऐसे में शेष करीब 95 लाख महिलाओं को फोन कब मिलेगा इसकी सरकार कोई गारंटी देने को तैयार नहीं है। कुछ समय बाद प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान पहले ही आर्थिक आपातकाल में है। करीब 5 लाख 79 करोड़ के कर्ज में डूबा हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री अपने खोए जनाधार को हासिल करने के लिए मुफ्त की घोषणाएं कर जनता को कर्जदार बना रहे हैं।

# नर्सेज का आंदोलन जारी, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर आंदोलनरत नर्सेज के गांधीवादी आंदोलन गुरुवार को 25वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान सैकड़ों नर्सेज ने चिकित्सा अधीक्षक पोर्च में एकत्रित होकर प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और रैली के रूप में एसएमएस मेडिकल कॉलेज द्वार पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक चंद्रकांत शर्मा, खुशी राम मीणा, देवाराम चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि साढ़े चार वर्षो से सरकार द्वारा नर्सेज की मांगों



की अनदेखी के कारण नर्सेज आंदोलनरत है। संघर्ष समिति के जयपुर संयोजक अजय सिंह, प्रदीप नीमरोट, रामावतार जाट ने बताया कि कोविड काल में नर्सेज ने जी-जान मेहनत करके से राज्य को रोल मॉडल स्टेट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रदेश महामंत्री प्रदीप चौधरी ओर प्रदेश प्रवक्ता हरि सिंह भाटी ने बताया कि नर्सेज केंद्र के समान वेतन व भत्ते, प्रोबेशन पीरियड का नोशनल लाभ, संविदा निविदा यूटीबी नर्सेज का नियमितीकरण, प्लेसमेंट एजेंसी नर्सेज का न्यूनतम वेतन 37800 रुपए, एएनएम एलएचबी संघ की वार्ता को क्रियान्वित, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व नर्सिंग ट्यूटर को राजपत्रित करने, नर्सिंग निदेशालय की स्थापना जैसी मांगे लंबित हैं। सभा को भरत जाटव, अशोक सपोटरा, बालकृष्ण शर्मा, टोंक ज़िलाध्यक्ष अब्दुल वसीम,हशमत उल्लाह जैदी, मनोज यादव, नूर परवीन, रोशन इत्यादि ने संबोधित किया।



## कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम हैरिटेज, जयपुर

क्रमांक :- F51( ) Dept.comm./H.M.A.Z/2023/859 — दिनांक :- 10/08/2023

**सूचना**

सर्व साधारण व्यक्ति/संस्था को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में नगर निगम हैरिटेज के हवामहल–आमेर जोन में निम्नलिखित सूची अनुसार कच्ची बस्ती अन्तर्गत आवेदित भूमि का पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है। अगर इन आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में आमजन/संस्था/हितबद्ध व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र में संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन कर सकता है।

अतः इस सम्बन्ध में अपनी आपत्ति 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार आवेदन पत्र का निस्तारण कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदक का पता | क्षेत्रफल | कच्ची बस्ती |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अब्दुल जुबेर पुत्र श्री अब्दुल सलीम | डी–37, संजय नगर कच्ची बस्ती | 60.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 2 | श्रीमती रहीसा बेगम पत्नि श्री जमील | 422, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 40.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 3 | श्री शमीम पुत्र असरार | 42, इन्द्रा ज्योति नगर कच्ची बस्ती | 45.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 4 | श्री मो. जावेद पुत्र श्री बेदु खा | डी–444 संजय नगर कच्ची बस्ती | 40.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 5 | श्री मुंशी खान पुत्र श्री लाल मोहम्मद | 1/91 विजय नगर कच्ची बस्ती | 45.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 6 | मो. फय्याज आलम पुत्र श्री मोइनुद्दी | 394 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 66.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 7 | श्री हसीन खान पुत्र श्री इसरार खान | 225 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 55.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 8 | श्रीमती हुरा बेवा पत्नि श्री अब्दुल सत्तर | 58 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 60.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 9 | श्री रोशन पुत्र श्री नजीर खान | 230,राजीव नगर कच्ची बस्ती | 55.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 10 | महबूब खान/प्यारे मोहम्मद | 251 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 53.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 11 | अकबरी/चद मोहम्मद | 386, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 50.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 12 | रूकसाना/जियाउद्दीन | 925, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 45.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 13 | मो. उमर अली/उस्मान अली | 263, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 40.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 14 | हारून खान/अब्दुल्लाह खान | 474 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 60.00 | कच्ची बस्ती |
| 15 | मोहम्मद अतीक/मो. वाहिद | 280, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 43.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 16 | लईक/मो.अतीक | 281 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 34 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 17 | मोहम्मद फारूक/जुम्मा शाह | 869 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 80.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 18 | मोहम्मद तोकिर/रफीक खान | 190, भोमिया बस्ती कच्ची बस्ती | 50.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 19 | चान्द मोहम्मद/गुलाब खान | 574, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 43.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 20 | जमील बानो/सोहेल खान | 476 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 55.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 21 | हामिद खान/मोहम्मद खान | 324,न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 35.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 22 | फरीद खान/अब्दुल रशीद | 837 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 67.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 23 | शाबीरा बानो/वली मोहम्मद | 40, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 41.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 24 | सलामुद्दीन /इमामुद्दीन | 403, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 27.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 25 | साजिदा/मोहम्मद रियाज | 232, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 70.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 26 | फरीदा/गुलाम नबी | 146, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 67.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 27 | उस्मान खान/इशाक खान | 772/ राजीव नगर कच्ची बस्ती | 27.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 28 | अब्दुल सलीम/गफ्फूर | 37, बजरंग नगर कच्ची बस्ती | 38.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 29 | रूकसाना/रशीद खान | 1927 विजय नगर कच्ची बस्ती | 40.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 30 | मो.इशाक/शाहबुद्दीन | 186 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 46.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 31 | मो. अीजज/यासीन शाह | 219 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 55.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 32 | अयूब खान/याकूब खान | सी–747 शहीद इन्द्रा ज्योति नगर | 70.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 33 | बेगम बेवा/मोहम्मद सादिक | 571, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 65.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 34 | जीनत/अबुजर | 665, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 55.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 35 | रियाजुद्दीन निजामुद्दीन | 215 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 56.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 36 | रशीद खान/ अब्दुल सत्तार कुरैशी | 57 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 75.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 37 | नूर बानो/छुटटन | 577, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 60.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 38 | शमीम/सलाम | 475 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 47.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 39 | रफीक/फजारू शाह | 49 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 45.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 40 | मोहम्मद रोशन/मोहम्मद हनीफ | 1005 शहीद इन्द्रा ज्योति नगर | 61.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 41 | मो.नदिम /मो.रफीक | 224 शहीद इन्द्रा ज्योति नगर | 60.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 42 | शाहजहा/जमशेद | 168, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 61.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 43 | मो.काशिम/तारबाबू | 111 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 29.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 44 | शेहरून/गरीबन | 141, बजरंग नगर कच्ची बस्ती | 31.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 45 | मो. नोशाद/छुटटन | 265, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 60.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 46 | सुबराती/ सुलेमान | 225, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 37.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 47 | सरोज देवी/बेरूजी नायक | 986/987 विजय नगर कच्ची बस्ती | 40.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 48 | वकीला बेगम/अबरार कुरैशी | 481, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 48.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 49 | नन्नी /अब्दुल अजीज | 257 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 49.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 50 | रहीसुद्दीन/नन्ने खान | 938, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 50.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 51 | मुनीर/सुबराती | 226, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 66.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 52 | रेशमा/असरार | 409 बजरंग नगर कच्ची बस्ती | 62.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 53 | नोलेज अली/भाव मिय | 417, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 45.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 54 | रहमत/छुटटन | 361, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 50.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 55 | नूर मोहम्मद/छुटटन खॉ | 143 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 45.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 56 | अन्नी बानो/नूर मोहम्मद | 88 राजीव नगर कच्ची बस्ती | 49.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 57 | सलमा बानो/आसिफ खान | 252 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 62.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 58 | सद्दीक मो./बाबुशाह | 49, राजीव नगर कच्ची बस्ती | 50.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 59 | कमुनिषा/शमसुद्दीन | 235, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 35.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 60 | मो.परवेज/मो. किस्मत | 379 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 35.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 61 | गुलाम अली/मोहम्मद नजीर अली | 1014 विजयनगर कच्ची बस्ती | 25.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 62 | नेताराम/मुक्कम | 131, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 35.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 63 | परमेश्वर सिंह/अजय पाल | 1116 विजय नगर कच्ची बस्ती | 64.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 64 | गुडडू/गफूर खान | 246, न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 80.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 65 | तस्लीम बेगम/असलम | 417 न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती | 46.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |
| 66 | ईमामुद्दीन कुरैशी/रमजाद कुरैशी | सी –910 शहीद इन्द्रा ज्योति नगर | 55.00 वर्गगज | कच्ची बस्ती |

राज.संवाद/सी/23/7334

उपायुक्त, हवामहल-आमेर जोन,
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

## 10 लाख नहीं दिए तो मारे जाओगे

### प्रताप नगर में बदमाश की बाप-बेटों को धमकी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर इलाके में एक बदमाश ने बाप-बेटों को धमकी देकर 10 लाख रूपए की मांग की है।

पुलिस ने बताया सेक्टर-8, प्रताप नगर निवासी संतोष खंडेलवाल ने रिपोर्ट दी है कि 8 अगस्त की शाम करीब 5 बजे मोबाइल पर एक बदमाश ने कॉल किया और खुद को एक बड़े गैंगस्टर के गिरोह से जुड़ना बताया। उसने कहा कि तुम तीनों बाप बेटों में से एक को मारने के लिए 10 लाख रुपए की सुपारी मिली है। तुम तय करो, पहले किसे मरना है, नहीं तो 10 लाख रुपए से ज्यादा रकम दो, तुम्हारी जान बच जाएगी। इसके बाद सुपारी देने वाले को मार दूंगा। बदमाश ने दोनों बेटों को कॉल कर यही बात कही। इस कॉल के बाद परिवार सदमे हैं। पुलिस मामला दर्ज कर मोबाइल नंबरों के आधार पर बदमाश की तलाश में जुटी है।

## मासूम से दुष्कर्म का प्रयास

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बनीपार्क इलाके में एक मासूम से दुष्कर्म का प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है कि 9 अगस्त की शाम करीब 5 बजे 7 वर्षीया बेटी अपने छोटे भाई के साथ घर के पास पार्क में खेल रही थी।

इस दौरान पार्क के पास ही रहने वाला विश्वजीत रॉय आया और बेटी को चॉकलेट देकर पानी पिलाने के बहाने बाथरूम में ले गया। यहां उसने बेटी के साथ अश्लील हरकत की। वह जबरदस्ती करने लगा तो बेटी जैसे तैसे वहां से भाग कर घर आ गई और पूरी घटना बताई। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

## 15 लाख की ज्वैलरी लेकर कारीगर फरार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सोडाला इलाके में एक कारीगर 15 लाख रुपए की ज्वैलरी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया गीजगढ़ विहार निवासी गणेश शर्मा का बाइस गोदाम इंडस्ट्रियल एरिया में रानीवाला ज्वैलर्स के नाम से ऑफिस है। यहां शुभांकर शर्मा कारीगरी का काम करता है। आरोप है कुछ दिन पहले शुभांकर 15 लाख रुपए की ज्वैलरी से भरे डिब्बे को चुरा ले गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## युवती के फोटो सोशल मीडिया पर डाले

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** करधनी इलाके में एक युवती के फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 24 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि प्रदीप सिंह उसका परिचित है। आरोप है प्रदीप ने उसकी आपत्तिजनक फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वह उसके चरित्र को कलंकित कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नौकरी लगाने के नाम पर 15 लाख हड़पे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा इलाके में एक व्यक्ति से नौकरी लगवाने के नाम पर 15 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया बाल विहार कॉलोनी निवासी गणेश नारायण जाट ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दी है कि परिचित राजाराम बागड़ा ने उसे जेवीवीएनएल में अधिशासी अभियंता विनय शर्मा से अच्छी जान पहचान होना बताया था। वहीं, भतीजे मुकेश चौधरी को जेवीवीएनएल में टेक्नीकल हेल्पर की नौकरी लगवाने के नाम पर राजाराम बागड़ा ने 15 लाख रुपए ले लिए, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं लगवाई और न ही रुपए वापस कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कमिश्नरेट पुलिस ड्रग्स माफिया–हथियार तस्करों पर लगातार कस रही शिकंजा, 100 ग्राम स्मैक, गांजा, पिस्टल सहित वाहन जब्त

# ऑपरेशन क्लीन स्वीपः 2 महिलाओं सहित 10 तस्कर गिरफ्तार, 11 मामले दर्ज

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शहर में स्कूल, कॉलेजों के आसपास मादक पदार्थ बेचने वाले ड्रग्स माफिया और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। पुलिस ने इस अभियान में एनडीपीएस एक्ट में 11 प्रकरण दर्ज कर 2 महिला सहित 10 तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल कमिश्नर (फर्स्ट) कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया प्रतापनगर, विद्याधर नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, कालवाड़, भांकरोटा, बगरू, करधनी, मालपुरा गेट, श्याम नगर, नाहरगढ़, रामनगरिया एवं गलतागेट थाना इलाके में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने यहां से रामकेश गुर्जर निवासी मित्रपुरा हाल प्रतापनगर, मोहम्मद निसार निवासी लंकापुरी भट्टा बस्ती, गणेश गोलाड़ा निवासी कालवाड़, मोहन सांसी निवासी सांगानेर हाल भांकरोटा, गिर्राज चौधरी निवासी बगरू, गिरिराज रैगर निवासी मौजमाबाद हाल करधनी, सन्जू देवी सांसी निवासी फतेहपुर हाल मालपुरा गेट, विकास कुमार शर्मा उर्फ विक्की, ग्यारसी देवी निवासी सामोद, राज सतावन निवासी बामनवास और रफी निवासी फर्रुखाबाद यूपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बालअपचारी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से 97.99 ग्राम स्मैक, 624 ग्राम गांजा, 2 पिस्टल 10 कारतूस, बिक्री की राशि 3120 रुपए एवं 2 दुपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपियों से नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।



### एनडीपीएस मामले में वांछित गिरफ्तार

आमेर थाना पुलिस ने एनडीपीएस मामले में पिछले 18 माह से वांछित चल रहे फरार आरोपी विकास कुमार माली निवासी बामनवास को गिरफ्तार किया है।

**गोगामेड़ी क्षेत्र की घटना** | **महिला सहित 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

# हनुमानगढ़ में युवक की पीट-पीट कर हत्या



### गर्लफ्रेंड ने फोन कर बुलाया, ससुराल वालों ने मारा



महानगर संवाददाता

**हनुमानगढ़।** गोगामेड़ी थाना क्षेत्र में महिला से अफेयर के चलते एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि महिला ने देर रात फोन कर युवक को अपने ससुराल बुलाया। वहां ससुराल वालों ने युवक को मार डाला। महिला का युवक के साथ अफेयर काफी पहले से चल रहा था। इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतक के चाचा ने महिला सहित 18 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

**यूं चला घटनाक्रम :-** पुलिस के अनुसार मनदीप (22) बचपन से गांव शेरड़ा पीएस भिरानी में अपने बुआ के यहां रहता था। शेरड़ा की राजबाला नाई से उसका अफेयर चल रहा था। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। मनदीप के चाचा हवासिंह निवासी मंडोली कला भिवानी ने रिपोर्ट दी है कि बुधवार रात राजबाला ने मनदीप को फोन करके अपने ससुराल भरवाना में बुलाया। वहां राजबाला के ससुराल वालों ने मंदीप को घर में बंद कर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने भरवाना सरपंच जयसिंह को देर रात 2 बजे फोन कर इसकी सूचना दी। आरोपियों ने कहा कि हमने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया है। मंदीप हमारे घर में पड़ा है। जयसिंह ने पुलिस को सूचना दी। गंभीर घायल मंदीप ने हिसार ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज :-** पुलिस ने मंदीप के चाचा की रिपोर्ट पर भरवाना निवासी मेवासिंह नाई, मेवा सिंह की पत्नी, विजेंद्र, सोनू देवी, कृष्ण, राजबाला, मोहन लाल नाई, सुरता व 8-10 अन्य के खिलाफ पीट-पीटकर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।



### हिस्ट्रीशीटर के हत्यारे के घर पर चला बुलडोजर

इधर, दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीना हत्याकांड में 36 घंटे के अंदर ही प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने मुख्य आरोपी सीताराम मीना के घर पर बुलडोजर चला दिया है। हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीना के परिजनों का आरोप था कि आरोपियों ने राजनीतिक रसूख के बल पर पुलिस थाने की करीब 7 बीघा भूमि पर कब्जा किया हुआ है। इसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पटवारी पप्पू सैनी ने बालाजी थाने की जमीन की पैमाइश की थी। पैमाइश में भी परिजनों का आरोप सच निकला। आरोपी के कब्जे में पौने सात बीघा जमीन मिली। इस पर बने मकान को प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया।

## दीपक से घर में लगी आग, घर में सामान हुआ खाक

### बुजुर्ग महिला को पुलिस ने खिड़की से अंदर जाकर बचाया



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सवाईमाधोपुर के पुराने शहर में बुधवार देर रात अचानक एक मकान में आग लग गई जिससे पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोगों की ओर से इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। यहां पहुंचकर पुलिस ने मकान के अंदर फंसी बुजुर्ग महिला को अपनी जान पर खेल कर बचाया। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ईसरदा ने बताया कि बुधवार देर रात न्यू मार्केट स्थित तुलाराम नामा के मकान में आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मकान मालिक ने बताया कि तुलसी के पौधे पर रखे दीपक की बत्ती से आग लग गई। दीपक से पर्दे ने आग पकड़ ली। इससे आग कमरे में फैल गई। स्थानीय लोगों की सहायता से करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बताया कि कमरे में तुलाराम की मां मंझूरी (78 वर्ष) पत्नी स्व. मूलचंद नामा मौजूद थी। बुजुर्ग महिला को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एएसआई जितेन्द्र सिंह की ओर से सीढ़ी लगाकर वो अपनी टीम के साथ खिड़की से अंदर गए। कमरे से बुजुर्ग महिला को दूसरे मकान की छत पर शिफ्ट किया। 20 मिनट तक धधकती आग में पुलिस ने अपनी जान पर खेलकर लोगों की जान बचाई। आग से कमरे में रखा इनवर्टर सोफ़ा सहित कई घरेलू सामान जल गया।



एएसआई जितेन्द्र सिंह ईसरदा

## कार-टैंकर, बाइक में भिड़ंत, हादसे में 2 की मौत



महानगर संवाददाता

**दौसा।** जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे 21 पर गुरुवार दोपहर सिकंदरा थाना क्षेत्र में कैलाई गांव के पास सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कैलाई बस स्टेण्ड के पास टैंकर व कार में भिड़ंत हो गई, इस दौरान वहां से गुजर रही बाइक भी टैंकर की चपेट में आ गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टोल प्लाजा की एम्बुलेंस से घायलों को जिला पहुंचाया गया। वहीं, एयरबैग खुलने से कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। अस्पताल में इलाज के दौरान गौरव वाल्मीकि (24) निवासी रेनवाल व सवाई सिंह भाटी (40) निवासी प्रताप नगर कालवाड़ रोड़, जयपुर ने दम तोड़ दिया।

### ट्रोले की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत



**चूरू** के भालेरी मेलूसर गांव के बीच बुधवार देर रात ट्रोले की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कानड़वास निवासी विजयपाल जांगिड़ बुधवार देर रात बाइक से गांव आ रहा था। उसके साथ गांव का ही सुरेंद्र बैठा था। मेलूसर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रोले ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे विजयपाल और सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रोले ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

## गैस सिलेंडर लीकेज होने से 5 झुलसे

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** भिनाय कस्बे में गुरुवार को चाय बनाने के दौरान रसोई गैस लीक होने से एक ही परिवार के चार जनों सहित बचाने आया एक पड़ोसी भी गंभीर रूप से झुलस गया। सभी घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनाय से अजमेर रेफर कर दिया गया, जहां इनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया गुरुवार दोपहर को देशवाली मौहल्ला निवासी शब्बीर के मकान में चाय बनाने के लिए रसोई गैस चालू करने पर गैस के लीक होने के कारण आग लग गई।

## बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन ले गए

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश एक व्यक्ति का मोबाइल छीन ले गए। पसेक्टर-26, स्थित यूनिक टावर निवासी अनिन्दज भराचार्य ने रिपोर्ट दी है कि 8 अगस्त को बाइक सवार बदमाश अपार्टमेंट के पास ही हाथ पर झपट्टा मार मोबाइल छीन ले गए।

# किराए की गाड़ी से एटीएम बूथ की रेकी, फिर वारदात

### लोगों के एटीएम कार्ड बदल कर ठगी करता था गिरोह, 3 गिरफ्तार, 23 एटीएम कार्ड बरामद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में किराए की गाड़ी लेकर एटीएम बूथों की रेकी के बाद लोगों के एटीएम कार्ड बदल ठगी करने वाले गिरोह पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने शिकंजा कसा है। पुलिस ने गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 23 एटीएम कार्ड, 4 मोबाइल सहित लग्जरी कार बरामद की हैं। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (वेस्ट) संजीव नैन ने बताया गिरोह के बदमाश प्रेम मेघवाल उर्फ प्रेम गोदारा (26) निवासी गांव टालनिआउ नागौर हाल गणेश नगर मैन करधनी, हिम्मत सिंह गुर्जर (24) निवासी गांव मोलपुरा, जिला करौली हाल निवासी जगदम्बा नगर करधनी और देवांश शर्मा (20) निवासी गांव सिवाड़ जिला सवाई माधोपुर हाल गंगा पथ, वैशाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, मानसरोवर, शिप्रापथ इलाके में एटीएम बदल कर ठगी की वारदातें करना कबूला है। वहीं, करीब एक दर्जन वारदातों का प्रयास किया।



**जेल से आते ही वारदात :-** गिरफ्तार प्रेम मेघवाल गिरोह का सरगना है, जो कि कोतवाली नागौर से कई मामलों में वांटेड चल रहा है। आरोपी के खिलाफ 6 एटीएम ठगी, 6 चोरी-नकबजनी एवं 1 प्रकरण अवैध मादक पदार्थ का दर्ज है। प्रेम डेढ़ साल से रतनगढ़ जेल में बंद था और कुछ समय पहले ही बाहर आया है। इसके बाद आते ही जयपुर शहर में करीब एक दर्जन वारदातों को अंजाम दे दिया।

**तरीका-ऐ-वारदात :-** आरोपी प्रेम मेघवाल पांचवी कक्षा तक पढ़ा हुआ है, जो कि शातिर किस्म का बदमाश है। वह एटीएम बूथों की रेकी के लिए 92 हजार रुपए माह के हिसाब से कार किराए पर लेता है। इसके बाद गिरोह के साथ वारदात करता है। गौरतलब है कि 9 अगस्त को जमनापुरी निवासी कैलाश का बेटा इलाके स्थित एसबीआई एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गया था, जहां आरोपियों ने उसके साथ 69500 रुपए की ठगी की थी।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** माणक चौक थाना पुलिस और डीएसटी ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया गिरफ्तार शातिर वाहन चोर श्रवण उर्फ गौरी (36) नारदपुरा आमेर का रहने वाला है। उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है।आरोपित वाहन चोर गैंग का सदस्य है, जो पार्किंग में खड़ी बाइक को चुरा लेता है और बाद में बाइक को खुर्द-बुर्द कर राजस्थान से बाहर बेचकर मोटी कमाई करता है।

## राहगीरों को लूटता, फुटेज से पकड़ा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने रात के अंधेरे में राहगीरों से लूटपाट करने वाले एक बदमाश को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लूटा गया आई फोन-11 बरामद किया है। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया गिरफ्तार आरोपी विनय स्वामी (19) नूरानी मस्जिद, नाहरी का नाका, चांदपोल का रहने वाला है। आरोपित ने अपने साथी सहित 6 अगस्त को रात करीब डेढ़ बजे उपासना बिल्डिंग में स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपए निकाल कर परिवहन मार्ग की तरफ पैदल जा रहे पीड़ित आशीष का गला दबा कर मोबाइल और चेन लूटी थी। पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए और आरोपी को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया।

## पति-पत्नी के झगड़े के बीच बेटी ने की आत्महत्या

महानगर संवाददाता

**कोटा।** महावीर नगर थाना इलाके में एक किशोरी ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। इस दौरान गुरुवार को नाबालिग का शव ले जाने की बात को लेकर माता-पिता के बीच मोर्चरी के बाहर ही आपस में बहस हो गई। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों से समझा कर मामला शांत करवाया, लेकिन माता-पिता दोनों ही एक दूसरे पर बच्चों को मारने-पीटने के आरोप लगाते रहे। पुलिस ने बताया कि नाबालिग नीलम (काल्पनिक नाम) (14) अपनी मां भावना (40) के साथ कोटा के महावीर नगर क्षेत्र के छावनी इलाके में रहती थी, जबकि पिता हेमंत सिंह (42) एमपी के राजगढ़ में रहते हैं। दोनों पति पत्नी के बीच आपसी झगड़ा है। 8 अगस्त मंगलवार शाम नाबालिग ने फंदा लगा लिया था। उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। गुरुवार सुबह 11 बजे उसकी मौत हो गई। मौत के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।



## नाबालिग छात्रा का शव कुएं में मिला, टीचर पर गंभीर आरोप

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** बौंली थाना क्षेत्र के हनुतिया गांव में नाबालिग छात्रा का शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। छात्रा आठ अगस्त से लापता थी। उसके पिता ने इसी स्कूल के टीचर पर उसे किडनैप करने का मामला दर्ज कराया था। शव मिलने पर ग्रामीणों ने रेप कर हत्या का आरोप लगाया। इसे लेकर स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया हनुतिया गांव में गुरुवार सुबह 11 बजे एक कुएं में 12वीं कक्षा की छात्रा का शव मिला। इसी किशोरी के किडनैप का मामला बीते दिन बौंली थाने पर दर्ज करवाया गया था। रिपोर्ट में किशोरी के पिता ने सरकारी स्कूल हनुतिया के अध्यापक रामरतन मीणा पर अपहरण का आरोप लगाया था। छात्रा की मौत को लेकर ग्रामीणों ने शिक्षक पर रेप कर हत्या करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने पुलिस कस्टडी से शव को अपने कब्जे में ले लिया और सरकारी स्कूल के खेल मैदान में शव रखकर धरने पर बैठ गए। यहां देर शाम तक धरना-प्रदर्शन जारी रहा।



## तालाब में डूबने से युवक की मौत

महानगर संवाददाता

**डूंगरपुर।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के मसानिया तालाब में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि माविता निवासी गजेंद्र डिन्डोर मसानिया तालाब के पास से पैदल-पैदल जा रहा था। इस दौरान अचानक उसका पैर फिसलने से वह तालाब के पानी में गिर गया। इस दौरान उसके सिर पर चोट लगी, जिससे वह तालाब के पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।




## रामगढ़ पचवारा में आदिवासी दिवस मनाया

महानगर संवाददाता

**लालसोट।** रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर अंबेडकर विकास मंच रामगढ़ पचवारा के तत्वावधान में आदिवासी दिवस मनाया गया। आदिवासी समाज के लोगों ने बस स्टैंड स्थित बिरसा मुंडा, बाबा साहब अंबेडकर व सावित्रीबाई फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सूरज मीणा, रामभजन आभानेरी, भजनलाल, घनश्याम आभानेरी, बाबूलाल महावर, भोलाराम रैगर, राजेंद्र सैनी, राजू सैनी आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी के गठन होने पर जताई खुशी

महानगर संवाददाता

**बामनवास।** राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद युवाओं एवं समाजश्रेष्ठियों खुशी जताई है। राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन बताया कि यह अकादमी जैन धर्म के लोक साहित्य के प्रकाशन एवं जैन समुदाय की पुरातात्विक धरोहरों एवं मंदिरों के पुनरुद्धार व संरक्षण के लिए कार्य करेगी। जिनमें उच्च स्तरीय ग्रंथों, पांडुलिपियों, साहित्य कोष, शब्दावली एवं ग्रन्थ की निर्देशिका तैयार करना, प्राकृत भाषा का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करना, साहित्य सम्मेलन, विचार-गोष्ठियां, परिसंवाद, कवि सम्मेलन, भाषण मालाएं, शिविर, प्रदर्शनियां एवं प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियां आयोजित करना, साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए सम्मानित करना आदि कार्य शामिल होंगे।

## भाजपा की राजस्थान सह प्रभारी राहटकर का स्वागत

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी विजया राहटकर के गुरुवार को कोटा जाते समय चाकसू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत राहटकर ने विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा को विजय बनाने की बात कही। भाजपा नेता लालाराम जादम ने बताया कि इस दौरान भाजपा नेता रामवतार बैरवा, पूर्व कृषि मण्डी चेयरमैन कैलाश शर्मा, अंबालाल यादव, गिरिराज डूगरी, पार्षद मांगीलाल बैरवा, हरफूल गुर्जर, छोटू बैरवा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व जिला प्रमुख गार्ड की जयंती आज मनाएंगे

महानगर संवाददाता

**शाहपुरा।** पूर्व जिला प्रमुख राम गोपाल गार्ड का जयंती समारोह 12 अगस्त को जयपुर वैशाली नगर में आयोजित होगा। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रामगोपाल गार्ड स्मृति ग्रंथ का विमोचन करेंगे। साथ ही चित्र दीर्घा का उद्घाटन होगा। आयोजन समिति सदस्य राजस्थान गुर्जर महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने बताया इस दौरान विशिष्ट जन सम्मान समारोह एवं स्मृति व्याख्यानमाला भी आयोजित होगी।

### विजेताओं को अतिथियों ने किया सम्मानित

# राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों का समापन

महानगर संवाददाता

**झुंझुनू।** जिले में चल रहे राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का समापन गुरुवार को स्वर्ण जयंती खेल स्टेडियम झुंझुनं में किया गया। सभापति नगमा बानो ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में टीम भावना का विकास होता है एवं उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि इन खेलों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का फिट राजस्थान हिट राजस्थान का सपना साकार हो रहा है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर मुरारी लाल शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल वालों से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने के एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने खिलाड़ियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी बताया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों से और अधिक मेहनत कर आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, विमला बेनीवाल एवं सीबीईओ महेंद्र जाखड़ ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विजेता टीमों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने बताया कि इस दौरान उप सभापति राकेश झाझड़िया झुंझुनू कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष,अजमत अली, बिमला बेनीवाल, कलस्टर प्रभारी शीशराम खींचड़, सुभाष, दिनेश मील, प्रधानाचार्य महेन्द्र बिजारणिया, सतपाल पूनियां, प्रवेश चौधरी, सुनील पूनियां, बलवान सिंह, प्रज्ञा, सुनीता बेनीवाल, अजीत बराला, लियाकत अली, रणवीर शेखावत, डॉ. नरेन्द्र शर्मा, रोशनलाल, सुरेन्द्र सिंह, अमित मेहारडा, शेरसिंह बराला, नीलम चौधरी, विनोद जांगिड़, संजय झाझडिया समारोह में उपस्थित रहे।



### रामगढ़ पचवारा में पंचायत स्तरीय ओलंपिक खेल संपन्न

## 'खेलों से अनुशासन को मिलता है बढ़ावा'

**लालसोट।** रामगढ़-पचवारा उपखंड में पंचायत स्तरीय राजीव गांधी शहरी ग्रामीण ओलंपिक खेल का समापन समारोह राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा में आयोजित किया गया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। चेयरमैन घनश्याम खटीक ने विजेता खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शारीरिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड़ ने कहा कि खेल अपने जीवन में अनुशासन को बढ़ावा देता है। मुख्य संयोजक रामावतार मीणा ने कहा कि हार में ही जीत छुपी रहती है। इस दौरान विजेता टीम कबड्डी पुरुष, रस्साकशी महिला, टेनिस क्रिकेट पुरुष, खो-खो महिला वर्ग को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।



समारोह में भामाशाह लक्ष्मी नारायण मीणा, छगनलाल मीणा, प्रभु लाल शर्मा, सुरेश सैनी, दौलतराम मौर्य, भोलाराम रैगर, राजकुमारी मीणा आदि उपस्थित रहे।

## विजेता खिलाड़ियों प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजीव गांधी शहरी ओलंपिक 2023 खेलों का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप जिला कलक्टर रविकांत सिंह, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी महिमा डांगी, पंचायत समिति विकास अधिकारी रानू इंकिया, थाना अधिकारी कृतिका यादव व मीना बंसल रहे। इस दौरान विजेता टीमों व खिलाड़ियों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन कमेटी के सह संयोजक रामकिशन गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में क्रिकेट टेनिस बॉल प्रतियोगिता में वार्ड नंबर 2, कबड्डी प्रतियोगिता में वार्ड नंबर 29, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आरएल एकेडमी, फुटबॉल प्रतियोगिता आदर्श क्लब, बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता पटेल रोड, एथलेटिक्स 100 मीटर राकेश जाट, मनीष सिंगवाडिया, 200 मीटर प्रवीण सिंह, जाहनवी जायसवाल, 400 मीटर हितेश चौधरी, मोनिका सैनी विजेता रहे। सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संयोजक अनिल गुप्ता, प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल चौधरी, सत्यनारायण सिंह, हिमांशु शर्मा, मुकेश बोहरा, रामेश्वर चौधरी, संतोष आर्य, मौसम जाट, रजनी मीणा, ललिता आकड़, नरेंद्र सैनी, गणेश गुर्जर सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## कबड्डी में चैनपुरा, खो-खो में भावती विजयी

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा में ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन गुरुवार को हुआ। अध्यक्षता प्रधानाचार्य मीनाक्षी गोणावत ने की। शारीरिक शिक्षक सुवालाल मीणा ने बताया कि खेल के विजेता खिलाड़ी टीम को मेडल व प्रमाण पत्र दिया।

छात्रा विजेता टीम कबड्डी चैनपुरा, खो-खो में भावती, फुटबॉल में भावती, क्रिकेट में चैनपुरा, रस्सा-कशी में चैनपुरा, छात्र टीम क्रिकेट में भावती, कबड्डी में भावती, वॉलीबॉल में चैनपुरा, शूटिंगबॉल में चैनपुरा, फुटबॉल में चैनपुरा, बास्केटबॉल में चैनपुरा विजेता रही। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### आज से आठ दिन तक चौबीसों घंटे रहेगी घेराबंदी

## भारत-पाक सरहद पर सीसुब का हाई अलर्ट

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बार्डर पर सीमा सुरक्षा बल की ओर से 11 से 17 अगस्त तक ऑपरेशन अलर्ट शुरू किया जाएगा। 15 अगस्त को देखते हुए घुसपैठ और तस्करी की संभावनाओं को रोकने के लिए अलर्ट किया जा रहा है। इस दौरान सीसुब सीसुब की ओर से भारत-पाकिस्तान सरहद के पास तारबंदी के करीब कड़ी नजर रखी जाएगी। अभियान के दौरान गश्त बढ़ाने के साथ ही सुरक्षा नाकों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। ऊंटों से गश्त और फुट पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाएगी। 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी ताकि सीमा पार से किसी भी अवांछनीय गतिविधि को रोका जा सकें।

### संवेदनशील इलाकों में जवान रहेंगे तैनात

**सीसुब राजस्थान फ्रंटियर के** आईजी पुनीत रस्तोगी ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर सीमा सुरक्षा बल तारबंदी पर अपनी चौकसी को बढ़ा देती है। हालांकि सीमा सुरक्षा बल पूरे साल सरहद पर चौकस रहती है, लेकिन इन दिनों वो ज्यादा ही अलर्ट हो जाती है। इस दौरान सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ-साथ सभी अधिकारी भी सीमा पर रहेंगे तथा चौकसी पर नजर रखेंगे। संवेदनशील इलाकों में अलग से जवानों को तैनात किया जाएगा। इस एक्सरसाइज में बीएसएफ की सभी शाखाओं के अधिकारी जवान हिस्सा लेंगे। सरहद पर रेगिस्तानी इलाकों में दूर-दूर बियाबान वीरान जगहों से किसी भी तरह की घुसपैठ न हो इसको लेकर सीमा सुरक्षा बल खास तरह के इंतजाम करती है। ये ऑपरेशन अलर्ट 11 अगस्त से शुरू होकर 17 अगस्त तक चलेगा।

## सड़क कार्य का किया लोकार्पण



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** बामरड़ा जोहड़ा-झाड़ली सड़क से जवान सिंह की ढाणी वाया टंकी की ढाणी के मध्य 1.80 किमी की 48.55 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास गुरुवार को पूर्व पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह शेखावत ने किया। समारोह में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रमेश ढबास, झाड़ली सरपंच मगन कंवर, अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद स्वामी, युवा नेता नरपत सिंह झाड़ली, देवी लाल साई, कर्मजीत खैरवा, विशाल सिंह, रामोतार सिंह,रामपुरा सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सोलैत, बीरबल यादव आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी धर्मचंद कुलरिया के जन्मदिन पर हुए सेवा कार्य



महानगर संवाददाता



**नोखा।** पर्यावरण प्रेमी, गौ भक्त एवं समाजसेवी धर्मचंद कुलरिया का जन्मदिन गुरुवार को सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। कुणाल सुथार ने बताया कि इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 368 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। साथ ही प्रदेशभर में विद्यालय मे छात्र-छात्राओं को पाठय सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही साथ प्रदेश में अस्पताल में मरीजों को फल भेंट किए गए। वहीं कच्ची बस्तियों में जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया व गौ सेवा का कार्य किया गया।

## राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने पर शिक्षिका को मिली चार्जशीट तो सौंपा इस्तीफा

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** शिक्षा विभाग ने शहर के गुलमंडी स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में द्वितीय ग्रेड की शिक्षिका मधुबाला महाजन को राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में भाग लेने पर 17 सीसीए की चार्जशीट थमाते हुए उसका मुख्यालय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायपुर कर दिया गया। वहीं शिक्षिका ने नोटिस से नाराज होकर अपना इस्तीफा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार प्रमुख सचिव नवीन जैन एवं निदेशक कानाराम ने शिकायत की जांच करते हुए शिक्षिका महाजन को दोषी पाया एवं उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा डॉ. महावीर कुमार शर्मा को दिए। जिस पर डॉ. शर्मा ने महाजन को 17 सीसीए का नोटिस थमाया। मगर शिक्षिका ने नोटिस लेने से मना कर दिया तो विभाग के अधिकारियों ने नोटिस को शिक्षिका के घर के बाहर जाकर चस्पा कर दिया। उधर, शिक्षिका महाजन ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा प्रातः 10 बजे ही गुलमंडी विद्यालय जाकर प्रधानाध्यापिका उषा शर्मा को सौंप दिया। उसके बाद राजनीतिक दबाव के चलते मुझे 17 सीसीए को नोटिस जारी किया गया। जो कि गलत है। जरूरत पड़ी तो में न्यायिक कार्यवाही करूंगी।

## शिव शक्ति व्यायामशाला में हुई विहिप की बैठक

महानगर संवाददाता

**झुंझनूं।** शिव शक्ति व्यायामशाला मोदियों की जाव में विश्व हिंदू परिषद की बैठक प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख सीएम भार्गव के मुख्य आतिथ्य, प्रांत धर्माचार्य सह प्रमुख रामानंद पाठक, विभाग धर्म प्रसार प्रमुख योगेंद्र कुडलवाल व जिला उपाध्यक्ष जयराज जांगिड़ के सानिध्य व नगर विहिप अध्यक्ष श्यामसुंदर पाटोदिया की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। नगर मंत्री महावीर शर्मा ने आचार पद्धति से बैठक का शुभारंभ किया। धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव ने बताया कि इस वर्ष जन्माष्टमी से विहिप स्थापना का षष्ठिपूर्ति वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्राम इकाईयों तक स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं आगामी माह से प्रारंभ हो रहे संत दर्शन कार्यक्रम व बजरंग दल की ओर से शौर्य जागरण यात्रा के लिए जिला स्तर पर योजना बनाई जाएगी। विभाग धर्मप्रसार प्रमुख योगेन्द्र कुडलवाल ने 23 अगस्त को स्वामी लक्ष्मणानंद बलिदान दिवस मनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की। जिला उपाध्यक्ष जयराज ने अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। नगर मंत्री महावीर शर्मा ने नगर मे प्रारंभ किए गए बलोपासना केंद्र एंव सत्संग के बारे मे बताया।




## उर्मिला योगी से सामाजिक मुद्दों पर की चर्चा



महानगर संवाददाता

**चाकसू ।** राजस्थान विमुक्त घुमंतु अर्ध-घुमंतू जाति कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष उर्मिला योगी से जयपुर में अखिल राजस्थान कंजर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष ग्यारसीलाल गोगावत ने जानकारी कि प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव रामहेत केसिया, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष हेमराज तिलोर, सचिव प्रेमसिंह कर्मावत सही आदि ने योगी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई।

### कोरोना, लंपी में सेवाएं देने वालों का सम्मान

## 'बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से समाज में सुधार संभव'

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा फुले ब्रिगेड के अध्यक्ष राम सिंह सैनी ने कहा कि माता-पिता व बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही समाज सुधार संभव है। आज युवा पीढ़ी में बदलाव देखने को मिल रहा है। बड़ों का आशीर्वाद और उनसे संस्कार ग्रहण किए बिना समाज में सुधार संभव नहीं है। आज के जमाने में मां बाप पर अत्याचार, हत्या आदि की खबरें सोशल मीडिया व अखबारों से बहुत देखने को मिल रही है। सैनी ने विशेषकर युवाओं को इसमें सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बात सैनी ने नांगल (रतनपुरा) गांव के अस्थल धाम में युवा सम्मान समारोह में कही।




कार्यक्रम संरक्षक सेडूदास जी महाराज के सानिध्य में कोरोना, लंपी में सेवाएं देने वालों का सम्मान किया गया। आयोजक केके यादव ने बताया कि उप सरपंच रामू शेखावत, विद्युत विभाग के अधिकारी, जलदाय विभाग के अधिकारी, निजी विद्यालय के निदेशक, पत्रकारों आदि का सम्मान किया गया। इस दौरान मदन सिंह शेखावत, रामेश्वर खतोदिया, कमल किशोर अग्रवाल, सतीश व्यास, नंदलाल टेलर, मुकेश स्वामी, कैलाश मांडिया, बीरबल मांडिया, रामसुख दास स्वामी, अशोक सोनी, सूरज मल फोजी, विकास नामदेव, गोपाल खातोंदिया व युवा उद्यमी सुरेश सामोता आदि मौजूद रहे।

## लाभार्थियों को दिए स्मार्ट फोन



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरुवार को रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडोटोरियम में आयोजित हुआ। सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार, खंडार विधायक अशोक बैरवा, जिला कलक्टर सुरेश कुमार ओला, नगर परिषद् सभापति राजबाई बैरवा, पंचायत समिति सवाई माधोपुर प्रधान निरमा मीना ने लाभार्थी सुनिता देवी, कोमल देवी, गीता देवी को स्मार्ट फोन वितरित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत सहरिया, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक पंकज मीना, एसडीएम अनिल कुमार चौधरी, मुख्य आयोजना अधिकारी बाबूलाल बैरवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रह-गोचरः सूर्य ने किया अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश, 17 तक रहेंगे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पिछले दिनों सूर्य अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश कर गया है। सूर्य 17 अगस्त तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इस दौरान कुछ राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ग्रहों के राजा के रूप में जाना जाने वाला सूर्य ज्योतिष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राशियों के माध्यम से यह विभिन्न नक्षत्रों में भी गोचर करता है। वैदिक ज्योतिष में महत्वपूर्ण महत्व रखता है। सूर्य के इस परिवर्तन का प्रत्येक राशि पर प्रभाव पड़ता है। अश्लेषा नक्षत्र के स्वामी बुध ग्रह हैं और सूर्य के अश्लेषा नक्षत्र में गोचर करने का शुभ फल कुछ राशि वालों को मिल सकता है।



■ **मेष राशि:** मेष राशि के जातकों के लिए सूर्य का अश्लेषा नक्षत्र में गोचर शुभ माना जाता है। इस दौरान सरकारी क्षेत्र में लाभ हो सकता है। इससे पदोन्नति संभव है। करियर में भी सुधार हो सकता है। व्यवसायी की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की संभावना है। यह अवधि वाहन, घर या जमीन खरीदने के अवसर भी आएंगे।

■ **वृषभ राशि:** भाग्य का सहयोग प्राप्त हो सकता है। जिससे जीवन में सकारात्मक घटनाएं घटेंगी। व्यवसाय और नौकरी दोनों में प्रगति और सफलता के योग हैं। लंबित कार्य सफलतापूर्वक पूरे होने की संभावना है, जिससे मन में संतुष्टि रहेगी। इस दौरान पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखना चाहिए।

■ **कर्क राशि:** सूर्य का अश्लेषा नक्षत्र सफलता दिलाने वाला हो सकता है। इसे व्यापार और नौकरी में उन्नति मिलेगी। योग बन रहे हैं। समय टूटे हुए रिश्तों को सुधारने का मौका दे सकता है।

■ **सिंह राशि:** सूर्य का अश्लेषा नक्षत्र में गोचर लाभ प्रदान करेगा। है। आत्मविश्वास बढ़ने की संभावना है। आपके कामकाज में लाभ के योग बन रहे हैं। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। वित्तीय सुधार की उम्मीद है। अपने व्यवसाय में लाभ होगा। महत्वाकांक्षाओं पर काम करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का शुभ समय है।

न्यूज इन बॉक्स

## गौसे आजम फाउंडेशन का निशुल्क चिकित्सा शिविर 15 से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गौसे आजम फाउंडेशन की ओर से झोटवाड़ा की श्रीरामपुरी कॉलोनी में 15 से 17 अगस्त तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर और रूहानी इलाज कैंप का आयोजन किया जाएगा। गौसे आजम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद सैफुल्लाह खां अस्दकी ने बताया कि शिविर में तीनों दिन दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया जाएगा। शिविर में राजस्थान से बाहर के लोग आने की संभावना भी है। अस्दकी ने बताया कि फाउंडेशन निशुल्क चिकित्सा शिविर के अलावा भोजन वितरण, लंगर, राशन वितरण, कपड़े वितरण, गरीब बेटियों की शादी जैसे परोपकारी कार्य भी करता है। कोरोना काल में जरुरतमंदों की विभिन्न तरह से मदद की।

## हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बस्सी विकास मंच के तत्वावधान में 12 अगस्त को रात्रि 7:30 बजे से श्री बलराम आश्रम बस्सी में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन जाएगा। यह जानकारी बस्सी विकास मंच के सदस्य बेनी प्रसाद कटारिया ने दी है।

## सड़क नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने गुरुवार को मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 125 के सेक्टर -6 में सड़क नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से सेक्टर-6 में 1600 मीटर बनने वाली डामर सड़क का नवीनीकरण करवाया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास संकल्प यात्रा आज



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा के नेतृत्व में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को विकास संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। अर्चना शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मालवीय नगर में पिछले 4 दशक से जो विकास कार्य नहीं हुए वो पिछले साढ़े चार साल में उनके प्रयासों से हुए हैं। इन्ही विकास कार्यो को लेकर वे कार्यकर्ताओं के साथ जनता के मध्य 'विकास संकल्प यात्रा' के माध्यम से जा रही है।

इस दौरान अर्चना शर्मा ने मालवीय नगर विधानसभा के दोनों ब्लॉक अध्यक्ष भरत मेघवाल एवं दिनेश गुप्ता व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टोल फ्री नं. 80-1071-1071 जारी किया, जिस पर मिसकॉल करने पर समस्याओं का निदान किया जाएगा।

## फ्रेंड्स क्लब ने लहरिया महोत्सव मनाया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फ्रेंड्स क्लब के 30 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिवेणी नगर ओम भवन में लहरिया महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें हाउजी, गेम वह अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान किरण बैनाड़ा, सुशीला छाबड़ा, विद्युत लुहाडिया, आशा लुहाडिया, वंदना, नलिनी, सुलोचना सेठी, कमला सेठी, लता आदि उपस्थित रहीं।

श्रीमद्भगवद् कथा में सुनाया ध्रुव चरित्र प्रसंग

# जहां सम्मान नहीं मिले वहां नहीं जाना चाहिए : आशीष व्यास

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पुरानी बस्ती स्थित मंदिर श्री राधा गोपीनाथ जी में अधिकमास के उपलक्ष्य में मंदिर महंत सिद्धार्थ गोस्वामी महाराज के सानिध्य में हो रही 108 श्रीमद्भगवद् कथा महायज्ञ में गुरुवार को व्यासपीठ से आशीष व्यास महाराज ने कपिलोपाख्यान, शिव सती चरित्र और ध्रुव चरित्र पर प्रवचन किए। उन्होंने कहा भगवान की भक्ति दृढ़ निष्ठा के साथ करनी चाहिए। ऐसे संकल्पवान और धैर्यवान भक्त को भगवान की गोद निश्चित रूप से मिलती है।

शिव सत्ती चरित्र प्रसंग में उन्होंने कहा कि हमें उसे स्थान पर बिल्कुल भी नहीं जाना जाना चाहिए जहां हमारा सम्मान सुरक्षित नहीं है, भले ही वहां धन की वर्षा क्यों न हो रही हो। 11 अगस्त को भरत चरित्र, अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र और नरसिंह अवतार पर प्रवचन होंगे। श्रीमद्भगवद् कथा का विश्राम 16 अगस्त को सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई, परीक्षित मोक्ष के साथ होगा।

## न्यू आतिश मार्केट में कथा आज से, पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** न्यू आतिश मार्केट एसोसिएशन एवं श्री भौमिया जी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से न्यू आतिश मार्केट के भौमियां जी के मंदिर में 11 से 17 अगस्त तक महंत अवधेशदास महाराज बंशीवाले के सान्निध्य में श्रीमद्भगवद् कथा होगी। प्रतिदिन दोपहर एक से शाम 5 बजे तक कथा प्रवचन होंगे। कथा का शुभारंभ 11 अगस्त को सुबह 10 बजे शिप्रा पथ मानसरोवर के शिव मंदिर से कलशयात्रा के साथ होगा। गाजे-बाजे के साथ निकलने वाली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चलेंगी।

न्यू आतिश मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कूलवाल ने बताया कि गुरुवार को आयोजन स्थल पर पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रथम दिन भागवत महात्म्य की कथा होगी। 12 अगस्त को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, वराह अवतार, कपिल उपाख्यान, 13 अगस्त को शिव चरित्र, ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार की कथा होगी।

## गीता गायत्री मंदिर में शिव महापुराण का शुभारंभ



**जयपुर।** गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्रीजी में गुरुवार को पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में कलशयात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि गलता गेट स्थित कनक बिहारी मंदिर से त्रिवेणी सरकार राम कृपाल दास महाराज, महंत सियाराम दास महाराज, शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण, महंत गोपाल दास महाराज, गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी, महंत भरत चौबे, परकोटा गणेश मंदिर के अमित शर्मा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कलश यात्रा को रवाना किया। पुरुष सिर पर भागवत पोथी लेकर चल रहे थे, वहीं 251 महिलाएं महादेव के प्रिय बिल्वपत्र का पौधा लेकर चल रही थीं। बैंड वादन की मधुर लहरियों के मध्य महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। व्यासपीठ की पूजा-अर्चना के बाद कथा का शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ से आचार्य श्याम नारायण शास्त्री ने भागवत महात्म्य का श्रवण कराया।

## ब्रजभाषा रचनाकार सम्मान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी जयपुर की ओर से आयोजित ब्रजभाषा रचनाकार प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। अकादमी सचिव गोपाल लाल गुप्ता ने बताया कि आलेख विधा में डॉ. रामदास शर्मा भरतपुर प्रथम, निर्मल कुमार सिंहल जयपुर द्वितीय एवं अश्विनि गोयल जयपुर तृतीय रहे। समस्यापूर्ति विधा में अभिषेक नगर प्रथम, कमल सिंह कमल कामां द्वितीय एवं कल्याण गुर्जर मनोहरपुरा जयपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लघुकथा कहानी विधा में जगदीश मोहन रावत जयपुर प्रथम, रघुराज सिंह कर्मयोगी कोटा द्वितीय एवं गोपीनाथ चर्चित गंगापुर सिटी तृतीय रहे। संस्मरण विधा में राजाराम भादू जयपुर प्रथम, किशनवीर यादव जयपुर द्वितीय एवं अनन्या दौसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लोकधुन पर आधारित लोकगीत विघा में हरिशचन्द्र हरि नगर ने प्रथम, शिवराम शिव कामां ने द्वितीय एवं श्री सर्वोत्तम त्रिवेदी कामां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सभी विधाओं में प्रथम विजेता को 11000 रुपए, द्वितीय को 7100 रुपए और तृतीय स्थान विजेता को 3100 रुपए की राशि दी जाएगी। सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में छह विधाओं में प्रविष्टियां मांगी गई थीं। प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए राजस्थान से बाहर के विषय विषेशज्ञों को भेजा गया था। केवल वरिष्ठ वर्ग में ही पांच विधाओं में पात्रता के लिए प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। वरिष्ठ वर्ग में लघु नाटिका में कोई भी प्रविष्टि प्राप्त नहीं हुई थी।

रंगायन में शास्त्रीय नृत्यों की होंगी प्रस्तुतियां

## जेकेके में दो दिवसीय युवा कलाकार शास्त्रीय नृत्य उत्सव कल से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र एवं नृत्यशिल्प गुरु सुरेंद्र नाथ जेना ओडिसी डांस फाउंडेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 12-13 अगस्त को युवा कलाकार शास्त्रीय नृत्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। रंगायन सभागार में देश के अलग-अलग क्षेत्रों के कलाकार शाम 6:30 बजे विभिन्न शास्त्रीय नृत्य विधाओं की प्रस्तुति देंगे।



12 अगस्त को दिल्ली की सौराशी सुशोभना एवं जया मेहता ओडिसी नृत्य, केरल की श्रीरेखा जी नायर मोहिनीअट्टम नृत्य, असम की स्निग्धा कंकन टैड, बंदना बर्मन एवं रूपरेखा दास सत्रिया नृत्य, मणिपुर से ओकईजाम सुरंजोई सिंह मणिपुरी नृत्य, उड़ीसा से रितिका बनर्जी ओडीसी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के राजेंद्र कुमार, आसिफ हुसैन और तोशिता असाती भरतनाट्यम नृत्य व महाराष्ट्र से रिद्धि राठौड़, मियूमना अमीन, अनन्या बरुआ, देव आशीष महाराणा एवं आकाश कुमार राय कथक नृत्य पेश करेंगे। रविवार, 13 अगस्त को महाराष्ट्र के अथर्व चौधरी भरतनाट्यम नृत्य, केरल से श्रीरेखा जी नायर, डॉ. डायना श्रीजीत एवं श्रीलक्ष्मी श्रीजीत मोहिनीअट्टम नृत्य, मणिपुर से ओकइजाम सुरंजोई सिंह मणिपुरी नृत्य, गुजरात से प्रशिता सुराणा, वेनू अयाचित, जानवी अंबालिया एवं जैशमिन पटेल कुचिपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। दिल्ली के वैभव कुमार ओडिसी नृत्य, महाराष्ट्र की कीर्ति कुरंदे कथक नृत्य, असम की स्निग्धा कंकन टैड, बंदना बर्मन एवं रूपरेखा दास सत्रिया नृत्य पेश करेंगे। नृत्यशिल्प फाउंडेशन के कलाकार रौद्री सिंह, निधि किंड्रा, जया मेहता और सौराशी सुशोभना गुरु सुरेंद्र नाथ जेना ओडीसी नृत्य शैली में अन्य कलाकारों के साथ प्रस्तुति देंगे।

## मांचड़ा में हनुमान चालीसा पाठ 13 को

**जयपुर (मसं)।** सर्व हिंदू समाज की ओर से 13 अगस्त को शाम सात बजे से मांचड़ा के गणेशनगर पांच स्थित प्राचीन वीर हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। अंकित कुमावत ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में आयोजन का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किया जा रहा है। गुरुवार को कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

सिटी UPDATE

## गायत्री परिवार ने सरकारी स्कूल में किया पौधरोपण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चेतना केंद्र दुर्गापुरा की ओर से प्रताप नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दहलावास में तरू पूजन कर शीशम, नीम, अशोक, गुड़हल, कंडेर के 80 पौधे लगाए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इससे पूर्व सभी को गायत्री परिवार की ओर से समाज निर्माण के लिए चलाए जा रहे आठ आंदोलनों की जानकारी दी गई। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प कराया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिराम गुप्ता, जिला समन्वयक संतोष गुप्ता ने प्रिंसीपल को सद्ग्रंथ का सेट भेंट किया। विद्यालय में सद्वाक्य भी लगाए गए।

## तनाव से बचने के दिए टिप्स

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय कंवर नगर ब्रह्मपुरी जयपुर में गुरुवार को राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के सहायक आचार्य डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने विद्यार्थी जीवन में योग और तनाव प्रबंधन पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. चतुर्वेदी ने पीपीटी स्लाइड के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक रोग आदि के बारे में विस्तार से समझाया। शोधार्थी डॉ. किरण शर्मा एवं डॉ. नमित पाटनी ने भी विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के सकारात्मक तरीकों को दिनचर्या में सम्मिलित करने पर जोर दिया। ताकि विद्यार्थी इस प्रतियोगी युग में सफलता के नवीन सोपानों को छू सके।

कार्यक्रम में डॉ. नीलम शर्मा, ललिता शर्मा, संगीता कुमारी, डॉ. अजीत सिंह चौधरी, विवेक कुमार चूलेट, महेश मीणा आदि उपस्थित रहे। संचालन छात्रा साक्षी स्वामी व ज्योति महावर ने किया।

## दौलतपुरा थानाधिकारी का अभिनंदन

महानगर संवाददाता



**राजावास।** दौलतपुरा थाने में नवनियुक्त थानाधिकारी दलबीर सिंह का गुरुवार को स्थानीय लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राधेश्याम बढ़ाया, जयशंकर बडाया आदि मौजूद रहे।

## रुद्राभिषेक कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हिन्दू जागरण मंच अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर 13 अगस्त को प्रातः 11:15 बजे एक दिन, एक समय, एक साथ 101 शिवालयों में गंगाजल से रुद्राभिषेक व भारत माता की आरती की जाएगी। जगदंबा मातेश्वरी मंदिर समिति नया खेड़ा में रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के सचिव नवरतन सिंह, निर्भय सिंह, आशीष शर्मा ने गुरुवार को इसके पोस्टर का विमोचन किया।

# बेईमान आदमी धर्मात्मा नहीं बन सकताः सौरभ सागर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर सेक्टर 8 के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे आचार्य सौरभ सागर महाराज ने गुरुवार को धर्म सभा में कहा कि आज का मनुष्य बेईमानी से धर्म एवं जीवन को चलाता है। बिना बेईमानी से उसका एक कदम भी आगे नहीं बढ़ता है। बेईमान मनुष्य कितना ही धर्मात्मा बनने की कोशिश कर लें किंतु वह खुद को धर्मात्मा दिखा सकता है पर बना नहीं सकता, लेकिन ईमानदार मनुष्य खुद को बना नही सकता केवल दिखा सकता है।

उन्होंने कहा कि कानून वास्तव में अंधा हो गया है, इसलिए रिश्वत लेते पकड़े जाने पर रिश्वत देकर छूट जाते है।



इस अंधेपन के कारण ही सर्वत्र बेईमानी, कालाबाजारी, लूट, चोरी प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आज इंसान पहले देसी घी में वनस्पति, हल्दी में पीली मिट्टी, चावल में कंकड़, काली मिर्च में पपीते के बीज, तम्बाकू में लीद मिलाता है उसके बाद अपने आपको धर्मात्मा साबित करने के लिए बड़े शान से मंदिर जाता है।

इसलिए आज मनुष्य का मनुष्य पर से विश्वास समाप्त हो गया है। विदेश जाने के लिए पशु-पक्षी को पासपोर्ट नहीं बनवाना पड़ता, लेकिन मनुष्य को बनवाना पड़ता है, क्योंकि मनुष्य ने अपनी इज्जत, अस्मिता को दांव पर लगाकर बेईमानी करके पेटी भरने की कोशिश की है। पशु, पक्षी मात्र पेट भरता है, पेंट नहीं। पेट भरने के लिए ईमानदारी आवश्यक है। पेटी भरने के लिए मनुष्य कालाबाजारी करता है। बेईमानी, लूट-खसोट, धोखा, छल, कपट, प्रपंच करता है। इस सृष्टि में केवल ईमानदारी ही है जो दान को जन्म देती है और बेईमानी चोरी को जन्म देती है।

## शांतिनाथ मंडल विधान पूजन 13 से

**प्रताप नगर सेक्टर** 8 के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य सौरभ सागर के सान्निध्य में दो दिवसीय श्री शांतिनाथ मंडल विधान पूजन 13-14 अगस्त हो होगा। इसमें 100 से अधिक श्रावक-श्राविकाएं भगवान शांतिनाथ की आराधना करेंगी। सौभाग्य रामावतार, दिनेश, मनीष जैन मुख्य पुण्यार्जक होंगे। रविवार सुबह 6:15 बजे मूलनायक भगवान शांतिनाथ के कलशाभिषेक और शांतिधारा के साथ शुरुआत होगी। इसके बाद विधान पूजन प्रारंभ होगा।

# सब इंस्पेक्टर राजपुरोहित डीजीपी डिस्क से सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने गुरुवार को सिरोही जिले में पदस्थापित पुलिस उप निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित को तूफान में फंसे युवक की जान बचाने के लिए डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीजी लॉ एंड आर्डर राजीव शर्मा और एडीजी क्राइम दिनेश एमएन भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि रविंद्र पाल सिंह ने पाली जिले के रानी थानाधिकारी के पद पर रहते हुए बिपरजॉय तूफान के दौरान माताजी का वाड़ा गांव की नदी में पिकअप समेत



फंसे युवक शंकर लाल सीरवी को 2 घंटे तक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर सुरक्षित बाहर निकाला था। वहीं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध 6 कार्रवाई कर भारी मात्रा में डोडा-पोस्त समेत अन्य नशे की सामग्री बरामद कर इस धंधे में लिप्त कई आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा उन्होंने अपनी सूझबूझ से जिले में घटित 5 हत्याओं का खुलासा कर अभियुक्तों को पकड़ा है।

# कहर बरपाने लगा डेंगू का दंश!

## मलेरिया और चिकनगुनिया के आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले

**मौसम** में तेजी से हो रहे बदलाव का असर अब बीमारियों के रूप में सामने आने लगा है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। इसके चलते प्रदेश में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के बढ़ते आंकड़ों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दिनों राजधानी जयपुर में डेंगू से हुई दो मौतों से स्थिति की भयावहता को आसानी से समझा जा सकता है कि मौसमी बीमारियों ने अब रोगियों को किस कदर अपनी जद में लेना शुरू कर दिया है। तीन दिन पहले अर्थात् 8 अगस्त तक के सरकारी अधिकृत आंकड़ों पर यदि गौर किया जाए तो सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में राजधानी जयपुर डेंगू के 271 पॉजिटिव केसों के साथ शीर्ष पायदान पर नजर आती है। कई बार लोग बुखार को सामान्य और मौसमी संक्रमण मान कर उसी तरह उसका इलाज भी करते हैं। जबकि यह संभव है कि इस मौसम में होने वाला बुखार डेंगू के रूप में पल रहा हो। इस साल फिर जयपुर में डेंगू का प्रकोप जैसा दिख रहा है। यह चिंताजनक है। डेंगू से पीड़ित लोगों की संख्या जिस तरह बढ़ रही है, उससे साफ है कि सरकार और आम लोगों को समय रहते सचेत हो जाना चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि डेंगू के फैलाव को लेकर बरती गई



लापरवाही इस बीमारी को घातक शक्ल दे सकती है। गौरतलब है कि राजस्थान में अब तक डेंगू के 1198 मामले पाए गए। रोजाना औसतन 20 नए रोगी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। यह आंकड़ा सरकारी रिपोर्ट में दर्ज मामलों के आधार पर है। वास्तव में इससे कहीं ज्यादा लोग डेंगू के दायरे में आ चुके हैं। क्योंकि बहुत से लोग तो मजबूरियों के कारण अस्पताल में जाने के बजाए घर पर चिकित्सकीय उपचार लेकर बीमारी से निजात पाने में विश्वास करते हैं। इस नासमझी का दुष्प्रभाव ही बढ़ते आंकड़ों के रूप में सामने आ रहा है। ज्यादा चिंता की बात यह है कि डेंगू से पीड़ित कम से कम आधे मरीजों को अस्पतालों या डाक्टरों के क्लीनिकों में भर्ती कराने की नौबत आ रही है। गनीमत यह है कि इस साल डेंगू के मरीजों के बीच प्लेटलेट की संख्या तो गिर रही है, लेकिन खून नहीं निकल रहा है। हालांकि यह कोई सुरक्षित स्थिति होने की गारंटी नहीं है, क्योंकि इस बार डेंगू टाइप-2 को मरीजों के लिए एक खतरनाक स्ट्रेन माना जा रहा है। चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक डेंगू के मरीजों की संख्या सात के चार महीने शेष रहने से पूर्व ही करीब 12 सौ तक पहुंच गई है। ऐसे में संक्रमित मरीजों की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए आने वाले समय में यह आंकड़ा कहां तक पहुंचेगा इसकी कल्पनामात्र से स्वास्थ्य विभाग के पेशानी पर बल ला दिए हैं। क्योंकि यह देखा गया कि पिछले छह वर्ष के दौरान जनवरी से अगस्त के पहले हफ्ते की अवधि के दौरान इस बार स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। पिछले वर्ष की तुलना में भी इस वर्ष डेंगू पीड़ित लोगों की संख्या दोगुनी है। यों राजधानी में डेंगू का दंश कोई नई बात नहीं है। सरकार से लेकर आम लोगों तक को इसकी गंभीरता और खतरे का अंदाजा है। विडंबना है कि जिन मच्छरों के काटने से यह बुखार फैलता है, उसके नियंत्रण के लिए न तो सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए जाते हैं, न ही लोग अपने स्तर से जरूरी सावधानी बरतते हैं। जबकि सबको पता है कि डेंगू फैलाने के लिए जिम्मेदार मच्छरों की प्रकृति क्या है, वह किस वक्त काटता है और उससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए। मगर इस मसले पर बरती गई व्यापक लापरवाही का नतीजा यही है कि अब फिर डेंगू अपने आक्रामक तेवर में लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। गंदगीयुक्त वातावरण खाद्य सामग्री का उपयोग करना, घरों में जरूरी साफ-सफाई का पालन नहीं करने से ही हम इस छुपे हुए डेंगूरूपी दुश्मन को निमंत्रण देते हैं और फिर हमें इससे निजात पाने में कितना कष्ट भेगना पड़ता है इसे संक्रमित हो चुके लोगों की महीनों तक कमजोरी से नहीं उबर पाने की स्थिति को देखकर अहसास किया जा सकता है। मुश्किल यह है कि कई बार लोग बुखार को सामान्य और मौसमी संक्रमण मान लेते हैं और उसी तरह उसका इलाज भी करते हैं। जबकि यह संभव है कि इस मौसम में होने वाला बुखार डेंगू के रूप में पल रहा हो। शुरुआती लापरवाही का नतीजा तब पता चल पाता है जब खून में प्लेटलेट की कमी होने लगती है। जबकि अगर समय रहते जांच करवा कर इसका पता लगा लिया जाए तो इस बुखार के खतरे को कम किया जा सकता है। घर और आसपास डेंगू के मच्छरों के पलने और बढ़ने से रोकने के लिए पानी जमा न होने देने के साथ-साथ बुखार की जांच जैसी बहुत छोटी सावधानियां बरत कर इससे बचना संभव है। लेकिन अफसोस यह है कि न तो वक्त पर सरकार इससे बचाव को सुनिश्चित करने के लिए अपनी ओर से जरूरी कदम उठाती है और न आम लोगों के बीच अपेक्षित जागरूकता और सतर्कता देखी जाती है। नतीजतन, जिस डेंगू का सामना करना और उससे बचना आसान है, उसकी चपेट में आकर लोगों की स्थिति गंभीर हो जाती है। इस वर्ष ज्यादा गंभीर तरीके से डेंगू के फैलते पांव के मद्देनजर जरूरी है कि नगर निगम से लेकर सभी संबंधित महकमे इससे बचाव के लिए हर स्तर पर सतर्क रहें। डेंगू के साथ-साथ मलेरिया और चिकनगुनिया भी अब अपने पैर पसारने लगे हैं। राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में मलेरिया से प्रभावित हुए 510 रोगियों की संख्या को देखते हुए पश्चिमी राजस्थान में इसके ज्यादा प्रभावशाली होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। बाड़मेर के बाद सबसे ज्यादा 72 मलेरिया रोगी जैसलमेर में सामने आ चुके हैं। इनके बाद उदयपुर में 63 केस दर्ज किए गए हैं। चिकनगुनिया की बात की जाए तो पूरे राजस्थान में 8 अगस्त तक पंजीबद्ध 66 मामलों में से अकेले जयपुर में 31 केस सामने आ चुके हैं। मतलब करीब आधे चिकनगुनिया पीड़ित जयपुर में उपचाराधीन हैं, ऐसे में यह खतरे का अलार्म ही कहा जा सकता है। स्वयं की जागरूकता ही इन मौसमी बीमारियों से बचने का एकमात्र उपाय है। अत: अब समय रहते हमें भी सतर्क हो जाना चाहिए।

**पिछले दिनों राजधानी जयपुर में डेंगू से हुई दो मौतों से स्थिति की भयावहता को आसानी से समझा जा सकता है कि मौसमी बीमारियों ने अब रोगियों को किस कदर अपनी जद में लेना शुरू कर दिया है। तीन दिन पहले अर्थात् 8 अगस्त तक के सरकारी अधिकृत आंकड़ों पर यदि गौर किया जाए तो सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में राजधानी जयपुर डेंगू के 271 पॉजिटिव केसों के साथ शीर्ष पायदान पर नजर आती है। कई बार लोग बुखार को सामान्य और मौसमी संक्रमण मान कर उसी तरह उसका इलाज भी करते हैं। जबकि यह संभव है कि इस मौसम में होने वाला बुखार डेंगू के रूप में पल रहा हो। इस साल फिर जयपुर में डेंगू का प्रकोप जैसा दिख रहा है। यह चिंताजनक है।**

# ऐतिहासिक गलती स्वीकार करे मुस्लिम पक्ष

**उत्तर प्रदेश** के वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर पर विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा। हमें ज्ञानवापी बोलना चाहिए। मुस्लिम पक्ष को अपनी 'ऐतिहासिक गलती' स्वीकार करनी चाहिए और समाधान पेश करना चाहिए। मुख्यमंत्री समाचार एजेंसी एएनआई की संपादक स्मिता प्रकाश के साथ पॉडकास्ट में बातचीत कर रहे थे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह ज्ञानवापी है और यह मामला माननीय न्यायालय में गया है। माननीय न्यायालय स्वयं देख लें कि भौतिक साक्ष्य हैं, शास्त्रीय प्रमाण हैं, अन्य पुरातात्विक प्रमाण भी होंगे, तो स्वाभाविक रूप से इस पर निर्णय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं मुस्लिम समाज से भी अपील करूंगा कि आज हमें विकास के बारे में चर्चा करनी चाहिए। पाकिस्तान की दुर्गति और वहां छीनाझपटी की स्थिति आप देख रहे होंगे। दूसरों के लिए कांटा बोने वाले पर कभी पुष्प वर्षा नहीं होती। उन कांटों से ही उनके शरीर भी छलनी होते हैं। आज जो पाकिस्तान में हो रहा है, वह उसके कर्मों का फल है। इसलिए पुरानी गलतियों की पुनरावृत्ति न होने दें।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मुझे लगता है, भगवान ने जिसको दृष्टि दी है, वह देखे। त्रिशूल मस्जिद के भीतर क्या कर रहा है? हमने तो नहीं रखा, वहां तो सुरक्षा है। केंद्रीय बल है, उनके मुतवल्ली हैं, ताला-चाभी उनके पास रहता है, तो त्रिशूल कैसे वहां बने हुए हैं। ज्योतिर्लिंग हैं, देव प्रतिमाएं हैं, पूरी दीवारें चिल्ला-चिल्ला कर कह रही हैं। और उसके बाद भी हम जान-बूझ कर न दिखने का ढोंग करें तो यह गलत है। एक होता है जिसे जन्म से नहीं दिखता, दृष्टिबाधित है, दिव्यांग है। और एक है जो आंख होते हुए भी जान-बूझकर न दिखने का ढोंग करे। जो दृष्टिबाधित है, उसे दिशा दिखाई जा सकती है, परंतु जो ढोंग कर रहा है, उसे कोई दिखा नहीं सकता।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो उन प्रमाणों को नकार रहा है, जो उन प्रमाणों के होने के बावजूद कहता है कि नहीं, जबरदस्ती वाली बात करता है, वह ढोंगी ही हो सकता है। आप इतिहास को तोड़-मरोड़ सकते हैं, परंतु ऐतिहासिक साक्ष्यों को नहीं। वहां की दीवारें चिल्ला-चिल्ला कर जो कह रही हैं, उन ऐतिहासिक साक्ष्यों को भी देखने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि यह प्रस्ताव मुस्लिम समाज की ओर से आना चाहिए कि ऐतिहासिक गलती हुई है और उस गलती का समाधान हो।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश संविधान से चलेगा, मत और मजहब से नहीं। मैं ईश्वर का भक्त हूं, लेकिन किसी पाखंड में विश्वास नहीं करता। आपका मत,आपका मजहब, अपने तरीके से होगा, अपने घर में होगा। अपनी मस्जिद,अपनी इबादतगाह तक होगा। सड़क पर प्रदर्शन करने के लिए नहीं और इसको आप उसे किसी भी अन्य तरीके से दूसरे पर थोप नहीं सकते। नेशन फर्स्ट। अगर देश में किसी को रहना है तो राष्ट्र को सर्वोपरि मानना है, अपने मत और मजहब को नहीं। उन्होंने कहा कि यूसीसी पर दुष्प्रचार ज्यादा है। हम सामाजिक न्याय की बात करते हैं और परिवार में



न्याय नहीं कर पा रहे हैं। मामला शादी-ब्याह का हो, या संपत्ति या विरासत का हो, कानून सब पर एक समान रूप से लागू होना चाहिए। एक देश-एक कानून का सिद्धांत तो लागू होना ही चाहिए। दुनिया में कोई अल्पसंख्यक समाज अपने लिए विशेष कानून की बात नहीं करता, वह बहुसंख्यक के साथ जुड़ने की बात करता है। दुर्भाग्य की बात है कि भारत में ये लोग अल्पसंख्यक के नाम पर अपने लिए विशेष अधिकार की मांग करते हैं। भारत के कानून को सबको स्वीकार करना चाहिए और उसी में सबकी सुरक्षा और सबकी समृद्धि निहित है।

जब ये देश 1947 में स्वतंत्र हुआ, दुर्भाग्यवश उसके एक दिन पहले देश का विभाजन भी हुआ। बहुत सारे लोग उस समय देश की स्वतंत्रता के जश्न में शामिल नहीं हो पाए होंगे। या उसका कोई चश्मदीद आज के समय में बताने की स्थिति में नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को जिस भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया है, उसके बाद हम सब कह सकते हैं,आज की पीढ़ी का हर नागरिक कह सकता है कि, जब इस देश ने अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे किए थे, तब हमने उस जश्न में सहभागिता की थी, हर घर पर तिरंगा फहराकर। हर ग्राम पंचायत और हर नगर निकाय कह सकता है कि हम भी भागीदार बने थे क्योंकि हमारे नगर, हमारे गांव में अमृत महोत्सव हुआ है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के मुख्य संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को कुछ संकल्प दिलवाए थे कि यदि 2047 में एक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है तो पंच प्रण लेने होंगे। इस पंच प्रण में विरासत का सम्मान भी है, गुलामी के हिस्सों को सर्वथा समाप्त करना भी है,और नागरिक कर्तव्य भी है। ऐसा ही अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण है। यह उसी विरासत का सम्मान है। यह कार्य स्वतंत्र भारत में 1947 में होना चाहिए था, परंतु दूरदर्शिता का अभाव और भारत की परंपरा और भारतीय संस्कृति के प्रति दुराव स्पष्ट दिखाई देता है अन्यथा यह विवाद 1947 में सुलझ सकता था,1949 में सुलझ सकता था, परंतु कभी सुलझने नहीं दिया गया। आखिर यह आज कैसे सुलझ गया, कोई विवाद तो नहीं हुआ। लोग बड़े-बड़े दावे करते थे परंतु उत्तर प्रदेश में शांति बनी हुई है।

यह मेरा सौभाग्य है कि जब एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संपन्न किया जा रहा है, और देशभर से सहयोग मिल रहा है, तो स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री के साथ-साथ एक रामभक्त के रूप में भी तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने का मुझे अवसर मिल रहा है। मेरे लिए यह बहुत गौरव का क्षण था और आत्मिक रूप से भी संतुष्टि का माध्यम बना। कांग्रेसनीत गठबंधन पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन को 'इंडिया' नहीं बोलना चाहिए। यह तो डॉट कॉम ग्रुप है। चोला बदलने से उन्हें पिछले कर्मों से मुक्ति नहीं मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पिछले सवा 6 साल से मुख्यमंत्री हूं। 2017 से उत्तर प्रदेश में कोई दंगा तो नहीं हुआ। बड़ी-बड़ी बातें करने वाले लोग देखें कि चुनाव कैसे होते हैं। पंचायत चुनाव, नगर निकाय चुनाव, विधानसभा चुनाव हुए। पश्चिम बंगाल में भी चुनाव हुए, वहां क्या हाल हुआ। देखा तो है ही न। क्या पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं देश को? कुछ लोग सत्ता में आकर जबरन पूरी व्यवस्था को कैद कर देना चाहते हैं, जो हमें पश्चिम बंगाल में देखने को मिला। कैसे वहां विरोधी दलों के लोगों को मारा गया। ये चीजें आंखों को खोलने वाली हैं। उस पर कोई बोलता नहीं। 1990 में जो कुछ कश्मीर में हुआ, उस पर सब मौन हैं।

# रंग लाए प्रयास, धुंधलाने लगी है गरीबी रेखा

दीपक उपाध्याय

**दमोह** जिले के एक छोटे-से गांव में रहने वाली मनीषा अहिरवार और उसका परिवार कोरोना की पहली लहर में अपने गांव लौट गया था। मनीषा के परिवार के पास खेत के नाम पर सिर्फ 3 बीघा जमीन थी, इसलिए अपने बच्चों को छोड़कर वह पति के साथ फरीदाबाद में मजदूरी करती थी। लेकिन कोरोना काल बीतने के बाद भी मनीषा और उसका परिवार मजदूरी करने वापस दिल्ली-एनसीआर में नहीं आया। घरेलू सहायिका का काम करने वाली मनीषा कहती है कि अब वह दूसरों के घर मजदूरी करने क्यों जाए, जबकि गांव में ही अच्छी कमाई हो रही है।

दरअसल, मनीषा की ससुराल के पड़ोस के गांव में एक किसान मोती की खेती करता था, जिससे उसे अच्छी कमाई होती थी। मनीषा और उसके पति को भी इससे मोती की खेती की प्रेरणा मिली। दंपती ने अपने खेत में तालाब बनाकर मोती की खेती शुरू की। इसके लिए उन्होंने बाकायदा प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण से लेकर बाकी व्यवस्था एक निजी कंपनी ने की, जो अब इनसे मोती भी खरीदती है। कुछ माह में ही मनीषा ने गांव में अपना पक्का घर बना लिया और पति ने मोटरसाइकिल खरीद ली।

बुंदेलखंड के इस इलाके में सूखे की मार किसानों को मजदूर बना देती देती थी। इसलिए रोजगार की तलाश में वे पूरे देश में जाते थे। लेकिन अब समय बदलने लगा है। सरकार ने सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में कई योजनाएं शुरू की हैं। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली लौट रही है। गरीबों के पास अपना घर, पीने का पानी, रसोई गैस और बैंक खाता सहित सभी सुविधाएं हैं। इन्हें सबसे बड़ा लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) से हुआ है। सरकार द्वारा जनधन के तहत जिन 48 करोड़ से अधिक लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं, उनमें अधिकांश गरीबी रेखा से नीचे या गरीबी रेखा के मापदंडों के आसपास ही हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। मतलब उनके खान-पान, शिक्षा, रहन-सहन इत्यादि में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। नीति आयोग ने बहुआयामी गरीबी सूचकांक तैयार किया है।

2011 तक देश में तीन में सिर्फ एक व्यक्ति के पास बैंक खाता था, लेकिन अब देश की 80 प्रतिशत आबादी के पास बैंक खाता है। जिन जनधन खातों को बैंकों के लिए बोझ बताया जाता था, उन खातों में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए जमा हैं। देश में गरीबी मिटाने में जनधन खातों ने बड़ी भूमिका निभाई है। जनधन खाता खुलने के बाद देश में गरीबों के पास सीधे सरकारी मदद पहुंचने लगी है, जो पहले भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। लिहाजा, देश में गरीबों की संख्या में भारी कमी आई है।

स्वदेशी जागरण मंच के सह-संगठक सतीश कुमार के अनुसार, जनधन खातों में भी 26 करोड़ खाते महिलाओं के हैं, जो बचत के पैसे अपने बैंक खातों में डाल रही हैं। इस बचत ने



गरीब परिवारों को अपने पैरों पर खड़ा किया है। बचतों के पैसों से गरीब परिवार छोटे-छोटे रोजगार कर रहे हैं। इसका बड़ा असर हुआ है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। मतलब उनके खान-पान, शिक्षा, रहन-सहन इत्यादि में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। नीति आयोग ने बहुआयामी गरीबी सूचकांक का दूसरा संस्करण तैयार किया है। इस तरह का पहला संस्करण नवंबर 2021 में जारी किया गया था। 2015-16 के परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) और 2019-21 के एनएफएचएस की तुलना के आधार पर तैयार रिपोर्ट 'राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023' के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत पर आ गई है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे अधिक योजनाएं शुरू कीं, उससे लोगों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। दूसरी ओर शहरी इलाकों में गरीबी दर 8.65 से घटकर 5.27 प्रतिशत रह गई है। इसका मतलब यह है कि गांवों में अभी भी शहरों की तुलना में तीन गुना अधिक गरीबी है।

रिपोर्ट के अनुसार, आबादी की दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश ने गरीबों का जीवन बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। यहां गरीबों की संख्या में 3.43 करोड़ की बड़ी गिरावट आई है। इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान का स्थान है। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी कम करने में पोषण में सुधार, स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और घरेलू गैस की भूमिका महत्वपूर्ण रही। केंद्र सरकार ने 2030 तक गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों की संख्या को आधी करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन यह रिपोर्ट कहती है कि यह लक्ष्य काफी पहले ही हासिल हो जाएगा। इससे पहले नवंबर 2021 में राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) जारी किया गया था।

आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी द्वारा गत 17 जुलाई को जारी रिपोर्ट में कुल मिलाकर 12 ऐसे बिंदु हैं, जिनके आधार पर जीवन स्तर को देखा जाता है। इसमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य,स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी 12 संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है, जिससे गरीबी में कमी आई है। इसी के साथ देश में इंटरनेट का प्रयोग भी काफी बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, देश के शहरी क्षेत्रों में 51.8 प्रतिशत महिला व 72.5 प्रतिशत पुरुष तथा ग्रामीण इलाकों में 24.6 प्रतिशत महिला व 48.7 प्रतिशत पुरुष इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के आंकड़ों के अनुसार, इंटरनेट के उपयोग को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बीच अभी अंतर तो है, लेकिन यह धीरे-धीरे घट रहा है। इंटरनेट के जरिए किसान फसलों के भाव से लेकर खेती की नई-नई तकनीक और मार्केटिंग के गुर भी सीख रहे हैं। इस वजह से गांवों में गरीबी के स्तर में कमी आई है।

कुछ दिन पहले संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने भी कहा था कि भारत में लगभग 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। भारत में लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की दुनियाभर में प्रशंसा हो रही है। विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने भी कहा है कि भारत जिस तरह विकास और रोजगार की बदौलत गरीबी से मुकाबला कर रहा है, उससे गरीबी को तेजी से कम किया जा सकता है।

## राशिफल

**आज दिनांक 11 अगस्त, 2023, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2080, सावन माह (अधिक मास), कृष्ण पक्ष एकादशी, मृगशिरा नक्षत्र, बव करण, व्याघात योग, राहुकाल: सुबह 10:55 से 12:32 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:05 बजे, सूर्यास्त शाम 6:58 बजे, चंद्रोदय रात 1:19 बजे, चंद्रास्त दोपहर 3:29 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:06 से 12:57, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:29 से 5:17 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**

मेष: वित्त काफी अच्छा दिख रहा है क्योंकि उन्हें अपने जीवनसाथी या व्यावसायिक भागीदारों से समर्थन मिलने की संभावना है। जो लोग अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं उन्हें विकास और साझेदारी के अवसर मिल सकते हैं। अपनों से मेल-मिलाप करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

वृषभ: स्वास्थ्य अच्छा दिख रहा है, लोग ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं और दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। संतुलित आहार और नियमित रूप से व्यायाम करना महत्वपूर्ण है। अविवाहित लोग इस समय का लाभ उठाकर शादी समारोह में शामिल हो सकते हैं।

मिथुन: आत्म-निपुणता आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है। आप अपनी भावनाओं और मानसिकता पर नियंत्रण की भावना प्राप्त कर सकते हैं। आपकी शारीरिक तंदुरुस्ती आपके मन की सकारात्मकता के अनुरूप होगी। आपके बच्चे आपकी दुनिया को सकारात्मक दिशा में घुमाएंगे। पैसों की तंगी हो सकती है।

कर्क: अचल संपत्ति, स्टॉक और अन्य वित्तीय संपत्तियों में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपने साथी के साथ एक अच्छी कॉफी डेट का आनंद ले सकते हैं। अपने साथी के साथ छोटी-छोटी बातें करने से आप बेहद खुश और उत्साहित रहेंगे।

सिम्हा: अतिरिक्त आवश्यकताएं आपके खर्च को बढ़ा सकती हैं। आपको अपनी वित्तीय वृद्धि और भविष्य की योजनाओं को रणनीतिक बनाने के लिए एक योजना बनानी पड़ सकती है। सेवानिवृत्ति योजना और भविष्य की बचत के बारे में सोचने का यह एक अच्छा समय है।

कन्या: आज हो सकता है कि आप खुद को एक संपन्न पेशेवर स्थिति में न पाएं। कुछ लोग अपनी वर्तमान नौकरी में अटका हुआ महसूस कर सकते हैं जबकि अन्य पेशेवर संतुष्टि हासिल करने के लिए थोड़ा और अधिक चाहते हैं।

तुला: वित्त अच्छा है, स्थिरता और सुरक्षा की भावना प्रदान करता है, जबकि पारिवारिक जीवन में भी खुशी आने की उम्मीद है। स्वास्थ्य काफी अच्छा है, अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। संपत्ति के मोर्चे पर अच्छी खबर मिलेगी।

वृश्चिक: व्यवसाय के विस्तार और नई साझेदारियों के अवसरों के साथ, वित्त आशाजनक दिख रहा है। सावधानीपूर्वक बजट और स्मार्ट निवेश से धन में वृद्धि और स्थिरता हो सकती है। पारिवारिक जीवन खुशी और गर्मजोशी से भर सकता है।

धनु: यह एक बेहतरीन दिन है। आपके पास एक अच्छा बैंक बैलेंस हो सकता है। अगर आप आज अपना पैसा निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो कुछ समझदारी भरे फैसले लेने की कोशिश करें। आपकी क्षमताएं करियर के नए रास्ते खोल सकती हैं।

मकर: यह दिन मिलाजुला रह सकता है। फिट और ठीक रहने के लिए आप एक अच्छी डाइट और व्यायाम की दिनचर्या का पालन कर सकते हैं। परिवार के सदस्य किसी रस्म को मनाने के लिए साथ आ सकते हैं। दोस्तों के साथ एक छोटी यात्रा आपको तरोताजा कर सकती है।

कुंभ: आपके पास एक स्थिर वित्तीय स्थिति हो सकती है और आप अपने सभी पुराने ऋणों का भुगतान कर सकते हैं। आप बचत और खर्चों में कटौती पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। घर की नई साज-सज्जा पर खर्च करने के संकेत हैं। पारिवारिक यात्रा के योग हैं।

मीन: यह दिन मध्यम रहने के संकेत हैं। यह काफी व्यस्त दिन हो सकता है और दिन के अंत तक आप थोड़ा थका हुआ महसूस कर सकते हैं। गृहणियां बदलाव के लिए तरस सकती हैं और धार्मिक स्थान की यात्रा की योजना बना सकती हैं। करियर के विकास को लेकर आप अधिक केंद्रित और चिंतित हो सकते हैं।

## गंभीर और दृढ़ चरित्र के कारण सरदार वल्लभ भाई पटेल बने लौहपुरुष

प्रेरक प्रसंग

**सरदार** वल्लभ भाई पटेल एक दिन अदालत में मुकदमे पर अपने तर्क दे रहे थे। मामला बहुत ज्यादा गंभीर था। थोड़ी सी लापरवाही के कारण उनके क्लाइंट को फांसी की सजा मिल सकती थी।

सरदार पटेल जज के सामने आत्मविश्वास से तर्क दे रहे थे। तभी एक व्यक्ति ने आकर उन्हें एक कागज हाथ में थमाया। सरदार पटेल ने उस कागज को पड़ा ध्यान से पढ़ा। उन्होंने कागज को अच्छी तरह से मोड़कर जेब में रख लिया।

मुकदमे की कार्यवाही पूरी हुई। सरदार पटेल के प्रभावशाली तर्कों से और उनके आत्मविश्वास से उनके क्लाइंट की जीत हुई।

अदालत से बहार निकलते समय उनके एक साथी वकील ने सरदार पटेलजी से पूछा कि कागज में क्या लिखा हुआ था? तब सरदार पटेल ने बताया कि वह मेरी प्रिय पत्नी की मृत्यु की सूचना का संदेशा था तब वकील ने आश्चर्य से कहा कि इतनी बड़ी घटना घट गई और आप तर्क से बहस करते रहे।

सरदार पटेल ने उत्तर दिया, 'उस समय मेरा ध्यान और ऊर्जा अपना कर्तव्य पूरा करने में थी, मेरे क्लाइंट का जीवन मेरे तर्क और आत्मविश्वास पर निर्भर था।

मेरी थोड़ी सी निराशा भी उसे फांसी के तख्ते पर आसानी पहुंचा सकती थी। पत्नी तो जा ही चुकी थी। जो मेरे हाथ मैं नहीं था पर क्लायंट को कैसे जाने देता उसका जीवन मेरे पर निर्भर था।'

**शिक्षा:** आज भी गंभीर और दृढ़ चरित्र के कारण ही सरदार वल्लभ भाई पटेल लौहपुरुष कहे जाते हैं।

## सुडोकु 1497

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 1 | | 5 | 2 | | 7 |
| | | | | 7 | 4 | 9 | | |
| | 1 | | | | | 3 | 6 | |
| | | | | | 1 | | | 3 |
| | | | | 4 | 9 | 5 | | 1 |
| 7 | | | | | | | 2 | |
| | | | | | | 6 | | 4 |
| 6 | | | | | 3 | | | |
| | | | | 9 | | 1 | 7 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 1496 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 2 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# उत्तर कोरिया के तानाशाह का सेना को आदेश- युद्ध के लिए रहो तैयार

**सोल**

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग एक बार फिर अपने दुश्मनों से निपटने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने अपनी सेना के शीर्ष जनरल को बदल दिया है। साथ ही सेना को युद्ध की हर संभव स्थिति में तैयार रहने के लिए कहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने हथियारों के उत्पादन में वृद्धि और सैन्य अभ्यास बढ़ाने का भी आदेश दिया है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार किम ने केंद्रीय सैन्य आयोग की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उत्तर कोरिया के दुश्मनों को रोकने के लिए जवाबी उपायों की योजनाओं पर चर्चा हुई। हालांकि, बैठक में किसी भी दुश्मन देश का नाम नहीं लिया गया।

**रक्षा मंत्री के पद पर कौन :** बताया जा रहा है कि सेना के शीर्ष जनरल, जनरल स्टाफ के प्रमुख पाक सु इल को उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह री योंग गिल को नया जनरल बनाया गया है। हालांकि, पाक सु इल को हटाने के पीछे कोई खास वजह नहीं बताई गई है। फिलहाल, यह भी स्पष्ट नहीं है कि गिल रक्षा मंत्री के पद पर रहेंगे या नहीं।

**हथियार कारखानों का दौरा :** रिपोर्ट में बताया गया है कि किम ने हथियार उत्पादन क्षमता के विस्तार का लक्ष्य भी रखा है। पिछले सप्ताह उन्होंने हथियार कारखानों का दौरा किया, जहां उन्होंने अधिक मिसाइल इंजन, तोपखाने और अन्य हथियार बनाने के लिए कहा था। वहीं, सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें किम दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल और उसके आसपास के इलाकों को पॉइंट आउट करते दिख रहे हैं।

**यह देश किम पर लगाता रहा है आरोप :** गौरतलब है, संयुक्त राज्य अमेरिका का आरोप है कि यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को उत्तर कोरिया ने हथियार मुहैया कराए हैं। इसमें तोपखाने के गोले, रॉकेट और मिसाइलें शामिल हैं। हालांकि, रूस और उत्तर कोरिया ऐसे दावों का खंडन करता रहा है।

## न्यूज इन बॉक्स

### जहरीले मशरूम खाने से 3 की मौत, 1 की गंभीर

**विक्टोरिया**

**ऑस्ट्रेलिया के** विक्टोरिया राज्य में चार लोगों का एक परिवार एक रिश्तेदार के घर भोज खाने गया था, लेकिन जहरीला मशरूम खाने से उनमें से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चौथे सदस्य की हालत गंभीर बनी हुई है। ऑस्ट्रेलिया पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चौथा अस्पताल पहुंच गया। हत्याकांड के जासूस इस मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने उस महिला से भी पूछताछ की है, जिसने 29 जुलाई को अपने घर पर खाना बनाया था, लेकिन वह खुद बीमार नहीं हुई। हालांकि पुलिस ने बिना कोई आरोप दर्ज किए उसे रिहा कर दिया है, लेकिन पुलिस उसे एक संदिग्ध मान रही है।

### इक्वाडोर के राष्ट्रपति फर्नांडो की गोली मारकर हत्या

**इक्वाडोर**

**राष्ट्रपति पद** के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंसियो को चुनाव से पहले भी इस तरह की खबर मिली थी कि उनकी हत्या की जा सकती है, लेकिन ये बात किसी ने भी नहीं सोची थी कि चुनाव प्रचार के दौरान ही उनके साथ ये वारदात हो जाएगी। दरअसल नेशनल असेंबली के सदस्य फर्नांडो जैसे ही पब्लिक मीटिंग में अपने भाषण के बाद अपनी कार में बैठने जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक शख्स ने पहले उन्हें आवाज दी और फिर बेहद नजदीक से उनके सिर पर गोली मारकर वहां से भाग निकला। आने वाली 20 अगस्त को इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद का चुनाव होने जा रहा है। इस समय इक्वाडोर की कमान राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो के हाथ में है, लेकिन फर्नांडो पूरे देश में घूम घूमकर लासे की नीतियों और उसकी खामियों के बारे में प्रचार करते घूम रहे थे।

# पाकिस्तानी संसद भंग, पीएम शाहबाज की सिफारिश को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

### पीएम को नियुक्त किया जाएगा केयरटेकर

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की संसद यानी नेशनल असेंबली बुधवार देर रात कार्यकाल खत्म होने से 3 दिन पहले ही भंग कर दी गई। बुधवार को ही प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने संसद भंग करने की सिफारिश राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के पास भेजी थी। देर रात राष्ट्रपति ने इसे अपनी मंजूरी दे दी।

पाकिस्तान के प्रेसिडेंट ऑफिस ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्टिकल 58-1 के तहत संसद को भंग किया गया है। इसके साथ ही केयरटेकर प्रधानमंत्री को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सरकार के आखिरी दिन कैबिनेट को संबोधित करते हुए पीएम शाहबाज ने कहा कि गठबंधन की सरकार ने अपने हितों को परे कर देश को बचाने के लिए बड़ी कुर्बानी दी है।



**शाहबाज और विपक्ष के नेता तय करेंगे केयरटेकर पीएम :** शाहबाज शरीफ और विपक्ष के नेता राजा रियाज केयरटेकर पीएम का नाम तय करने के लिए चर्चा करेंगे। अगर इन दोनों में 3 दिनों के भीतर सहमति नहीं बनी तो मामला संसदीय कमेटी के पास चला जाएगा। अगर यहां भी सहमति नहीं बनी तो इलेक्शन कमीशन फैसला करेगा।

### पाकिस्तान में चुनाव की तारीख तय नहीं

शाहबाज ने कुछ दिन पहले कहा था- जनरल इलेक्शन तय वक्त (अक्टूबर के आखिर या नवंबर की शुरुआत) पर होंगे। इसके साथ ही राज्यों में भी चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि, उनके ही होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने मंगलवार को कहा- मार्च से पहले इलेक्शन कराना मुमकिन ही नहीं है।

### टेन्योर से 3 दिन पहले ही भंग की गई असेंबली

नेशनल असेंबली का टेन्योर 12 अगस्त तक था। इसे 3 दिन पहले 9 अगस्त को ही भंग कर दिया गया। पाकिस्तान का संविधान कहता है कि अगर टेन्योर खत्म होने के पहले असेंबली डिसॉल्व की जाती है तो उन हालात में इलेक्शन 90 दिन के अंदर कराए जाएं। दूसरी तरफ, अगर नेशनल असेंबली अगर तय वक्त (इस बार 12 अगस्त 2023) पर भंग की जाती है तो इलेक्शन 60 दिन के भीतर कराने होंगे। जाहिर है, तीन दिन पहले असेंबली भंग करके शाहबाज चुनाव को कम से कम एक महीना टाल सकते हैं।

## इमरान खान को पीएम पद से हटाने के लिए अमेरिका ने डाला था दबाव, पाक ने किया खुलासा

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तोशाखाना मामले में दोषी पाए जाने के बाद तीन साल तक जेल की सजा काटेंगे। अप्रेल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव से सत्ता गंवाने वाले इमरान अपने हश्र के लिए हमेशा अमेरिका को दोषी ठहराते रहे हैं। द इंटरसेप्ट की एक रिपोर्ट पर अगर यकीन किया जाए तो ऐसा लगता है कि वह सच कह रहे थे। इंटरसेप्ट, अमेरिका का गैर लाभकारी समाचार संगठन है। उसने कुछ केबल्स के हवाले से कहा है कि अमेरिका के दबाव में इमरान को उनकी सत्ता से हटाया गया था।

इंटरसेप्ट का दावा है कि क्लासीफाइड पाकिस्तान के सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिका के विदेश विभाग ने सात मार्च, 2022 की मीटिंग में इमरान को पीएम पद से हटाने के लिए पाकिस्तानी सरकार से कहा था। अमेरिका यूक्रेन पर रूसी आक्रमण पर उनके तटस्थ रुख से खुश नहीं था। पाकिस्तानी सरकार के लीक हुए दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों के साथ मीटिंग के एक महीने बाद, संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। वोटिंग के बाद इमरान खान की सरकार गिर गई और उन्हें सत्ता से हटना पड़ा। माना जाता है कि यह वोट पाकिस्तान में सबसे शक्तिशाली सेना की मदद से आयोजित किया गया था।

## स्पोर्ट्स

### राजस्थान को मिली छह खेलों में राष्ट्रीय स्कूली स्पर्धाओं की मेजबानी

# जयपुर में कबड्डी, जोधपुर में टेनिस और बाड़मेर में बास्केटबॉल के होंगे मुकाबले

### बीकानेर में वेट लिफ्टिंग एवं सॉफ्टबॉल, श्रीगंगानगर में जूडो के टूर्नामेंट होंगे

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने वर्ष 2023-2024 के लिए 67वां नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर जारी करते हुए राजस्थान को टेनिस, बास्केटबॉल, जूडो, वेटलिफ्टिंग, सॉफ्टबॉल और कबड्डी की छह राष्ट्रीय स्कूली स्पर्धाओं की मेजबानी सौंपी है। प्रदेश में नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर में एक साथ आधा दर्जन खेलों के नेशनल मुकाबलों के आयोजन का यह पहला मौका होगा।

स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में जोधपुर में टेनिस (अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्रा संवर्ग), दिसंबर 2023 के द्वितीय सप्ताह में बाड़मेर में बास्केटबाल (अंडर-14 छात्रा संवर्ग), फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में श्रीगंगानगर में जूडो (अंडर-19 छात्र एवं छात्रा संवर्ग), नवंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में बीकानेर में सॉफ्टबाल (अंडर-17 छात्र एवं छात्रा संवर्ग), जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में जयपुर में कबड्डी (अंडर-17 छात्रा संवर्ग) तथा नवंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में बीकानेर में वेट लिफ्टिंग (अंडर-19 छात्र एवं छात्रा संवर्ग) के टूर्नामेंट आयोजित होने प्रस्तावित हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला एवं शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान ने प्रदेश को एक साथ इन 6 राष्ट्रीय स्पर्धाओं की मेजबानी प्राप्त होने को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि इससे विभाग के तहत स्कूली खेल गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा और राज्य में सभी खेलों में प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे।

#### अन्य राज्यों में जीत चुके हैं कई पदक

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली, भोपाल और ग्वालियर में आयोजित 66वें नेशनल स्कूली गेम्स में प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के बैनर तले राजस्थान के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में 8 स्वर्ण, 9 रजत और 15 कांस्य पदक जीत शानदार प्रदर्शन किया था। इस पृष्ठभूमि में स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के इस फैसले को महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

शिक्षा निदेशालय बीकानेर से खेलकूद प्रभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक विगत वर्षों में अलग-अलग अवसरों पर प्रदेश में 6 बार स्कूली गेम्स से संबंधित खेल स्पर्धाओं के राष्ट्रीय आयोजन हुए हैं, जबकि इस बार एक ही कैलेंडर वर्ष में 6 राष्ट्रीय स्पर्धाओं की मेजबानी राजस्थान को मिली है।

### केनेडियन ओपन : संन्यास से वापसी करने वाली वोजनियाकी दूसरे दौर में

**विशेष संवाददाता**

**मांट्रियल।** डेनमार्क की महिला टेनिस खिलाड़ी कैरोलिन वोजनियाकी ने संन्यास से वापसी करने के बाद कनाडियन ओपन टूर्नामेंट में किंबरले बिरेल को सीधे सेटों में शिकस्त देकर दूसरे दौर में जगह बना ली। वोजनियाकी ने पहले दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी को 6-2, 6-2 से आसानी से हरा दिया। वोजनियाकी की अगले दौर में भिड़ंत विंबलडन की विजेता चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोयूसोवा से होगी, जिन्होंने मेयर शेरिफ को 6-4, 6-2 से पराजित किया।

### रग्बी नेशनल चैंपियनशिप 2023 का चयन ट्रायल 14 से जयपुर में

**जयपुर (मसं)।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 5वीं व्हीलचेयर रग्बी नेशनल चैंपियनशिप 2023 के लिए राजस्थान व्हीलचेयर रग्बी टीम का चयन ट्रायल 14 अगस्त को महेश नगर स्थित जयपुर चिल्ड्रन एकेडमी में सुबह 9 बजे से होगा। दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर ने बताया कि इस चैंपियनशिप 2023 में केवल परमानेंट व्हीलचेयर वाले खिलाड़ी ही ट्रायल दे सकेंगे। ऐसे में दिव्यांग होकर भी अपने हौसले और जुनून के बल पर खेल के क्षेत्र में 5वीं व्हीलचेयर रग्बी नेशनल चैंपियनशिप 2023 में भाग लेंगे।

### प्रेयांश और जयवर्धन में होगा फाइनल मुकाबला

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर जिला टेनिस संघ के तत्वावधान में पिंकसिटी टेनिस सेंटर के दोनों खिलाड़ियों प्रेयांश और जयवर्धन के बीच आईटा अंडर 16 बालक एकल फाइनल मुकाबला होगा। जयपुर जिला टेनिस संघ के सचिव पंकज दीक्षित ने बताया कि सेमीफाइनल में प्रेयांश तंवर (राजस्थान) ने मलिक मोहम्मद रेहान (मध्य प्रदेश) को 6-0, 6-2 से तथा जयवर्धन भाटिया (राजस्थान) ने आदित्यराज इयेंगर (महाराष्ट्र) को 6-4, 5-7, 6-3 से हराया। बालक युगल सेमी फाइनल में मलिक मोहम्मद रेहान (म.प्र) व आदित्यराज इयेंगर (महा.) ने ओजस्वीर सिंह (राज.) व दर्श पाबुवाल (राज.) को 6-3, 6-7(6), 10-8 से, प्रियांशु बिश्नोई (राज.) व वर्धमान सिंह चंपावत (राज.) ने हर्षपाल (राज.) व कुशाग्र भारद्वाज (राज.) को 6-1, 7-6 (1) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



## जयपुर न्यूज

### एबीवीपी की न्याय पदयात्रा हुंकार सभा के साथ हुई समाप्त

# 'बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपरलीक से युवाओं के भविष्य पर संकट'




**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** एबीवीपी की 3 अगस्त को करौली से शुरू हुई न्याय पदयात्रा का गुरुवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में न्याय हुंकार सभा के साथ समापन हो गया। न्याय पदयात्रा गुरुवार को आगरा रोड से राजस्थान विश्वविद्यालय पहुंची, यहां घूमर पांडाल में हजारों की संख्या में एबीवीपी के कार्यकर्ता न्याय हुंकार सभा में शामिल हुए।

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि राजस्थान का युवा अन्याय के विरुद्ध बिगुल बजा चुका है। राजस्थान में अपराध का आंकड़ा दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से बढ़ रहा है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपरलीक से प्रदेश के युवाओं का भविष्य संकट में है। उन्होंने कहा एबीवीपी अपनी आवाज तब तक उठाती रहेगी जब तक प्रदेश में अपराध खत्म नहीं हो जाता।

राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा ने इस दौरान कहा राजस्थान में जिस प्रकार से जनजाति बहनों के साथ अत्याचार व अपराध की घटनाएं हो रही हैं, वह अत्यंत दुखद व शर्मनाक हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा आज राजस्थान प्रदेश का युवा त्रस्त है- पीड़ा में है।

विद्यार्थी परिषद की न्याय यात्रा उस पीड़ा को दिखाने का साधन रही है। करौली सहित विभिन्न स्थानों पर प्रदेश में महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराध पीड़ा देने वाले हैं। नेतृत्व जहां उदाहरण देने वाला होना चाहिए वहीं राजस्थान का नेतृत्व पीड़ा देने वाला है। राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत ने कहा कि राजस्थान में अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को सरकार पुलिसिया दमन से डराने का प्रयास कर रही है, लेकिन छात्र डरेगा नहीं। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य पूनम शेखावत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गौतमी अहिरावल, जयपुर प्रांत मंत्री शौर्य जैमन, जोधपुर प्रांत मंत्री श्याम शेखावत, चित्तौड़ प्रांत मंत्री हर्षित निनोमा, राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष भारत यादव ने भी संभा को संबोधित किया।

### छात्रसंघ चुनाव के लिए भूख हड़ताल पर बैठे छात्र, सद्बुद्धि यज्ञ किया



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव को लेकर विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेता विनोद भूदोली ने छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर अनशन शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार एनएसयूआई की हार की डर से प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराना चाहती है। ऐसे में अगर अगले पांच दिनों में सरकार ने छात्रसंघ चुनाव का ऐलान नहीं किया गया बड़ी संख्या में प्रदेशभर के छात्र मुख्यमंत्री आवास और राजभवन का घेराव करेंगे। वहीं छात्र नेता प्रशांत ढाका ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन कर छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की।

### खिलाड़ियों ने किया पौधारोपण



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** यूनियन फुटबॉल क्लब की ओर से गुरुवार को रामनिवास बाग में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में फुटबॉल, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी, कोच, अभिभावकों व जेडीए अधिकाररियों ने कदम, आंवला, अमरूद, आदि के पौधे लगाए। क्लब द्वारा इस सत्र में 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर क्लब सचिव महिपाल स्वामी, कोऑर्डिनेटर अभिनव स्वामी, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, जेडीए के वरिष्ठ उद्यान विज्ञ कन्हैया लाल, आचार्य डॉ गरिमा शर्मा, आशीष जोहरी, निखलेश शर्मा उपस्थित रहे।

### माली सैनी समाज धरना प्रदर्शन



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** माली सैनी समाज के हजारों युवाओं ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के अध्यक्ष नेता चंद्र प्रकाश सैनी के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर समाज बंधुओं के साथ धरना दिया। वहीं पूर्व में मुख्यमंत्री की ओर से मानी गई पांच मांगों को लागू करने करने की मांग की। समाज बंधुओं ने कहा कि अगर मांगों का क्रियान्वयन जल्द से जल्द नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही साथ माली सैनी समाज ने यह भी मांग रखी कि पिछले प्रदर्शनों के दौरान जिन 84 लोगों पर सरकार ने मुकदमे चलाएं हैं, उन्हें भी वापस लिया जाए और उन्हें मुक्त किया जाए। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सैनी ने कहा कि अब माली सैनी समाज का युवा ना तो रुकने वाला है ना ही झुकने वाला है अब समाज अपनी बातों को लेकर चाहे वह आरक्षण से संबंधित हो चाहे वह 11 सूत्रीय मांगों से संबंधित हो। वे सब अपनी मांगों को मनवा करके ही दम लेंगे।

### महिला मंडल ने साधु-साध्वियों का लिया आशीर्वाद

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रताप नगर सेक्टर 8 की महिला मंडल ने आचार्यश्री सौरभ सागर का आशीर्वाद लेकर एक दिवसीय यात्रा की। प्रताप नगर से रवाना होकर सर्वप्रथम आमेर जैन मंदिर में विराजमान उर्जयतंसागर का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विराट नगर जैन मंदिर पारसनाथ भगवान के दर्शन किए। उसके बाद अलवर में विजय मति माताजी एवं अल्पना दीदी का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां से तिजारा चंदा प्रभु भगवान के दर्शन किए गए और इस तरह सावन और स्वतंत्रता दिवस को मनाते हुए रात को आरती कर जयपुर के लिए प्रस्थान किया। अध्यक्ष स्नेहलता सौगानी ने बताया कि 36 सदस्यों ने भक्तिपूर्ण यात्रा की और दर्शनों का लाभ लिया। हेमलता सौगानी मंत्री व गुणमाला कोषाध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक आज

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त लोकसभा पर्यवेक्षकों तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक शुक्रवार को सुबह 10 बजे प्रदेश कांग्रेस के वार रूम 7, हॉस्पिटल रोड में होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसुदन मिस्त्री मौजूद रहेंगे। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, अमृता धवन, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, राज्य पर्यवेक्षक शशिकांत सेंथिल सहित लोकसभा पर्यवेक्षक तथा कमेटी के सदस्य भाग लेंगे।

### कुरैशी समाज ने मुख्यमंत्री से की बोर्ड गठित करने की मांग

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** कुरैशी समाज ने मुख्यमंत्री से समाज विकास बोर्ड के गठन की मांग की है। अल कुरैश फाउंडेशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल हमीद कुरैशी ने बताया कि राज्य सरकार और विशेषकर मुख्यमंत्री सभी संप्रदायों व समाजों के विकास एवं उत्थान पर फोकस किए हुए हैं। लगभग सभी समाजों के विकास के लिए विभिन्न बोर्ड-निगम की स्थापना की गई। ऐसे में फाउंडेशन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि कुरैशी समाज के विकास के लिए बोर्ड का गठन करें।

### मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद मीना ने ड्यूटी के दौरान गांधीनगर प्लेटफार्म पर पूजा एक्सप्रेस के डिब्बे में मिले मोबाइल को वास्तविक मालिक को लौटाकर ईमानदारी की मिशाल पेश की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को गांधीनगर प्लेटफार्म पर गाड़ी संख्या 12413 पूजा एक्सप्रेस आकर रुकीं। इस दौरान कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद मीणा को कोच संख्या बी-01 की सीट नं. 61 के पास एक लावारिस फोन पड़ा मिला। उन्होंने इसे ड्यूटी अधिकारी सउनि गोपाल प्रसाद शर्मा को सौंप दिया। कुछ देर बाद उक्त फोन पर कॉल आई और एक व्यक्ति ने अपना नाम अंकित टांक बताते हुए अपनी पत्नी संतोष का होना बताया। कुछ देर बाद अग्रवाल फार्म मानसरोवर निवासी एक व्यक्ति पोस्ट पर आया और अपना नाम अजय कुमार सोयल बताते हुए मोबाइल मांगा और मोबाइल अपने दोस्त अंकित टांक की पत्नी संतोष का बताया। पुलिस ने पूछताछ के बाद मोबाइल अजय सोयल को सौंप दिया।

## पहली बार एक साथ सीएम योगी से मिले रालोद विधायक, जयंत चौधरी के एनडीए में जाने की चर्चाएं तेज



महानगर संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। ऐसा पहली बार हुआ है जब रालोद विधायक एक साथ सीएम से मिले हैं। ऐसे में सियासी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि राज्यसभा में दिल्ली बिल पर हुई वोटिंग में पहले रालोद प्रमुख जयंत चौधरी गायब रहे। अब विधायक सामूहिक रूप से सीएम से मिले। इस घटनाक्रम के सियासी मतलब निकाले जा रहे हैं। सियासी गलियारों में पहले ही जयंत के भाजपा के साथ जाने की अटकलें चल रही हैं। ऐसे में जयंत वोटिंग में नहीं पहुंचे तो इन अटकलों को और बल मिलने लगा। चर्चा है कि जयंत भाजपा आलाकमान के संपर्क में हैं। इधर बुधवार को रालोद के 9 में से 8 विधायक सीएम से मिले। केवल गुलाम मोहम्मद शामिल नहीं हो पाए क्योंकि, उस समय सदन में उनका प्रश्न लगा था। हालांकि रालोद विधायक कहते हैं कि वे प्रदेश में बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा देने, बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान करने, गन्ना मूल्य में वृद्धि करने, किसानों को फ्री बिजली देने के मामलों पर सीएम से मिले थे।

## कुख्यात नक्सली नेता प्रमोद मिश्रा गिरफ्तार, पुलिस रखने वाली थी एक करोड़ का इनाम

महानगर संवाददाता

**पटना।** गया के लुटुआ गांव से पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने माओवादी पोलित ब्यूरो के सदस्य और संगठन के विचारक प्रमोद मिश्रा को उसके एक साथी अनिल यादव के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गया के एसएसपी आशीष भारती ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। अब पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां दोनों से पूछताछ कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झारखंड सरकार ने उस पर एक करोड़ रुपए का ईनाम रखने वाली थी। इसकी कार्रवाई चल रही थी, इस बीच वह गिरफ्तार हो गया।

प्रमोद मिश्रा टिकारी ब्लॉक के जरही टोला गांव में एक रिश्तेदार से मिलने आया था, गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मिश्रा 14 नवंबर, 2021 के डुमरिया नरसंहार का मुख्य आरोपी था, जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, और फिर उन्हें एक पेड़ पर लटका दिया गया था। उनके घर को माओवादियों ने बम से उड़ा दिया था। बिहार के औरंगाबाद के कसमा गांव के रहने वाले प्रमोद मिश्रा 90 के दशक की शुरुआत में माओवादी संगठन में शामिल हो गए थे और माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर ऑफ इंडिया (एमसीसी) के एक प्रमुख नेता बन गए।

प्रमोद मिश्रा ने सोहन दा, शुक्ला जी, कन्हैया, जगन भारत, नूर बाबा, बीवी जी, अग्नि और बन बिहारी जैसे आठ उपनामों के तहत काम करते हुए उत्तरी राज्यों में माओवादी आधार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसमें हरियाणा, पंजाब, जम्मू और कश्मीर शामिल थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसका नाम 2006 में आतंकवाद पर संयुक्त राज्य अमेरिका की कंट्री रिपोर्ट में भी शामिल था।

## भाजपा सांसद से दस लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिला पुलिस ने भदोही से भाजपा सांसद डॉ. रमेश चंद्र से दस लाख की रंगदारी मांगने वाले आरोपी मिथिलेश को गिरफ्तार कर लिया है। नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त प्रणब तायल ने बताया कि मिथिलेश भदोही का ही रहने वाला है। उसने ही अपने मोबाइल से सांसद को कॉल कर दस लाख की रंगदारी मांगी थी। आरोपी के खिलाफ धमकी देने का एक मामला पहले से दर्ज है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मिथिलेश ने सांसद डॉ. बिंदु को दो से तीन कॉल की थी और पैसा नहीं देने पर उन्हें और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी मिथिलेश को दिल्ली ले आया गया है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि उप्र के भदोही से भाजपा सांसद डॉ. रमेश चंद्र बिंद से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया था। सांसद के सरकारी मोबाइल पर फोन कर रंगदारी मांगी गई थी। नहीं देने पर सांसद व उनके बेटे का अपहरण कर हत्या की धमकी दी गई थी। धमकी के बाद सांसद के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। नॉर्थ एवेन्यू थाना पुलिस ने जांच शुरू की थी। आरोपी के मोबाइल फोन की लोकेशन भदोही में मिली। मंगलवार रात सांसद के सरकारी आवास पर मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। पहली कॉल करीब एक मिनट 16 सेकंड की थी। इसमें फोन करने वाले ने उन्हें अपहरण की धमकी दी थी। साथ ही, अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। इसके बाद सांसद ने फोन काट दिया। धमकी देने वाले ने दोबारा फोन किया, पर सांसद ने फोन नहीं उठाया। कुछ समय बाद फिर से सांसद के मोबाइल पर फोन आया और करीब तीन मिनट तक बात हुई थी।

# ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे की मीडिया कवरेज पर रोक

### मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर जिला जज का आदेश



महानगर संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर में हो रहे एएसआई सर्वे के मीडिया कवरेज पर जिला जज ने पूरी तरह रोक लगा दी है।

मीडिया ट्रायल को लेकर मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने गुरुवार को आदेश दिया कि सर्वे से संबंधित कोई भी जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया पर प्रकाशित या प्रसारित नहीं होगी। अदालत ने हिन्दू और मुस्लिम पक्ष के साथ ही डीजीसी और अन्य अधिकारियों को आदेश दिया है कि सर्वे से संबंधित कोई भी जानकारी कोर्ट के अलावा किसी को नहीं देंगे। इसके साथ ही मीडिया को भी निर्देश दिया कि बगैर औपचारिक सूचना के सर्वे के सम्बन्ध में कोई समाचार प्रकाशित या प्रसारित किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

मुस्लिम पक्ष की ओर से जिला जज की अदालत में अर्जी देकर आरोप लगाया गया था कि सर्वे को लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में ऐसी बातें प्रकाशित और प्रसारित की जा रही हैं जो मनगढ़ंत हैं। इनका सच्चाई से कोई लेना देना नहीं है। यह भी कहा गया कि इससे देश का माहौल खराब होने की आशंका है। बुधवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुना और आदेश सुरक्षित कर लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि एएसआई सर्वे न्यायालय के आदेश पर चल रहा है। उसकी प्रकृति संवेदनशील है। एएसआई के अधिकारी भी सर्वे की रिपोर्ट केवल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं।

### सर्च अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, एक को गोली लगी

# नूंह हिंसा के आरोपियों का पुलिस एनकाउंटर

महानगर संवाददाता

**नूंह।** हरियाणा में नूंह जिले के तावडू में पुलिस और दंगाइयों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हो गई। नूंह पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक को गोली लगी है। पुलिस अरावली की पहाड़ियों में 31 जुलाई को हुई नूंह हिंसा के आरोपियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सूचना मिली थी कि 2 दंगाई राजस्थान के रास्ते तावडू से होते हुए नूंह आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने उन्हें तावडू के पहाड़ी में रोकने की कोशिश की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम गावरका निवासी मुनफेद और सैकुल हैं। दोनों के पास से अवैध कट्टा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से 4 से 5 राउंड फायर हुए। एनकाउंटर करीब एक घंटे तक चला।



#### अरावली की पहाड़ियों में छुपे दंगाई, ड्रोन से सर्च

नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा में शामिल संदिग्ध लोग अरावली की पहाड़ियों में छिपे हुए हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसटीएफ और पुलिस टीमों ने ड्रोन की मदद ली है, जिसके जरिए उनके ठिकानों को तलाश करने के बाद आरोपियों को हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस पहाड़ियों में छिपे 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। नूंह में अभी भी 11 अगस्त की रात 12 बजे तक नेट बंद और कर्फ्यू लागू है।

## गोवा नाइट क्लब में महिला से छेड़छाड़ का आरोपी डीआईजी पद से कार्यमुक्त

महानगर संवाददाता

**पणजी।** गोवा में तैनात आईपीएस अधिकारी ए कोआन को एक नाइट क्लब में महिला से छेड़छाड़ के आरोप में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद से मुक्त कर दिया गया। साथ ही उसे राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को रिपोर्ट करने का आदेश दिया है।

गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने बताया कि इस मामले की एक रिपोर्ट पहले ही राज्य सरकार को भेज दी गई है। बता दें, गोवा सरकार के अवर सचिव (कार्मिक विभाग) नाथिन अराउजो ने बुधवार शाम को आदेश दिया था कि कोआन तत्काल प्रभाव से डीजीपी को रिपोर्ट करें। गौरतलब है, बुधवार को विधानसभा में मामला उठाते हुए गोवा फॉरवर्ड पार्टी के विधायक विजय सरदेसाई ने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि राज्य में तैनात एक आईपीएस अधिकारी ने एक नाइट क्लब में एक महिला से छेड़छाड़ की।

## ईसीएल में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का शुभारम्भ



महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का शुभारंभ गुरुवार को ईसीएल में हुआ। कंपनी के निदेशक (तकनीकी) संचालन नीलाद्रि राय की अगुआई में मुख्यालय के शहीद स्मारक परिसर में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव मदन मोहन कुमार एवं विभागों के प्रधानों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। इसका उद्देश्य देश के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों को याद और उनका सम्मान करना, भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है।

## मणिपुर में एक और गैंगरेप पीड़िता सामने आई, कहा समाज के डर से चुप रही

महानगर संवाददाता

**इम्फाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर की एक मैतेई महिला ने कुकी समुदाय के लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि 3 मई को उपद्रवियों ने उसके घर में आग लगा दी थी। वह अपने दो बेटों, भतीजी और भाभी के साथ जान बचाने के लिए भागी, लेकिन भीड़ ने उसे पकड़ लिया। गालियां दीं, मारपीट की। विरोध किया तो गैंगरेप किया।

एफआईआर के मुताबिक महिला ने बताया कि 3 मई की शाम कुकी समुदाय के लोगों ने उसके गांव में हमला कर दिया और घरों में आग लगा दी। वह जान बचाने के लिए अपने दो बेटों, भतीजी और भाभी के साथ घर से भागी। इस दौरान वह लड़खड़ाकर गिर गई। ये देख भाभी पीछे लौट आईं, उन्होंने भतीजी को मेरी पीठ से उठाया। वे मुझे संभालने लगीं, लेकिन पीड़िता के अनुरोध करने पर वो भतीजी और मेरे दोनों बेटों को लेकर वहां से भाग गईं। पीछा कर रहे पांच-छह लोगों ने पीड़िता को पकड़ लिया और गैंगरेप किया। उसने वहां से राहत शिविर में जाकर जान बचाई। इसके बाद मैं इंफाल में क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान गई, लेकिन शर्म की वजह से डॉक्टर से मिले बिना ही वापस लौट आई। इससे पहले 19 जुलाई को मणिपुर से एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें कुछ लोग दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके ले जाते और उनसे अश्लील हरकतें करते नजर आ रहे थे। महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना 4 मई को राजधानी इंफाल से लगभग 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में हुई थी। मामले में एफआईआर 18 मई को दर्ज की गई। वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। 4 मई को ही कांगपोकपी जिले के कोनुंग ममांग इलाके में दो अन्य लड़कियों का रेप कर हत्या कर दी गई थी।

# उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन से आफत

## सीएम धामी ने सभी डीएम से लिया अपडेट

महानगर संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिए हैं।

केदारनाथ यात्रा के बेस कैंप गौरीकुंड में लगातार बारिश के बीच भूस्खलन की चपेट में आने से दो भाई-बहनों की मौत हो गई और तीसरा घायल हो गया। घटना के वक्त वे जिस झोपड़ी में सो रहे थे, वह भूस्खलन की चपेट में आ गया था। गौरीकुंड में पांच दिनों में यह दूसरा भूस्खलन था।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तराखंड के पौड़ी जिले में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। बचाव अभियान का नेतृत्व करने वाले राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के अधिकारी प्रवीण राठी ने बताया कि गुमखाल में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से पिता-पुत्र सहित चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया। कल्जीखाल ब्लॉक में मुंडनेश्वर के पास एक ऐसी ही दुर्घटना में एक कार 80 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिससे एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सुबह करीब 8 बजे ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन के ऊपर चट्टान गिरने से बस में यात्रा कर रही एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गई। वाहन जानकीचट्टी से बड़कोट आ रहा था।



#### अगले पांच दिन तक भीगता रहेगा हिमाचल

हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात का दौर जारी है। सिरमौर जिले में बादल फटने से एक गांव में पानी घुस गया। इस हादसे में एक मकान ढह गया। मकान के मलबे में एक ही परिवार के पांच लोगों के दबे होने की आशंका है। बादल फटने के बाद पोंटा को शल्लाई से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-707 का एक हिस्सा ब्लॉक हो गया, जिसके कारण प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को प्रभावित गांव तक पहुंचने में मुश्किलें आ रही हैं। आईएमडी के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक राज्य में बारिश का दौर जारी रहेगा। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसाद, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, तमिलनाडु में भारी बारिश और केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटे में मध्यम बारिश हो सकती है।

## सांसदों की 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली आज

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के तत्वावधान में 13 से 15 अगस्त तक पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाकर, लोगों को अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत शुक्रवार को सुबह 8 बजे प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सांसदों और मंत्रियों के साथ एक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया है।

बाइक रैली को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, जी किशन रेड्डी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। बाइक रैली इंडिया गेट सर्कल पहुंचेगी। इंडिया गेट के एक चक्कर को पूरा कर, कर्तव्य पथ को पार करेगी और मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में समाप्त होगी।

## महाराष्ट्र में विधायक पुत्र ने बिजनेसमैन का किडनैप किया, दूसरे पर पत्रकार को पिटवाने का आरोप

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक प्रकाश सुर्वे के बेटे राज सुर्वे के खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। राज सुर्वे पर आरोप है कि उसने एक म्यूजिक कंपनी के सीईओ राजकुमार सिंह का फिरौती के लिए अपहरण किया।

राजकुमार ने बताया कि उन्हें 9 अगस्त को उनके गोरेगांव ईस्ट स्थित ऑफिस से मारपीट कर किडनैप किया गया। यहां से उन्हें विधायक प्रकाश सुर्वे के कार्यालय ले जाया गया। राजकुमार ने पटना के मनोज मिश्रा को बिजनेस लोन दिया था। राज सुर्वे और उसके साथियों ने गनपॉइंट पर राजकुमार से इस लोन को खत्म करने के लिए कहा। साथ में यह भी कहा कि इसके बारे में किसी को न बताए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राजकुमार को बचाया। इसके बाद किडनैपिंग और वेपन एक्ट के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया। राज सुर्वे के अलावा 10-12 अन्य लोगों को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।



#### पत्रकार ने दर्ज कराया मामला

उधर, शिंदे गुट के दूसरे विधायक किशोर पाटिल के कार्यकर्ताओं पर एक पत्रकार की पिटाई करने का आरोप लगा है। संदीप महाजन नाम के पत्रकार ने आरोप लगाया है कि जलगांव बालिका हत्याकांड में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना करने के बाद विधायक ने अपने समर्थकों से उनकी पिटाई करवाई। पत्रकार ने इस संबंध में पुलिस में मामला दर्ज कराते हुए सुरक्षा की मांग की है।

## फैसला लिखते समय असिस्टेंट रजिस्ट्रार बेहोश, जज ने तुरंत बदला फैसला

### अदालत ने दिया था शिवलिंग हटाने का आदेश

महानगर संवाददाता

**कोलकाता।** जमीन को लेकर विवाद के एक मामले में सुनवाई और दलीलें सुनने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया तो कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को हैरान कर दिया। पूरे मामले की सुनवाई करने के बाद जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने विवादित भूमि पर स्थापित शिवलिंग को हटाने का ऑर्डर दे दिया। इसके बाद वहां मौजूद असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने जैसे ही यह ऑर्डर लिखना शुरू किया, तुरंत ही वह बेहोश हो गए। जिसके बाद अदालत ने भी अपना फैसला दिला दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार करे बेहोश देख वहां मौजूद सभी हैरान रह गए। जज ने तुरंत अपना फैसला बदल दिया और कहा कि हाई कोर्ट इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा। जज ने याचिकाकर्ताओं को निचली अदालत में जाने के लिए कह दिया। दरअसल, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के खिदिरपुर के रहने वाले गोविंद मंडल और सुदीप पाल के बीच जमीन के एक टुकड़े को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। पिछले साल मई महीने में दोनों पक्षों के बीच यह विवाद और बढ़ गया। इसी दौरान दोनों के बीच हिंसा की घटना भी हुई। आरोप है कि इसी दौरान गोविंद मंडल ने रातों-रात विवादित जमीन पर शिवलिंग को स्थापित कर दिया। सुदीप पाल ने मामले को स्थानीय पुलिस के पास उठाया और शिकायत की। बाद में यह मामला कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंच गया।

रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान सुदीप पाल के वकील ने कहा कि गोविंद मंडल ने अवैध तरीके से शिवलिंग को विवादित भूमि पर रखा है। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सेनगुप्ता ने अपना फैसला सुनाया और विवादित जमीन पर मौजूद शिवलिंग को हटाने का आदेश दिया। इसके बाद असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने फैसला लिखना शुरू कर दिया। जैसे ही वह शिवलिंग हटाने से जुड़ा ऑर्डर लिख रहे थे, तभी अचानक बेहोश हो गए। बाद में आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए एडमिट करवाया गया। बाद में कोर्ट ने भी अपना फैसलाबदलते हुए निचले अदालत का रुख करने के लिए कह दिय।

## ग्रेनाइट व्यवसायी और एचडी रेवन्ना के करीबी की हत्या

महानगर संवाददाता

**हासन।** कर्नाटक के हासन में एक ग्रेनाइट व्यवसायी और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के करीबी सहयोगी की बुधवार दोपहर अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। 53 वर्षीय व्यवसायी कृष्ण गौड़ा की हसन में उनकी ग्रेनाइट फैक्ट्री के सामने हत्या कर दी गई। चार अज्ञात हमलावरों ने कृष्ण गौड़ा को उनकी कार से बाहर निकाला और उन पर हथियारों से हमला किया। मीडिया समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, कृष्ण गौड़ा जेडीएस नेता और एचडी रेवन्ना के करीबी दोस्त भी थे।

### तहसीलदार से पूछा- शाहपुर गांव के भूखंड संख्या 1081 की स्थिति राजस्व अधिकारी ने समय-समय पर क्यों बदली

# बांके बिहारी मंदिर के नाम दर्ज जमीन की स्थिति बदलने पर हाईकोर्ट सख्त, तहसीलदार तलब

महानगर संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के बांके बिहारी मंदिर के नाम दर्ज जमीन को राजस्व अभिलेखों में पहले कब्रिस्तान फिर पुरानी आबादी दर्ज करने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही तहसीलदार छाता को 17 अगस्त को स्पष्टीकरण के साथ तलब किया है। कोर्ट ने तहसीलदार छाता से पूछा है कि शाहपुर गांव के भूखंड संख्या 1081 की स्थिति राजस्व अधिकारी द्वारा समय-समय पर क्यों बदली गई।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने श्री बिहारी जी सेवा ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका के अनुसार प्राचीन काल से ही गाटा संख्या 1081 बांके बिहारी महाराज के नाम से दर्ज था। भोला खान पठान ने राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से 1994 में इस भूमि को कब्रिस्तान दर्ज करा लिया।

#### जांच में सामने आया, फिर भी सुधार नहीं

जानकारी होने पर मंदिर ट्रस्ट ने आपत्ति दाखिल की। प्रकरण वक्फ बोर्ड तक गया और सात सदस्यीय टीम ने जांच में पाया कि कब्रिस्तान गलत दर्ज किया गया है। इसके बावजूद जमीन पर बिहारी जी का नाम नहीं दर्ज किया गया। इस पर यह याचिका की गई है।



# कैबिनेट ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी टैक्स लगाने के लिए जीएसटी कानून में बदलाव को दी मंजूरी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की पिछली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी टैक्स लगाने का फैसला लिया गया था। इसको अब केंद्रीय कैबिनट की भी मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुधवार को हुई थी और इसमें जीएसटी काउंसिल के फैसले पर मुहर लगा दी गई जिसके तहत ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगाने की सिफारिश की गई थी। जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी के तहत सीजीएसटी और आईजीएसटी अधिनियमों में संशोधन को पिछले हफ्ते मंजूरी दी थी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अपनी बैठक में सीजीएसटी और आईजीएसटी कानूनों में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

जीएसटी काउंसिल ने दो अगस्त को अपनी 51वीं बैठक में कसीनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग में सप्लाई पर टैक्सेशन स्पष्ट करने के लिए सीजीएसटी अधिनियम 2017 की अनुसूची तीन में संशोधन की सिफारिश की थी। जीएसटी काउंसिल ने विदेशी संस्थाओं की ओर से दिए गए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर जीएसटी तय करने के लिए आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में एक प्रावधान डालने की भी सिफारिश की है। ऐसी संस्थाओं को भारत में जीएसटी रजिस्ट्रेशन हासिल करना जरूरी होगा।

**1 अक्टूबर से लागू हो जाएंगे टैक्सेशन के नियमः** जीएसटी अधिनियम में संशोधित प्रावधान एक अक्टूबर से लागू होंगे। यह ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन मनी गेमिंग, ऑनलाइन गेम के भुगतान के लिए उपयोग किए जाने वाले डिजिटल ऐसेट्स और ऑनलाइन गेमिंग के मामले में सप्लायर्स को परिभाषित करेगा।

# देश में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ रहा क्रेज, ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑर्डर वॉल्यूम में ग्रोथ




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज लोगों के बीच पिछले कुछ सालों बहुत तेजी से बढ़ा है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म यूनिकॉमर्स ने अपनी सालाना रिपोर्ट में यह खुलासा किया है कि वित्त वर्ष 2023 में ऑनलाइन खरीदारी करने वाले की संख्या तेजी आई है। खास बात ये है कि कोविड लॉकडाउन खत्म होने के बाद कई ऑफिस ने वर्क फ्रॉम होम को खत्म करके कर्मचारियों को ऑफिस बुला लिया है। इसके बाद लोग छोटे शहरों से बड़े शहर चले गए हैं। ऐसे में इसका असर ऑनलाइन शॉपिंग पर भी दिख रहा है।

ऑफिस में वर्क फ्रॉम होम की फैसिलिटी खत्म होने के बाद से ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले कई लोग छोटे से बड़े मेट्रोपोलिटन शहर और टियर-1 शहरों में शिफ्ट हो गए हैं। ऐसे में टियर-1 शहरों में ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में तेजी से बढ़त दर्ज की गई है। रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है कि टियर-1 शहरों में ऑर्डर वॉल्यूम में सालाना के आधार पर 31.1 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। वहीं टियर-2 और टियर-3 शहरों में ऑनलाइन शॉपिंग में 23.3 फीसदी और 22.4 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि छोटे शहरों में ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि ग्राहक अब ज्यादा वक्त ऑनलाइन गुजार रहे हैं। ऐसे में ई-कॉमर्स कंपनियां भी लोकल मार्केट के साथ साझेदारी करके ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

**ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों की संख्या में इजाफाः** ई-कॉमर्स इंडस्ट्री में 26।2 फीसदी की सालाना बढ़त दर्ज की गई है। वहीं जीएमवी में सालाना आधार पर 23।5 फीसदी का इजाफा हुआ है। ध्यान देने वाली बात ये है कि वैसे तो ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों की संख्या में बढ़त दर्ज की गई है, लेकिन छोटे शहरों में इसका क्रेज घटा है। पिछले साल टियर-1 और टियर-2 शहरों में ई-कॉमर्स का हिस्सा 19।2 फीसदी और 38.6 फीसदी था जो अब घटकर 18.6 फीसदी और 37.1 फीसदी रह गया है।

**इन चीजों की रही सबसे ज्यादा डिमांडः** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ई-कॉमर्स के जरिए ग्राहकों ने सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक आइटम मंगवाए हैं। पिछले साल के मुकाबले इलेक्ट्रॉनिक चीजों की मांग में 46.8 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। वहीं पर्सनल केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट्स की मांग में 26.6 फीसदी और 18.9 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। यूनिकॉमर्स के सीईओ कपिल मखीजा ने कहा कि ई-कॉमर्स सेक्टर अब अलग-अलग इंडस्ट्री के लिए कमाई का मुख्य जरिया बन गया है। ऐसे में अब बाकी मार्केट के बजाय ई-कॉमर्स सेक्टर में पिछले कुछ सालों में तेजी से ग्रोथ दर्ज की गई है।

संसद में बोलीं वित्त मंत्री

# वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के लिहाज से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर : सीतारमण

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि आज आर्थिक विषयों में दुनियाभर में संकट का समय है। 2022 में दुनिया की अर्थव्यवस्था सिर्फ 3 फीसदी से कुछ ऊपर रही है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, वैश्विक विकास दर 2023 में 2.1 फीसदी पर आ जाएगी। ब्रिटेन में सबसे चुनौतीपूर्ण समय है और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 14 बार लगातार बढ़ाया है। उसका ब्याज दर 15 साल में सबसे ज्यादा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में ये बातें कहीं हैं।

उन्होंने कहा है कि भारत अपने भविष्य के विकास के बारे में आशावादी और सकारात्मक होने की एक दुर्लभ स्थिति में है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपीए के कार्यकाल में बैंकों की हालत खराब थी, आज वे मजबूत स्थिति में हैं।



उन्होंने कहा कि यूरोजोन भी काफी मुश्किल में है। वे संघर्ष का सामना कर रहे हैं। चीन एक बढ़ती अर्थव्यवस्था है। मैं अपनी अर्थव्यवस्था की उससे तुलना नहीं करुंगी, लेकिन जिसे मजबूत माना जाता था, वह आज कस्टमर की कमी से जूझ रहा है। चीन का सिचुएशन, यूके का सिचुएशन, यूरोजोन का सिचुएशन। अमेरिका को भी डाउनग्रेड किया गया, जिसकी वजह से उसका शेयर मार्केट डंवाडोल हुआ है। हमें इन हालात को देखते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को समझना चाहिए।

## भारत की अर्थव्यवस्था को कभी नाजुक कहने वाले अब हमारी कर रहे प्रशंसा

उन्होंने कहा कि 2013 में मॉर्गन स्टेनली ने भारत को दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल किया था। भारत को नाजुक अर्थव्यवस्था घोषित कर दिया गया। आज उसी मॉर्गन स्टेनली ने भारत को अपग्रेड कर ऊंची रेटिंग दी है। केवल 9 वर्षों में हमारी सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था ऊपर उठी और कोविड के बावजूद आर्थिक विकास हुआ। आज हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। आज देश सबसे तेज विकास दर वाली अर्थव्यवस्था है। हमारी जीडीपी ग्रोथ 2022-23 के लिए 7.2 फीसदी है। इसके 2023-24 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान रखा गया है। बाकी इकोनॉमी के बढ़ने का अनुमान नीचे रखा गया है।

## पीएम मोदी ने आर्थिक पॉलिसी में किया सुधार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि 2014 से पीएम मोदी ने हमारी पॉलिसी को इतना सुधारा कि जिसकी वजह से कोविड संकट को पार करते हुए भी रिकवरी के रास्ते में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। जनधन योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, आयुष्मान भारत, जन औषधि केंद्र ऐसी योजनाओं से सबको फायदा पहुंचाने का काम हुआ है। छह दशकों से हम सुन रहे थे गरीबी हटाओ, लेकिन ऐसा हुआ क्या? अब आप साफ देख पा रहे हैं कि गरीबी कैसे हटा रहे हैं।

# आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024 के लिए बढ़ाया महंगाई का अनुमान, जेडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी पर रखा बरकरार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति में लिए गए फैसलों को सुनाते हुए आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को नई मौद्रिक नीति का ऐलान किया। 8 से 10 अगस्त तक चले एमपीसी की बैठक में एक बार फिर से रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला लिया गया। यह लगातार तीसरी बार है जब एमपीसी ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले अप्रेल और जून में हुई एमपीसी की बैठक में रेपो रेट को स्थिर रखा गया था। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि फिलहाल रेपो रेट 6.5 फीसदी पर ही स्थिर रहेगा। वहीं महंगाई दर के लक्ष्य को आरबीआई ने बढ़ा दिया है।

आरबीआई गवर्नर ने ये भी कहा कि वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी की ग्रोथ का अनुमान आरबीआई ने 6.50 फीसदी पर कायम रखा है और कई देशों की अर्थव्यवस्था से बेहतर रहने वाली है। भारत दुनिया के लिए आर्थिक वृद्धि का इंजन बना है।

**मांग में सुधार से बढ़ेगी जीडीपीः** गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में रोजमर्रा की खपत के सामान की बिक्री बढ़ी, जो ग्रामीण मांग में सुधार का संकेत माना जा रहा है। खरीफ की कटाई के साथ यह और सुधरेगी। दो हजार का नोट वापस लेने से और सरकार को डिविडेंड की वजह से सरप्लस लिक्विडिटी का स्तर बढ़ा है। इसका असर देश की आर्थिक विकास गतिविधियों पर देखा जाएगा। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, आने वाले त्योहारों के दौरान निजी उपभोग और निवेश गतिविधियों को सपोर्ट मिलने की उम्मीद है।

**रियल जीडीपी ग्रोथ का अनुमानः** वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में रियल जीडीपी ग्रोथ 8 फीसदी रहने का अनुमान है। इसकी अगली तिमाही यानी वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में रियल जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी पर रहने का अनुमान है। तीसरी तिमाही में 6 फीसदी और चौथी तिमाही में रियल जीडीपी ग्रोथ 5.7 फीसदी पर रह सकती है। पूरे वित्त वर्ष के लिए रियल जीडीपी ग्रोथ 6.60 फीसदी रह सकती है।



## महंगाई को लेकर आरबीआई का अनुमान

आरबीआई को इस बार महंगाई के लक्ष्य में इजाफा करना पड़ा है और वित्त वर्ष 2024 में इसका लक्ष्य 5.1 फीसदी से बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि टमाटर की कीमतों में उछाल और अनाज, दालों के दाम बढ़ने से महंगाई पर असर देखा जा सकता है, हालांकि आगे चलकर सब्जियों की कीमतों में बड़ा सुधार हो सकता है। हालिया हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता रही है और डिमांड तथा सप्लाई की अनिश्चितताओं के कारण इस क्षेत्र में कई आशंकाएं हैं।

## चारों तिमाहियों में ऐसी रहेगी महंगाई दर

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया है। दूसरी तिमाही में रिटेल महंगाई दर 6.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 5.7 फीसदी और चौथी तिमाही में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान रह सकता है। आरबीआई गवर्नर ने ये भी बताया कि महंगाई आरबीआई के टारगेट से ज्यादा रही है, लेकिन आरबीआई 4 फीसदी की महंगाई दर हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

## करेंट अकाउंट घाटा काफी हद तक दायरे में

आरबीआई गवर्नर ने बताया कि चालू खाते का खाता काफी हद तक तय दायरे में है और इसके जरिए सर्विस एक्सपोर्ट और विदेश में रहने वाले भारतीयों की ओर से भेजे जाने वाले धन से मदद मिलेगी। अप्रेल-मई के दौरान शुद्ध रूप से फॉरेन डायरेक्ट इंवेस्टमेंट (एफडीआई) गिरकर 5.5 अरब डॉलर हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10.6 अरब डॉलर था।

## जनवरी 2023 से भारतीय रुपया स्थिर

आरबीआई गर्वनर ने कहा कि जनवरी 2023 से भारतीय रुपया स्थिर बना हुआ है और विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के पार हो गया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देना जारी रखेगा और फ्लोटिंग ब्याज दर वाले कर्ज के लिए ब्याज दरें नए सिरे से तय करने के लिए एक पारदर्शी प्रणाली का प्रस्ताव रखा गया है। रिजर्व बैंक का कर्ज लेने वाले ग्राहकों को निश्चित ब्याज दर की ओर शिफ्ट होने की अनुमति देने को एक ढांचा लाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# बिना इंटरनेट के अब ज्यादा कर पाएंगे भुगतान

## आरबीआई ने बढ़ाई यूपीआई लाइट पेमेंट की लिमिट




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने यूपीआई लाइट को लेकर गुरुवार को अहम फैसला लिया है। अपनी मौद्रिक नीति का ऐलान करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने घोषणा की है कि अब बिना इंटरनेट के यूपीआई लाइट के जरिए यूजर्स 200 के बजाय 500 रुपए तक का पेमेंट कर पाएंगे। आरबीआई के यूपीआई लिमिट में बढ़ोत्तरी के ऐलान से देश में डिजिटल पेमेंट की पहुंच और ज्यादा बढ़ेगी।

**यूपीआई में होगा एआई का इस्तेमालः** शक्तिकांत दास ने कहा कि डिजिटल पेमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम को जोड़ने में मदद करेगा और यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाएगा। इसके साथ ही आरबीआई निकट क्षेत्र संचार का इस्तेमाल करके यूपीआई लाइट पेमेंट की भी अनुमति देगा।

**यूपीआई लाइटः** आमतौर पर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के जरिये पेमेंट करने के लिए इंटरनेट की जरूरत पड़ती है, लेकिन यूपीआई लाइट से यूजर्स 500 रुपए तक का पेमेंट बिना इंटरनेट के भी कर सकते हैं। यह एक एक ऑन डिवाइस वॉलेट सुविधा है, जिसमें यूजर्स रियल टाइम में छोटे अमाउंट का पेमेंट बिना यूपीआई पिन के कर सकते हैं। आरबीआई ने यूपीआई लाइट में अधिकतम 2,000 रुपए तक का बैलेंस रखने की सुविधा दी है।

# अब प्याज निकालेगा आंसू सितंबर में बढ़ सकती हैं कीमतें

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** टमाटर की आसमान छूती कीमत ने पहले ही लोगों को लाल कर रखा है। अब आने वाले दिनों में प्याज की कीमत में तेजी आम लोगों के आंखों से आंसू निकालने वाली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्याज की कीमतें आने वाले दिनों में 60 से 70 रुपए प्रति किलो तक जा सकती है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलीजेंस एंड एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सप्लाई-डिमांड में खाई होने के चलते अगस्त के आखिर में प्याज की कीमतों में उछाल देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट ने अपने ग्राउंड रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रिटेल मार्केट में प्याज की कीमतों बढ़कर सितंबर महीने में 60 से 70 रुपए प्रति किलो तक जा सकती है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि प्याज की कीमतों में तेजी के बावजूद 2020 के मुकाबले कीमत कम रहेगी, जब कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला था।

रिपोर्ट के मुताबिक रबी सीजन में पैदा होने वाले प्याज का शेल्फ लाइफ 1 से 2 महीने कम होता है और इस वर्ष फरवरी-मार्च में पैनिक सेलिंग के चलते ओपन मार्केट में प्याज की स्टॉक में अगस्त सितंबर में कमी देखने को मिलेगी। इस दौरान डिमांड और सप्लाई में मिसमैच देखने को मिल सकता है। हालांकि सरकार लगातार प्याज के डिमांड और सप्लाई पर नजर बनाये हुए हैं और कीमतों में तेज उछाल के बाद सरकार दखल दे सकती है। सरकार का दावा है कि उसके पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।



दरअसल, पिछले महीने भारी बारिश के चलते किसानों ने जो प्याज स्टोर किया हुआ था वो खराब हो गया है।एक तरफ पहले से टमाटर, अदरक, मिर्च, लहसुन और दूसरी सब्जियों की कीमतें आम लोगों को परेशान कर रही है। अब अब प्याज की कीमतें बढ़ी तो आम लोगों के खाने के स्वाद का जायका बिगड़ सकता है।

## घाटे का सौदा बन रहे फिक्स्ड डिपॉजिट

**नई दिल्ली।** पिछले 1-2 महीने से खुदरा महंगाई बढ़ने के बाद भी रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इस बीच बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों को कम करना शुरू कर दिया है। इससे लगता है कि बैंक एफडी के सबसे अच्छे दिन अब गुजर चुके हैं। पिछले 2 महीने के दौरान कम से कम 5 बैंकों ने एफडी पर ब्याज दरें कम की हैं। एक्सिस बैंक ने एफडी की दरों में 0.10 फीसदी तक की कटौती की है। नई दरें 26 जुलाई से प्रभावी हो चुकी हैं। इसी तरह पीएनबी ने एफडी रेट में 0.05 फीसदी की कटौती की है। पीएनबी की नई दरें 1 जून से प्रभावी हो गई हैं।

**सबसे ज्यादा पीएनबी की कटौतीः** बैंक ऑफ इंडिया ने तो एफडी के ब्याज में सबसे ज्यादा 1 फीसदी तक की कटौती की है। बैंक ऑफ इंडिया की नई ब्याज दरें 28 जुलाई से लागू हुई हैं।

# अब घर खरीदना हुआ और भी महंगा टॉप आठ शहरों में बढ़ी कीमतें

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** खुद का घर खरीदना और भी महंगा हो चुका है। क्रेडाई-कोलियर्स-लियासेस फोरास हाउसिंग के मुताबिक, पूरे भारत में आवास की औसत कीमतें 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान 7 फीसदी बढ़कर 9,625 रुपए प्रति वर्ग फीट हो गईं। यह बढ़ोत्तरी मजबूत आवास मांग के कारण हुई है। कुल आठ शहरों में आवास की कीमतों में बढ़ोत्तरी देखी गई है। कोलकाता में सालाना आधार पर 15 फीसदी की सबसे ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है। इसके बाद दिल्ली एनसीआर में 14 फीसदी और हैदराबाद में 13 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड महामारी के कारण रुकी हुई मांग अब फिर बढ़ चुकी है, जिस कारण घर की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं उम्मीद है कि आगामी त्योहारी सीजन में ये मांग बरकरार रहेगी। 2023 की दूसरी तिमाही में कोलकाता में कुल आवास की कीमतों में साल-दर-साल 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है, जो भारत के शीर्ष आठ शहरों में सबसे अधिक है। शहर में आवास की कीमतें पिछली सात तिमाहियों से बढ़ रही हैं। आवास की कीमतों में हालिया उछाल सकारात्मक सरकारी प्रोत्साहनों जैसे स्टांप शुल्क में 2 फीसदी की कटौती और सितंबर 2023 तक 10 फीसदी तक कम सर्किल दरों के विस्तार से बढ़ी मांग के कारण है।

# वंडर होम फाइनेंस ने पांच वर्ष पूर्ण किए

**जयपुर।** वंडर होम फाइनेंस के सफल 5 वर्ष पूर्ण होने पर एक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरके ग्रुप एवं वंडर होम फाइनेंस के चेयरमैन अशोक पाटनी ने कर्मचारियों को पिछले पांच वर्षों में उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया। चेयरमैन पाटनी ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हम अपने मेहनती मार्गदर्शकों और प्रतिबद्ध कर्मचारियों की टीम से आने वाले वर्षों में अपने ग्राहकों को खुद का घर खरीदने का सपना पूरा करने में मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर अशोक पाटनी ने कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने और ग्राहकों को प्रभावी ढंग से सेवा देने में टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। अशोक पाटनी ने कहा कि वर्तमान में आसमान छू रही कीमतों के कारण खुद का घर खरीदना



एक सपना सा लगता है। ऐसे में एक विश्वसनीय गृह ऋण संस्थान की आवश्यकता होती है, वंडर होम फाइनेंस ने इस जरूरत को पूरा करते हुए राजस्थान के बाहर गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड सहित 8 राज्यों में फैली 85 शाखाओं के नेटवर्क के साथ पांच वर्ष पूर्ण किए हैं और 1000 करोड़ के एयूएम का लक्ष्य भी हासिल किया है।

# एशिया में 15 साल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे चावल के दाम

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों में पूरी दुनिया में चावल की कीमत में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। इसका असर एशियाई मार्केट पर भी दिखने लगा है और यहां चावल की कीमत लगभग 15 सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। भारत के गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक और थाईलैंड में सूखे के कारण हुई कम पैदावार का असर चावल के दाम पर दिखने लगा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, थाई राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने आंकड़े जारी करते हुए कहा है कि 5 फीसदी टूटा थाई राइस की कीमत अक्टूबर 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर 648 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गई है। पिछले साल के मुकाबले चावल की



कीमत में 50 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है।

## भारत ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर लगाया है बैन

भारत ने हाल ही में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है। इस कारण वैश्विक स्तर पर चावल की कीमत में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। भारत के चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने से ग्लोबल सप्लाई चेन पर बहुत बुरा असर पड़ा है। इसके बाद थाईलैंड जैसे देशों में कम उत्पादन ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। इस कारण वैश्विक आपूर्ति में बड़ी कमी देखने को मिल रही है। भारत चावल के वैश्विक निर्यात में 40 फीसदी तक हिस्सेदार है। ऐसे में मोदी सरकार के गैर बासमती चावल के बैन के फैसले के बाद वैश्विक स्तर पर इसके प्राइस में बड़ी अस्थिता देखने को मिल सकती है।

## एशिया-अफ्रीका पर पड़ेगा असर

चावल एशिया और अफ्रीका के मुख्य अनाज में से एक है, जिससे दोनों महाद्वीप के करोड़ों लोग अपना पेट भरते हैं। ऐसे में चावल की बढ़ती कीमतों का असर कई देशों पर सीधे तौर पर पड़ सकता है और इससे उनके इंपोर्ट बिल में जबरदस्त इजाफा होने की उम्मीद है। अलनीनो के असर के कारण थाईलैंड में चावल की फसलों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। ऐसे में थाईलैंड सरकार ने किसानों को सलाह दी है कि वह कम पानी की जरूरत वाली फसलों को लगाएं, जिससे पैदावार पर कम असर पड़े। गौरतलब है कि थाईलैंड में इस साल अलनीनो के कारण 40 फीसदी तक कम बारिश हुई है। इसका असर चावल की फसलों पर दिख रहा है और इस साल उत्पादन कम होने की उम्मीद है।

# साइबर ठगों पर दूरसंचार विभाग सख्त, बंद हुए 50 लाख फर्जी मोबाइल कनेक्शन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भोले-भाले लोगों के साथ ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह पर सरकार कई स्तरों पर कार्रवाई कर रही है। इसके लिए रिजर्व बैंक, गृह मंत्रालय, बैंक और दूरसंचार विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन कनेक्शन को लेकर सख्ती की शुरुआत की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार विभाग ने कार्रवाई के तहत अब तक 1.14 करोड़ एक्टिव मोबाइल फोन कनेक्शन की स्क्रीनिंग की है। इनमें से करीब 60 लाख मोबाइल फोन कनेक्शन फ्रॉडलेंट पाए गए हैं। दूरसंचार विभाग इनमें से करीब 50 लाख मोबाइल फोन कनेक्शन को पहले ही बंद कर चुका है और अब बाकी बचे कनेक्शन भी बंद किए जा रहे हैं। साइबर ठगों के गिरोह के लिए फ्रॉडलेंट मोबाइल कनेक्शन काफी बड़ी भूमिका निभाते हैं। साइबर ठगी के लगभग सारे मामले ऐसे ही मोबाइल कनेक्शन से अंजाम दिए जाते हैं।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



पहले से बसी कॉलोनियों में आमूलचूल बदलाव के लिए जेडीए ले रहा कॉलोनाइजर की मदद

# न्यू हेरिटेज सिटी का आधार तय करेंगे सैंपल रोड, चौपड़ और गेट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए ने न्यू हेरिटेज सिटी बसाने की दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। अब यहां बसावट के आधार के लिए सैंपल रोड, चौपड़ और गेट बनाए जाएंगे। रोड और गेट के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही इन दोनों कार्यों के लिए टेंडर सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। सितंबर में न्यू हेरिटेज सिटी के लिए रोड और गेट का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। उधर जेडीए यहां पहले से बसी कॉलोनियों में न्यू हरिटेज सिटी के हिसाब से आमूलचूल बदलाव के लिए कॉलोनाइजर की मदद भी ले रहा है।

जेडीए न्यू हेरिटेज सिटी में सैंपल के तौर पर 12, 18 और 36 मीटर की सड़क के साथ गेट भी बनाएगा। यहां 3.33 करोड़ रुपए की लागत से 36 मीटर चौड़ी और 400 मीटर लंबी रोड बनाई जाएगी। इसके अलावा 1.28 करोड़ रुपए की लागत से गेट भी बनाया जाएगा। वहीं आगामी दिनों में चौपड़ की बाहरी 18 मीटर की रोड भी बनाई जाएगी। जमीन का मामला साफ होने पर चौपड़ भी बनाई जाएगी। जेडीए द्वारा बनाई गई सड़क, गेट और चौपड़ के आधार पर ही यहां पर कॉलोनाइजर द्वारा भी अपनी योजनाओं में गेट, सड़क और चौपड़ बनाई जाएगी।

जानकारी के अनुसार जयपुर के परकोटा की तर्ज पर जेडीए आगरा रोड के दक्षिण में रिंग रोड के दोनों ओर न्यू हेरिटेज सिटी विकसित कर रहा है। इसके विकास में जेडीए एवं निजी विकासकर्ताओं द्वारा जयपुर शैली के एलिमेंट्स और नगर नियोजन पद्धति का समावेश किया जाएगा। इस विशिष्ट योजना का क्षेत्रफल 13 वर्ग किमी प्रस्तावित है, इसमें से आंशिक क्षेत्र इकोलॉजिकल और रिंग रोड के अंतर्गत आता है। इस योजना को मिश्रित भू-उपयोग को आधार मानकर मूर्तरूप दिया जाएगा। इसमें 9 चौकड़ी, 9 दरवाजे, चौड़ी सड़क, चौकड़ी पार्क के साथ आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, मिश्रित भू-उपयोग नियोजित रूप से विकसित किए जाएंगे।

### योजना के लिए अलग से पट्टे जारी करने का बनाया प्रारूप

हेरिटेज सिटी की योजनाओं एवं भूखंडों के लिए पृथक से पत्रावली हेरिटेज लुक में तैयार की गई है। इस योजना के लिए अलग से 90-ए का प्रारूप तैयार किया गया है। वहीं योजना के लिए अलग से पट्टे जारी करने का प्रारूप भी बनाया गया है। जेडीए यहां पहले से बसी कॉलोनियों में न्यू हरिटेज सिटी के हिसाब से रोड और आबादी क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव कराने के लिए कॉलोनाइजर की मदद भी ले रहा है। आवेदन मिलने पर जेडीए कुछ कॉलोनियों को स्वीकृति भी दे चुका है।



गांधी जयंती पर जयपुर में आयोजित होगी अहिंसा क्रांति रैली : गहलोत

# महाविद्यालयों में महापुरुषों के नाम से बने केंद्रों को मिलेगी आर्थिक सहायता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में गांधी दर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों से नई पीढ़ी को रूबरू करवाने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। इसी क्रम में गांधी जयंती के अवसर पर जयपुर में अहिंसा क्रांति रैली का आयोजन किया जाएगा।

इस रैली के माध्यम से गांधीजी के सिद्धांतों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में उत्पन्न परिस्थितियां चिंताजनक हैं। देश के अन्य हिस्सों में इस तरह का वातावरण ना निर्मित हो, इसके लिए गांधी दर्शन का प्रचार-प्रसार महत्वपूर्ण है।

गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम जोधपुर में महात्मा गांधी जीवन दर्शन पर आयोजित 'गांधियन वे ऑफ वर्ल्ड पीस एंड नॉन वायलेंस इन कन्टेम्परेरी टाइम्स' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के महाविद्यालयों में संचालित गांधी अध्ययन केंद्र, नेहरू अध्ययन केंद्र, अंबेडकर अध्ययन केंद्र एवं महिला अध्ययन केंद्र आदि के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की।



### प्रदेश के आवासीय विद्यालयों के विकास के लिए 21.56 करोड़ रुपए मंजूर

राज्य सरकार प्रदेश में वंचित तबके के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के आधुनिकीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 21.56 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से इन आवासीय विद्यालयों में ओपन जिम, खेलकूद सामग्री, चपाती मशीन, स्मार्ट इन्टरेक्टिव टीचिंग बोर्ड के साथ विभिन्न शिक्षण सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा इन आवासीय विद्यालयों में अनुरक्षण, मरम्मत एवं निर्माण के विभिन्न कार्य किए जा सकेंगे। इससे इन आवासीय विद्यालयों में रहने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ट वातावरण मिल सकेगा तथा उनका शैक्षिक एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

### 'सत्य और अहिंसा का कोई विकल्प नहीं'

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्य और अहिंसा का कोई विकल्प नहीं है। अहिंसा के बल पर महात्मा गांधी ने देश में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया। गांधीजी के सिद्धांतों में संवेदनशीलता की भूमिका महत्वपूर्ण है। गांधी दर्शन का प्रसार करने के लिए राज्य में शांति एवं अहिंसा विभाग खोला गया है। साथ ही जयपुर में गांधी दर्शन म्यूजियम बन रहा है। प्रदेश में लाखों बच्चे गांधी दर्शन का प्रशिक्षण ले रहे हैं। गहलोत ने कहा कि राजभवन में संविधान पार्क की स्थापना की गई है। प्रदेश में 2500 महात्मा गांधी सेवा केंद्र खोलने की घोषणा की गई है। इनमें गांधी सेवा-प्रेरक के रूप में युवाओं को जोड़ने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन से शांति, अहिंसा, सत्य एवं अपरिग्रह जैसे आदर्शों को समाहित करने से समाज को एक नई दिशा मिल सकती है।



प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

## राजस्थान विवि में 6 करोड़ की लागत से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सिंथेटिक ट्रैक बनाने के लिए 6 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं अभ्यास के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में वर्ष 2023-24 के बजट में घोषणा की थी।



मुख्य सचिव ने सचिवालय में आयोजित बैठक में दिए निर्देश

# प्रदेश में सभी सरकारी इमारतों में होंगे पीएनजी और सीएनजी के प्रावधान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश की सभी सरकारी इमारतों में पाइपलाइन से पीएनजी और सीएनजी सप्लाई के लिए प्रावधान करेगी। राज्य सरकार ने गुरुवार को शासन सचिवालय में प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के साथ हुई बैठक में प्रदेश में सीएनजी और घरेलू पीएनजी नेटवर्क के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने इस कार्य के लिए बोर्ड के समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें सभी अवरोधों को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

शर्मा ने कहा कि नेचुरल गैस का उपयोग कोयले से अधिक स्वच्छ है। प्रदेश में कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) तथा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के अधिकतम उपयोग के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क्स के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने का काम शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने प्रदेश में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क्स के विकास को गति देने के लिए जिलों में बनाई गई समितियों की संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा नियमित बैठक कर समीक्षा करने को भी कहा। साथ ही उन्होंने बोर्ड के प्रतिनिधियों से प्रदेश के सभी सरकारी घर, सरकारी कार्यालय, सरकारी कॉलोनी तथा सरकारी अस्पतालों एवं होटलों में पीएनजी और सीएनजी लाने के प्रावधान करने को भी कहा। बैठक में पीएनजीआरबी चेयरमैन अनिल कुमार जैन, खान एवं भूविज्ञान विभाग के निदेशक संदेश नायक तथा पीएनजीआरबी के सदस्य मौजूद रहे।

# केंद्रीय आयुष वैज्ञानिक पीठ ने किया एनआईए का निरीक्षण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा मनोनीत प्रतिष्ठित आयुष वैज्ञानिक पीठ के पांच सदस्यीय दल ने गुरुवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया। इस दल में डॉ. नंदिनी के. कुमार, डॉ. अरविंद चौपड़ा, डॉ. शर्मिला शेखर मांडे, डॉ. मधु दीक्षित, डॉ. बी.एन. गंगाधर शामिल हैं। एनआईए के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

पीठ ने एनआईए की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने विभाग के कार्यों से पीठ को अवगत करवाया। आयुष वैज्ञानिक पीठ द्वारा संस्थान के माधव सिंह बघेल समिति कक्ष में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, प्रति-कुलपति प्रो. मीता कोटेचा, कुलसचिव प्रो. ए.राममूर्ति विभागाध्यक्षों, सभी संकाय सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों, प्राध्यापकों, आवासीय चिकित्साधिकारियों, फार्मेकोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट व मैटर्न के साथ संस्थान की गतिविधियों पर चर्चा की।



प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में रणनीतिक, सुसंगत एवं प्रभावी अनुसंधान और साक्ष्य आधारित अनुवाद के माध्यम से आयुर्वेद में अनुसंधान के क्षितिज के विस्तार को दृष्टिगत करना है, ताकि बहु-संस्थागत सहयोग के लिए अंतःविषय संस्कृति, अनुसंधान क्षमता और जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए संस्थान का मार्गदर्शन हो सके। इससे अनुसंधान के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित आयुष वैज्ञानिक पीठ की बहुमूल्य विशेषज्ञता का लाभ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के शिक्षण के क्षेत्र में मिलेगा।

## अनुजा निगम के ऋण के लिए 31 तक किया जा सकेगा आवेदन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड जयपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय निगमों के ऋण आवेदन 31 अगस्त स्वीकार किए जाएंगे।

अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि ऋण आवेदन के लिए पोर्टल 26 जुलाई से 31 अगस्त तक खोला गया है। इस पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र व्यक्ति विभिन्न उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में ऋण सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



## 12 बीघा भूमि पर बसाई जा रहीं तीन अवैध कॉलोनियों का निर्माण ध्वस्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए ने गुरुवार को जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 11 और जोन-2 में 1 बीघा निजी खातेदारी जमीन पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी के निर्माणों को ध्वस्त किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-12 स्थित ग्राम नींदड़ में सनसिटी के पीछे नराना की ढाणी में 8 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर, कालवाड़ रोड पर ग्राम सांचोती में करीब 3 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर सीता विहार के नाम से और जोन-2 में स्थित आंकेड़ा डूंगर में करीब 1 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए ग्रेवल-मिट्टी की सड़कें, चारदीवारी सहित अन्य निर्माण को ध्वस्त किया गया।

'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत होगा आयोजन

# जयपुर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगाए जाएंगे 75 पौधे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हरित जयपुर का सपना साकार करने के लिए जयपुर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75 पौधे लगाए जाएंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत होने वाले इस कार्यक्रम में आमजन भी अपनी भागीदारी निभाएंगे।

जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून के दौरान विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से इस वर्ष 10 लाख पौधरोपण का अभियान जारी है। 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस अभियान की मॉनिटरिंग स्वयं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह कर रही हैं।

अभियान के तहत अब तक 5 लाख 78 हजार पौधे रोपे जा चुके हैं। सीईओ ने सभी अधिकारियों को 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए हैं।

पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के क्रम में डॉ. शिल्पा सिंह ने जिले के समस्त अधिकारी, कार्मिकों, जनप्रतिनिधियों, सिविल सोसायटी एवं आमजन से अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

जनता में राजनीतिक चेतना जगाने के लिए अभियान चलाने की जरुरत पर दिया जोर

# सांगानेर की सूरत बदलने जुटे जागरूक लोग, किया मंथन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं और समाधान को लेकर गुरुवार को सहकार मार्ग स्थित महानगर भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा शिक्षा, चिकित्सा, वकालत, सेना से जुड़े जिम्मेदार व्यक्ति शामिल हुए। वक्ताओं ने सांगानेर की समस्याओं पर अपनी बात रखी। सभी ने एक स्वर में कहा कि राजनीतिक चेतना के बिना सांगानेर की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए विधानसभा चुनाव में योग्य उम्मीदवार को ही विधायक बनाकर भेजना होगा। वक्ताओं का कहना था कि जब सभी विधायकों को सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए बराबर राशि मिलती है तो सांगानेर की सूरत मालवीयनगर विधानसभा जैसी क्यों नहीं है। लगता है सरकार ने जयपुर को कभी राजस्थान की राजधानी के रूप माना ही नहीं है। क्या कारण है कि यहां एक एम्स नहीं है। आईआईटी नहीं है। आईआईएम नहीं है। जयपुर एयरपोर्ट से सांगानेर की दूरी दो किलोमीटर भी नहीं है, लेकिन दोनों के विकास की तुलना की जाए तो जमीन-आसमान का अंतर है। पूरे जयपुर का भ्रमण कर व्यक्ति जब सांगानेर पहुंचता है तो यहां की टूटी सड़कों, बेतरतीब यातायात व्यवस्था देखकर भविष्य में कभी नहीं आने की सोचता है।



### 'एकजुटता से होगा समस्याओं का समाधान'

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महानगर टाइम्स के संस्थापक संपादक डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि एकजुटता और आपसी सहयोग से ही किसी समस्या से निपटा जा सकता है।

इसी एकजुटता से देश और प्रदेश आगे बढ़ेगा। लोकतंत्र में व्यक्ति की आवाज इतनी बुलंद होनी चाहिए कि सरकार में बैठे लोग उस पर गौर करें। यह बात किसी भी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी का नाम तय करने पर भी लागू होनी चाहिए। प्रत्याशी जनता से पूछकर तय हो न कि जबरन थोपा जाए। सांगानेर का विकास कैसे हो, यह कैसे जयपुर की राजधानी बने, सांगानेरी प्रिंट को विश्व स्तर पर एक नई पहचान कैसे मिले, जल प्रदूषण की समस्या का स्थाई समाधान क्या हो आदि का समाधान जनता को अपनी राजनीतिक सूझबूझ से देना होगा। सर्व समाज को मिलकर इसका निर्णय लेना होगा।

### क्या बोले वक्ता

- शेर बहादुर सिंह ने कहा कि सांगानेर से श्रेष्ठ प्रत्याशी के लिए सभी को क्षेत्र में राजनीतिक चेतना जगानी होगी, तभी हमारा मकसद पूरा होगा।
- शुभकरण कुमावत ने कहा कि सांगानेर में चुनाव के दौरान प्रत्याशी हर बार वादे करते हैं और भूल जाते हैं। सांगानेर की जनता विकास के लिए बाट जोह रही है। सांगानेर में बच्चों के लिए खेलने के लिए पर्याप्त मैदान तक नहीं है।
- युवा समाजसेवी अभिषेक शर्मा ने कहा कि बीसलपुर बांध का पर्याप्त पानी सांगानेरवासियों को नहीं मिल रहा है, जबकि पाइपलाइन यहीं से होकर गुजर रही है। सांगानेरी प्रिंट उद्योग दम तोड़ रहा है, सरकार की ओर से कोई खास कदम नहीं उठाए गए। यहां के व्यापारी और स्थानीय लोग इस बार बदलाव चाहते हैं। प्रत्याशी ऐसा हो जो विधायक बनकर सांगानेर के लिए काम करे।
- सिंधी समाज के समाजसेवी पुरुषोत्तम बच्चानी ने कहा कि इस बार सांगानेर की जनता ने बहुत उम्मीदें पाल रखी हैं। स्थानीय जनता परिवर्तन का मानस बना चुकी है।
- हरनाम सिंह सिकरवार, मेघराज, जयसिंह भगासरा, सुरेश चंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, रामबाबू सैनी, मनमोहन महार, राहुल धानका, गौरीशंकर अग्रवाल एवं अन्य ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रामबाबू सैनी, दिनेश हिंदू, राम सैनी, श्रीकांत, खंडेलवाल समाज उपाध्यक्ष केके रेला, भाजपा युवा नेता महेश बोहरा, अमित गोनेर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, समाजसेवी राजेश शर्मा मानसरोवर, कैलाश शर्मा, नीरज पाथरी, लोकेश शर्मा, समाजसेवी पंडित मनीष शर्मा, मेहरा समाज के प्रभु नारायण मेहरा, गोविंद मेहरा, मोहन मेहरा सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। लोकेश शर्मा ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। सम्पादक: गोपाल शर्मा, कार्यकारी प्रभारी : जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2021-23